# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

https://epaper.shubhamsandesh.net

रांची, मंगलवार 12 अगस्त 2025 ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष 03, संवत 2082 ● रांची एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 126 ● मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12


**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.3 | 23.4 |
| डालटनगंज | 33.2 | 25.3 |
| धनबाद | 33.6 | 26.8 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

'वोट चोरी' पर विपक्ष के मार्च में बवाल : बैरिकेड्स से कूद गए अखिलेश, महुआ मोइत्रा-मिताली हुईं बेहोश

# हिरासत में लिए गए राहुल-प्रियंका समेत कई सांसद, बाद में रिहा

एजेंसियां। नयी दिल्ली

बिहार में एसआईआर के विरोध में विपक्ष ने सोमवार को संसद भवन से चुनाव आयोग कार्यालय तक विरोध मार्च शुरू किया. इस दौरान विपक्षी सांसदों को रोकने के लिए परिवहन भवन में पुलिस बैरिकेड्स लगा दिए. उन्हें चुनाव आयोग की ओर आगे बढ़ने से रोक दिया गया. पुलिस की ओर से रोके जाने के बाद अखिलेश यादव, महुआ मोइत्रा समेत कई सांसदों ने बैरिकेड्स पर चढ़ने की कोशिश. कुछ सांसद बैरिकेड्स से कूदकर सड़क पर धरने पर बैठ गए. पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे सांसदों को समझाने की कोशिश की, लेकिन जब सांसदों ने सड़क से हटने से इनकार किया तो राहुल-प्रियंका गांधी समेत सभी सांसदों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया. टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा प्रदर्शन के दौरान बेहोश हो गईं. इस दौरान वे पुलिस की बस में थीं. महुआ को बस में ही राहुल गांधी ने पानी पिलाया. बंगाल के आरामबाग से ही एक दूसरी सांसद मिताली प्रदर्शन के दौरान बेहोश हो गईं. उन्हें लिटाकार साथी नेताओं ने पानी के छींटे मारे. इसके बाद राहुल गांधी उन्हें पकड़कर ले गए. कई घंटे तक चले विपक्ष और पुलिस के बीच टकराव के बाद शाम को सभी सांसदों को रिहा कर दिया गया.



**पुलिस ने क्यों रोका :** दरअसल, चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता जयराम रमेश को पत्र लिखकर दोपहर 12.30 बजे मिलने के लिए बुलाया था. आयोग ने उनसे 30 सांसदों के साथ आने को कहा था और आने से पहले उन सांसदों की सूचना देने की बात कही थी. इसी के मद्देनजर पुलिस ने प्रदर्शनकारी सांसदों से कहा कि 30 लोग चुनाव आयोग के दफ्तर तक जा सकते हैं. इसके लिए पैदल या वाहन जैसे विकल्प चुन सकते हैं. हालांकि, विपक्ष इसके लिए तैयार नहीं हुआ. पुलिस ने सांसदों से आगे नहीं बढ़ने को कहा. इस दौरान लाउडस्पीकर से घोषणा की गई.

**विपक्ष का मार्च क्यों :** खरगे और शरद पवार समेत विपक्षी सांसदों को पुलिस ने बीच रास्ते में ही रोक दिया. करीब 300 सांसद रोके जाने पर सड़क पर ही बैठ गए और एसआईआर व 'वोट चोरी' के आरोपों के विरोध में नारे लगाने लगे. उन्होंने पोस्टर लिए और एसआईआर को वापस लेने की मांग करते हुए नारे लगाए. 'एसआईआर' और 'वोट चोरी' लिखी हुई लाल क्रॉस वाली सफेद टोपी पहने प्रदर्शनकारी सांसदों ने तख्तियां और बैनर लहराकर एसआईआर प्रक्रिया के खिलाफ नारे लगाए. इससे पहले संसद के मकर द्वार पर विरोध मार्च शुरू करने से पहले उन्होंने राष्ट्रगान गाया.



### हिरासत में राहुल-प्रियंका समेत तमाम सांसद

प्रियंका गांधी ने कहा कि हमने हिम्मत की है. सरकार डरी हुई है. सरकार कायर है. राहुल गांधी ने कहा कि हकीकत ये है कि वो बात नहीं कर सकते. सच्चाई देश के सामने है. ये लड़ाई राजनीतिक नहीं है. ये लड़ाई संविधान बचाने की है. ये लड़ाई एक व्यक्ति, एक वोट की है. हम एक साफ-सुथरी मतदाता सूची चाहते हैं. चुनाव आयोग के कहने पर मैं क्यों हलफनामा दूं. आखिर ये डेटा तो उसी का है, जिसे मैंने सार्वजनिक किया है. पुलिस ने राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, संजय राउत और सागरिका घोष सहित विपक्षी गठबंधन के सांसदों को हिरासत में ले लिया. हिरासत में लिए जाने के बाद कांग्रेस सांसद रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि क्या जेल की सलाखें राहुल गांधी और विपक्ष को रोक पाएंगी? अब एक ही नारा है- बोल रहा है पूरा देश, वोट हमारा छू के देख. इस देश की जनता ने मोदी सरकार और चुनाव आयोग की साझेदारी को नकार दिया है.

### राहुल ने गंभीर सवाल उठाए

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा, मेरे लिए यह मुद्दा बहुत सीधा है. राहुल गांधी ने कुछ गंभीर सवाल उठाए हैं. ये गंभीर जवाबों के हकदार हैं. चुनाव आयोग की न केवल देश के प्रति, बल्कि अपनी ओर से भी जिम्मेदारी है कि जनता के मन में हमारे चुनावों की विश्वसनीयता को लेकर कोई संदेह न रहे. चुनाव पूरे देश के लिए मायने रखते हैं. हमारा लोकतंत्र इतना अनमोल है कि इसे इस संदेह से खतरे में नहीं डाला जा सकता कि कहीं डुप्लीकेट वोटिंग तो नहीं, कहीं कई पते तो नहीं, या कहीं फर्जी वोट तो नहीं. अगर लोगों के मन में कोई संदेह है, तो उसका समाधान किया जाना चाहिए. इन सवालों के जवाब उपलब्ध हो सकते हैं, लेकिन ये जवाब विश्वसनीय होने चाहिए. मेरा बस यही अनुरोध है कि चुनाव आयोग इन सवालों को लेकर उनका समाधान करे.

## ब्रीफ न्यूज

### मानहानि मामले में मेधा को नहीं मिली राहत

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना की ओर से 25 साल पहले दायर किए गए मानहानि मामले में सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर को कोई राहत नहीं दी है. कोर्ट ने उनकी दोषसिद्धि और सजा को बरकरार रखते हुए दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप से इनकार कर दिया है. न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि हम इस मामले में दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने के लिए इच्छुक नहीं है. हाईकोर्ट ने पाटकर को अच्छे आचरण की परिवीक्षा पर रिहा किया था, लेकिन उन्हें हर तीन साल में एक बार निचली अदालत में पेश होने को कहा था.

### पुणे में दर्दनाक हादसा 9 महिलाओं की मौत

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे जिले के खेड में सोमवार को दोपहर एक पिकअप वाहन के गहरी खाई में गिरने से 9 महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 25 यात्री घायल हो गए. सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पुलिस ने बताया कि पुणे के खेड में पिकअप वाहन से करीब 35 महिलाएं श्रावणी सोमवार के अवसर पर दर्शन के लिए श्रीक्षेत्र कुंडेश्वर जा रही थीं. इसी दौरान पिकअप चालक ने अचानक वाहन से नियंत्रण खो दिया और वाहन सडक़ किनारे पहाड़ से सीधे खाई में जा गिरा. इस हादसे में नौ महिलाओं की मौत हो गई और 25 महिलाएं घायल हो गईं. इनमें से कुछ की हालत अधिक गंभीर बतायी गई है.

### जेलेंस्की ने पीएम मोदी से की बात

**नयी दिल्ली।** यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने पीएम नरेंद्र मोदी के साथ अहम और विस्तारपूर्ण चर्चा की. इस बातचीत में द्विपक्षीय सहयोग, कूटनीतिक स्थिति, और युद्ध को समाप्त करने की संभावनाओं पर बात हुई. जेलेंस्की ने रूस के हमलों और यूक्रेन की शांति प्रयासों में भारत के समर्थन की सराहना की. जेलेंस्की ने कहा कि उन्होंने पीएम मोदी से लंबी बातचीत की, जिसमें दोनों देशों के बीच सहयोग और वैश्विक कूटनीतिक स्थिति पर चर्चा हुई. उन्होंने पीएम मोदी के यूक्रेन के प्रति सहानुभूति और समर्थन के लिए आभार जताया. उन्होंने रूस द्वारा यूक्रेन के शहरों और गांवों पर किए जा रहे हमलों की जानकारी दी.

### कर्नाटक में हलचल मंत्री ने दिया इस्तीफा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के सहकारिता मंत्री के एन राजन्ना ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है. मुख्यमंत्री कार्यालय के एक शीर्ष सूत्र ने बताया कि राजन्ना ने विधान सौधा में मुख्यमंत्री के साथ बैठक की. इस बैठक के बाद उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया. कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने सहकारिता मंत्री के एन राजन्ना का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है. यह मामला सोमवार को विधानसभा सत्र के दौरान चर्चा का विषय बन गया, जब भाजपा विधायकों ने कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री एचके पाटिल और राजन्ना से इस मामले पर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की.

विपक्ष के हंगामे के बीच मॉनसून सत्र के 16वें दिन हुआ कामकाज

# टैक्स विधेयक समेत लोस से 4, रास से 5 बिल पारित

एजेंसियां। नयी दिल्ली

संसद के चालू मॉनसून सत्र के चौथे हफ्ते की शुरुआत सोमवार को जोरदार सियासी रस्साकशी के साथ हुई. विपक्षी दलों के सदस्यों ने दोनों सदनों में जोरदार हंगामा किया. वहीं, सत्तापक्ष भी मानों यह मन बनाकर आया हो कि जितने पेंडिंग बिल हैं, सब एक ही दिन में पारित करा लेने हैं. जोरदार हंगामे के बीच सोमवार को लोकसभा से चार और राज्यसभा से पांच विधेयक पारित हुए.

संसद के दोनों सदनों से एक ही दिन में कुल मिलाकर नौ विधेयक पारित हुए, जिनमें इनकम टैक्स बिल, टैक्सेशन लॉ (अमेंडमेंट) बिल से लेकर मणिपुर बजट और मणिपुर जीएसटी बिल जैसे महत्वपूर्ण विधेयक भी शामिल हैं. कुछ विधेयकों पर संक्षिप्त चर्चा हुई, तो कुछ बगैर चर्चा के ही पारित हो गए. लोकसभा में इनकम टैक्स बिल और टैक्सेशन लॉ (अमेंडमेंट) बिल वित्त मंत्री ने पेश किए. ये बिल बगैर चर्चा के ही पारित हो गए.

**लोकसभा से पारित हुए ये विधेयक :** लोकसभा से दो बिल जहां बगैर चर्चा के पारित हो गए, वहीं दो अन्य विधेयकों पर संक्षिप्त चर्चा हुई और जोरदार हंगामे के बीच ही संबंधित विभाग के मंत्री ने चर्चा का जवाब दिया. इनकम टैक्स और टैक्सेशन लॉ के अलावा लोकसभा से नेशनल स्पोर्ट्स बिल और नेशनल एंटी डोपिंग बिल भी पारित हुए हैं. दोपहर दो बजे जब सदन की कार्यवाही दूसरी बार शुरू हुई, खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने ये दोनों विधेयक विचार एवं पारित किए जाने के लिए पेश किए. जब ये दोनों विधेयक पेश हुए, तब विपक्ष सदन में नहीं था. इन विधेयकों पर संक्षिप्त चर्चा हुई. चर्चा के दौरान ही विपक्षी सदस्य सदन की कार्यवाही में शामिल होने पहुंचे और वेल में आकर नारेबाजी शुरू कर दी. हंगामे के बीच ही संक्षिप्त चर्चा के बाद मंत्री मंडाविया ने इसका जवाब दिया. दोनों विधेयक लोकसभा से पारित हो गए. इसके बाद सदन की कार्यवाही शाम चार बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई थी. शाम चार बजे जब सदन की कार्यवाही तीसरी बार शुरू हुई, लोकसभा में इनकम टैक्स बिल और टैक्सेशन लॉ अमेंडमेंट बिल पेश होते ही पारित कर दिए गए.



### राज्यसभा से ये बिल हुए पारित

राज्यसभा से भी जोरदार हंगामे के बीच कुल पांच विधेयक पारित हुए. उच्च सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे दूसरी बार शुरू होते ही वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने मणिपुर बजट 2025-26, मणिपुर गुड्स एंड सर्विस टैक्स (अमेंडमेंट) बिल 2025 और मणिपुर विनियोग (नंबर 2) बिल 2025 पेश किए. ये विधेयक जब उच्च सदन में पेश किए गए, तब विपक्षी सदस्य सदन में मौजूद नहीं थे. मणिपुर से संबंधित इन विधेयकों पर बीजेपी के राज्यसभा सदस्य महाराजा संजाओबा लेशंबा ने चर्चा की शुरुआत की. चर्चा के दौरान ही विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने एसआईआर के मुद्दे पर ज्ञापन देने के लिए चुनाव आयोग के कार्यालय मार्च करने का मुद्दा उठाया. इस पर नेता सदन जेपी नड्डा ने कहा कि ये बिल से संबंधित नहीं है, इसलिए रिकॉर्ड में नहीं जाना चाहिए. उन्होंने आसन से बिल पर चर्चा जारी रखने की अपील की. आसन पर डॉक्टर सस्मित पात्रा थे. राज्यसभा में कांग्रेस संसदीय दल के उपनेता प्रमोद तिवारी जेपी नड्डा की बात पर पॉइंट ऑफ ऑर्डर रेज करते हुए कहा कि किसका भाषण जाएगा, इसका फैसला आसन से होता है. यहां नेता सदन की ओर से कहा जा रहा है कि विपक्ष के नेता की बात कार्यवाही से निकाल दी जाए. जोरदार हंगामे के बीच ही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने तीनों विधेयकों पर हुई संक्षिप्त चर्चा का जवाब दिया और इसके बाद तीनों विधेयक ध्वनिमत से पारित हो गए. राज्यसभा में पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने मर्चेंट शिपिंग बिल पेश किया. संक्षिप्त चर्चा के बाद सोनोवाल ने जवाब दिया और हंगामे के बीच ही यह बिल भी ध्वनिमत से पारित हो गया. कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने गोवा विधानसभा में अनुसूचित जनजाति के लिए सीटें आरक्षित करने का बिल भी राज्यसभा में पेश किया, जिसे संक्षिप्त चर्चा के बाद पारित कर दिया गया. इस बिल पर हुई चर्चा में तीन सदस्य शामिल हुए. इसके बाद राज्यसभा में सपेशल मेंशन की कार्यवाही चली और फिर सदन 12 अगस्त को दिन में 11 बजे तक के लिए स्थगित करने की घोषणा कर दी गई.

### नेशनल स्पोर्ट्स बिल बीसीसीआई भी दायरे में

लोकसभा में राष्ट्रीय खेल विधेयक और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी संशोधन विधेयक बिल पास कर दिया गया. नेशनल स्पोर्ट्स बिल के दायरे में बीसीसीआई भी आ गया है. युवा कार्य एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने ये दोनों बिल सोमवार को लोकसभा में पेश किए. इन दोनों बिल का मकसद भारत को भविष्य में खेलों की महाशक्ति बनाना है. वैसे नेशनल स्पोर्ट्स बिल का उद्देश्य देश में सभी खेलों के संचालन को नियंत्रित करना है. अब नेशनल स्पोर्ट्स बोर्ड का गठन होगा, जो बीसीसीआई समेत सभी खेल महासंघों पर नजर रखेगा. लॉस एंजेलिस ओलंपिक 2028 का हिस्सा क्रिकेट भी होने जा रहा है. इसके चलते बीसीसीआई को भी राष्ट्रीय खेल संघ के रूप में रजिस्ट्रेशन कराना होगा. खेल विधेयक के तहत नेशनल स्पोर्ट्स ट्रिब्यूनल का भी गठन किया जाएगा, जिसे सिविल कोर्ट के समान अधिकार होंगे. ये ट्रिब्यूनल चयन प्रक्रिया और चुनाव से जुड़े विवादों का निपटारा करेगा. इसके खिलाफ अपील सुप्रीम कोर्ट में की जा सकेगी.

**एंटी-डोपिंग बिल में क्या प्रावधान? :** उधर नेशनल एंटी डोपिंग संशोधन विधेयक वाडा (वर्ल्ड एंटी डोपिंग एजेंसी) की आपत्तियों को दूर करने के बाद संशोधित रूप में लोकसभा में पेश हुआ. नेशनल एंटी डोपिंग बिल 2022 में पारित हुआ था, लेकिन वाडा की आपत्तियों के चलते इसे तब लागू नहीं किया गया था. वाडा इस बात से खुश नहीं था कि इसके तहत एक नेशनल बोर्ड फॉर एंटी-डोपिंग इन स्पोर्ट्स बनाया जाता. बोर्ड में एक चेयरपर्सन और दो सदस्य होते, जिन्हें सरकार नियुक्त करती. इस बोर्ड को नाडा पर निगरानी रखने और उसे निर्देश देने का अधिकार रहता. वाडा ने इसको सरकारी हस्तक्षेप माना. संशोधित बिल में बोर्ड को बरकरार रखा गया है, लेकिन अब इसे नाडा पर निगरानी रखने या उसे सलाह देने का अधिकार नहीं होगा. संशोधित बिल में साफ कर दिया गया है कि नाडा को पूरी तरह स्वतंत्र रूप से काम करने का अधिकार होगा.

ऑपरेशन सिंदूर के बीच सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी की गंभीर चेतावनी

# जल्द हो सकता है खतरनाक युद्ध जरूर किसी के साथ आएगा दुश्मन

एजेंसियां। नयी दिल्ली

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने खतरनाक युद्ध की चेतावनी दी है और कहा है कि इस बार दुश्मन को किसी और देश का समर्थन भी मिल सकता है. सेना प्रमुख का ये बयान ऐसे समय में सामने आया है, जब पाकिस्तान के सेना प्रमुख और फील्ड मार्शल आसिम मुनीर अमेरिका के दौरे पर हैं. हालांकि, जनरल द्विवेदी ने किसी देश का नाम नहीं लिया और उनका यह बयान भी 4 अगस्त का है, जिसका वीडियो सेना ने रविवार 10 अगस्त को जारी किया.

एक रिपोर्ट के अनुसार सेना प्रमुख ने किसी देश का नाम लिए बिना खतरे की आशंका को रेखांकित किया और कहा, अगली बार यह (खतरा) कहीं ज्यादा हो सकता है और वह देश इसे अकेले करेगा या किसी और देश के समर्थन से करेगा, हमें नहीं पता, लेकिन, पूरा यकीन है, मुझे लगता है कि वह देश अकेला नहीं होगा. यहीं हमें सावधान रहना होगा. उन्होंने कहा, हम शतरंज की बाजी खेल रहे थे और दुश्मन भी शतरंज की चालें चल रहा था. कहीं हम उन्हें शह और मात दे रहे थे, तो कहीं हम अपनी जान गंवाने के जोखिम पर भी उसे मात देने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन जिंदगी का यही मतलब है. जनरल द्विवेदी ने जोर देकर कहा कि जहां तक ग्रे जोन का सवाल है, यह हमेशा मौजूद है और रहेगा. उन्होंने विस्तार से बताए बिना कहा, अगला युद्ध जिसकी हम कल्पना कर रहे हैं, वह जल्द हो सकता है. हमें तैयारी करनी होगी, हमें यह लड़ाई मिलकर लड़नी होगी. सेना प्रमुख ने कहा कि अकेले सेना इसे नहीं लड़ेगी.



उन्होंने कहा, अगर मैं अपने नजरिए से इसे देखूं, तो भारत ढाई मोर्चों का सामना कर रहा. अगर जमीनी सीमा की बात करें तो भारत के लोगों की मानसिकता के मद्देनजर विजय की मुद्रा जमीन के रूप में बनी रहेगी.सेना प्रमुख ने कहा कि जहां तक ऑपरेशन सिंदूर का सवाल है, सेना शतरंज खेल रही थीं और इस शह और मात के खेल में, कुछ दिख रहा था तो कुछ दिखाई नहीं दे रहा था. अगर कुछ दिखाई नहीं दे रहा था, तो हो सकता है कि दूसरे देश दुश्मन की मदद कर रहे हों. यह टेस्ट मैच चौथे दिन रुक गया, यह 14 दिन, 140 दिन, 1400 दिन भी जारी रह सकता था. हमें नहीं पता, लेकिन हमें इन सब के लिए तैयार रहना होगा.

### ओडिशा में एक और लड़की ने खुद को लगाई आग, मौत

एजेंसियां। भुवनेश्वर

ओडिशा के बरगढ़ जिले के एक गांव में खुद को आग लगाने वाली 13 वर्षीय स्कूली छात्रा ने सोमवार को बुर्ला के अस्पताल में दम तोड़ दिया. पुलिस ने बताया कि बुर्ला स्थित एम्स में लड़की की मौत हो गई. लड़की की ओर से यह कदम क्यों उठाया गया? इसके कारणों की जांच हो रही है. पुलिस ने उसके परिवार की शिकायत पर अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया है. घटना की जांच के लिए तीन सदस्यीय पुलिस दल का गठन किया गया है. पुलिस ने लड़की से जुड़ा एक वीडियो भी बरामद किया है. उत्तरी रेंज के आईजी हिमांशु लाल ने बताया कि लड़की छात्रावास में रह रही थी और अपने मामा के घर आई थी, जहां उसने यह आत्मघाती कदम उठाया. एक फुटबॉल मैदान में ग्रामीणों को अधजली हालत में मिली थी.

पाक के सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने दी न्यूक्लियर अटैक की धमकी तो भारत का पलटवार, कहा

# ऐसी धमकियों से नहीं झुकेंगे

एजेंसियां। नयी दिल्ली

पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर की ओर से अमेरिका में दिए गए विवादित बयान पर भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है. मुनीर ने फ्लोरिडा के टाम्पा शहर में एक जनसभा में कथित तौर पर कहा कि पाकिस्तान एक परमाणु शक्ति देश है और अगर उन्हें लगा कि उनका देश डूब रहा है, तो वे अपने साथ आधी दुनिया को भी अपने साथ डुबो देंगे.



भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस बयान को परमाणु हथियार लहराने का एक और उदाहरण बताया और कहा कि यह पाक की कमजोरी को उजागर करता है. भारत ने कहा कि ऐसे देश में, जहां सेना का आतंकी संगठनों से संबंध है, वहां से ऐसी बातें दुनिया के लिए चिंता का विषय हैं. भारत ने इस बात पर खेद जताया कि पाकिस्तान ने इस तरह की धमकी एक तीसरे मित्र देश (अमेरिका) की धरती से दी है.

### भारत नहीं झुकेगा ब्लैकमेल के आगे

भारत ने साफ किया कि वह किसी भी परमाणु ब्लैकमेल के आगे नहीं झुकेगा और अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाएगा. हम शांति के पक्षधर हैं लेकिन बात राष्ट्रीय सुरक्षा की आती है, तो कोई समझौता नहीं किया जाएगा. मुनीर का यह बयान कोई नई बात नहीं है.

परीक्षा का बदलता पैटर्न : स्कूलों से खत्म होगा पढ़ाई में अब रटने-रटाने का जमाना!

# अब 9वीं में सीबीएसई कराएगा ओपन बुक एग्जाम

शुभम संदेश डेस्क

बीते कुछ वर्षों में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) बोर्ड परीक्षा पैटर्न में काफी बदलाव देखने को मिले हैं. अब बोर्ड की ओर से एनसीएफएसई 2023 के तहत क्लास 9 में ओपन बुक असेसमेंट को लागू करने की मंजूरी दी है. यह बदलाव शैक्षणिक सत्र 2026-27 से शुरू हो जाएगा. स्टूडेंट्स के लिए यह कॉन्सेप्ट बिलकुल नया है और उन्हें इसके बारे में कुछ भी नहीं पता है. कई देशों में ये कई सालों से चला आ रहा है.

ओपन बुक एग्जाम कोई नया प्रयोग नहीं है. यूरोप के लॉ कॉलेजों में इसकी शुरुआत कई सौ साल पहले ही हो चुकी थी. जिसके कई सालों बाद यह धीरे-धीरे अन्य कॉलेज और यूनिवर्सिटीज में फैल गया. आज के समय में यूनाइटेड किंगडम के ए-लेवल एग्जाम, नीदरलैंड की ज्यादातर यूनिवर्सिटीज, अमेरिका के कुछ कॉलेज, सिंगापुर और हांगकांग के कई संस्थान, और कनाडा के कुछ राज्यों में हाईस्कूल स्तर तक यह सिस्टम अपनाया जाता है.

### क्या होता है ओपन बुक एग्जाम

इस सिस्टम में छात्र परीक्षा के दौरान किताबें, नोट्स और अन्य स्टडी मटीरियल का इस्तेमाल कर सकते हैं. सुनने में यह बेहद आसान लगता है. जैसे, सवाल आया और किताब पलटकर जवाब ढूंढ लिया. लेकिन असली चुनौती यहीं से शुरू होती है. यहां सिर्फ किताब में से लाइन कॉपी कर देना काम नहीं आता. नंबर तभी मिलेंगे जब छात्र जवाब को समझकर, अपनी भाषा में लिखेगा. स्टूडेंट्स को पता होना चाहिए कि सवाल किस टॉपिक से जुड़ा है, उसका कॉन्सेप्ट क्या है और आप उसे अपने शब्दों में किस तरह समझा सकते हैं. इस तरह की परीक्षा छात्रों की गहरी समझ, विश्लेषण क्षमता और प्रैक्टिकल नॉलेज को परखती है.



**रटने से ज्यादा समझ पर फोकस :** रिपोर्ट्स के अनुसार देश के ज्यादातर छात्र रट्टा मारकर परीक्षा देते हैं. लेकिन ओपन बुक सिस्टम में यह तरीका बेकार साबित होता है. यहां टॉपिक को अच्छे से समझना और उसका सही अर्थ निकालना होता है. यही कारण है कि यह सिस्टम छात्रों को रटने की आदत से बाहर निकाल सकता है.

### क्या हैं इसके फायदे

- रटने की आदत कम होगी छात्र समझ के साथ पढ़ाई करेंगे.
- सोचने और विश्लेषण करने की क्षमता बढ़ेगी. हर सवाल को हल करने के लिए दिमाग का इस्तेमाल जरूरी होगा.
- असल दुनिया में भी हम समस्या सुलझाने के लिए रेफरेंस लेते हैं, यही चीज यहां सिखाई जाती है.
- किताब साथ होने से मन में यह डर कम रहता है कि कहीं कुछ भूल न जाएं.

### ये होगा नुकसान

- बिना तैयारी के किताब साथ होने का कोई फायदा नहीं.
- किताब से जवाब ढूंढना और फिर समझकर लिखना समय ले सकता है.
- अलग-अलग छात्रों की भाषा और प्रस्तुति अलग होगी, जिससे मार्किंग में चुनौती आ सकती है.

# बिहार में सम्राट, तेजस्वी, पप्पू समेत छह नेताओं की सुरक्षा बढ़ी

शुभम संदेश। पटना

आगामी चुनाव को देखते हुए बिहार के छह नेताओं की सुरक्षा बढ़ा गई है. इनमें डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, पूर्णिया सांसद पप्पू यादव, अररिया के सांसद प्रदीप सिंह, बाढ़ से भाजपा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू और जदयू एमएलसी नीरज कुमार शामिल हैं. गृह विभाग की ओर से आदेश भी जारी हो गया है.

**सम्राट को जेड प्लस की सुरक्षा :** डिप्टी सीएम को जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा दी गई है. यानी अब जहां सम्राट का कार्यक्रम होगा, वहां पहले से सुरक्षा टीम उस जगह का दौरा करेगी. इसके बाद सम्राट उसमें शामिल होंगे. पहले जेड श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त थी.



सम्राट चौधरी



तेजस्वी यादव



पप्पू यादव

**तेजस्वी यादव को जेड श्रेणी की सुरक्षा :** विधानसभा सत्र के दौरान राबड़ी देवी ने तेजस्वी पर जानलेवा हमला होने की बात कही थी. इसके बाद से उनके सुरक्षा घेरा को बढ़ाने की मांग उठने लगी थी.

अब सरकार की ओर से तेजस्वी यादव का सुरक्षा घेरा बढ़ा दिया गया है. तेजस्वी को जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है. पहले उन्हें वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त थी.

**पप्पू यादव को वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा :** पूर्णिया सांसद पप्पू यादव पिछले दिनों से अपनी सुरक्षा बढ़ाने की मांग कर रहे थे. अब सरकार ने उनका भी सुरक्षा घेरा बढ़ा दिया है. पप्पू यादव को वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है. उनके अलावा भाजपा सांसद प्रदीप सिंह को भी वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है. वहीं भाजपा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू को और जदयू एमएलसी नीरज कुमार को वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है.

# गुरुजी के श्राद्ध कर्म का सातवां दिन : हेमंत ने पूरा किया सात कर्म का पारंपरिक विधान





**रांची।** दिशोम गुरु शिबू सोरेन के पारंपरिक श्राद्ध कर्म का सोमवार को सातवां दिन था. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने परिजनों संग दिवंगत आत्मा की शांति हेतु सोमवार को "सात कर्म" का पारंपरिक विधान पूरा किया. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मर्माहत हृदय से न सिर्फ एक बेटे का कर्तव्य निभा रहे हैं, बल्कि दिवंगत "गुरुजी" की यादों को समेटे हुए अपने पैतृक गांव नेमरा से ही राजकाज की जिम्मेवारी का भी निर्वहन भी पूरी तत्परता और प्रतिबद्धता के साथ कर रहे हैं. इस बीच, हर दिन दिशोम गुरु को श्रद्धांजलि देने के लिए हजारों लोग नेमरा पहुंच रहे हैं. इसको देखते हुए पूरे इलाके की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है.

## दिशोम गुरु शिबू सोरेन के श्राद्धकर्म में 9 आईपीएस संभालेंगे विधि व्यवस्था

शुभम संदेश। रांची

झारखंड आंदोलन के पुरोधा दिशोम गुरु शिबू सोरेन का श्राद्धकर्म 16 अगस्त को उनके पैतृक गांव नेमरा (रामगढ़ में आयोजित होगा. इस दौरान पूरे झारखंड से कई लोग उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचेंगे. ऐसे में श्राद्ध कार्यक्रम में विधि व्यवस्था संभालने के लिए नौ आईपीएस अधिकारियों को तैनात किया गया है. इससे संबंधित आदेश डीजीपी अनुराग गुप्ता ने जारी कर दिया है. जारी आदेश के मुताबिक, सभी आईपीएस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति तीन दिनों (14 से 16 अगस्त) के लिए की गई है, ताकि कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो. साथ ही बड़ी संख्या में नेमरा आने वाले लोगों के कारण सुरक्षा और यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे.

**प्रतिनियुक्त किए गए नौ आईपीएस अधिकारियों के नाम**

- प्रियदर्शी आलोक (रेल डीआईजी)
- किशोर कौशल (जैप 7 कमांडेंट)
- अंजनी अंजन (एसपी, जेपीए)
- एचपी जनार्दनन (एसपी, स्पेशल ब्रांच)
- आशुतोष शेखर (एसपी, पीटीसी)
- एहतेशाम वकारिब (एसपी)
- सौरभ (जैप 1 कमांडेंट)
- अजय सिन्हा (एसपी, आईटीएस)
- मनोज स्वर्गीयरी (एसपी)

### पुलिस प्रशासन सत्ता की कठपुतली बन चुकाः मरांडी

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हुए एक्स पर पोस्ट किया है. उन्होंने रविवार 10 अगस्त को रांची के हिंदपीढ़ी में युवक की गोली मारकर हत्या के मामले में पोस्ट करते हुए लिखा- रांची के हिंदपीढ़ी इलाके में कल एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई. राज्य में लगातार बढ़ती आपराधिक घटनाओं ने आम जनता में भय और असुरक्षा का माहौल पैदा कर दिया है. अपराध पर नियंत्रण के बजाय पुलिस प्रशासन सत्ता की कठपुतली बन चुका है. राजनीतिक विरोधियों को फर्जी मुकदमों में फंसाना और जबरन वसूली करना ही झारखंड पुलिस की प्राथमिकता बन गई है.

## 4 राज्यों की पुलिस 1,319 साइबर अपराध मामलों की जांच में जुटी
# झारखंड पुलिस से मांगा सहयोग

शुभम संदेश। रांची

झारखंड पुलिस साइबर अपराध की जांच में देशभर में एक महत्वपूर्ण सहयोगी के रूप में उभर रही है. हाल के आंकड़ों के अनुसार, बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल की पुलिस ने कुल 1,319 मामलों में झारखंड पुलिस से मदद मांगी है. ये सहयोग मुख्य रूप से म्यूल अकाउंट और ग्राहक आवेदन फॉर्म (सीएएफ) वेरिफिकेशन की जांच से जुड़ा है, जो साइबर अपराधों के नेटवर्क को तोड़ने में अहम भूमिका निभाते हैं.

**झारखंड पुलिस ने भी मांगी बाहरी मदद :** सिर्फ अन्य राज्यों ने ही झारखंड से मदद नहीं मांगी, बल्कि झारखंड पुलिस ने भी 453 साइबर अपराध मामलों में विभिन्न राज्यों की पुलिस से सहयोग लिया है. इसमें सबसे अधिक मदद पश्चिम बंगाल पुलिस से 205 मामलों में मांगी गई, इसके बाद उत्तर प्रदेश पुलिस से 134, बिहार पुलिस से 76, और छत्तीसगढ़ व ओडिशा पुलिस से 7-7 मामलों में सहयोग लिया गया.

**साइबर अपराध पर समन्वित कार्रवाई की जरूरत है**

इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि साइबर अपराध अब राज्यों की सीमाओं से परे फैल चुका है. अपराधी अक्सर दूसरे राज्यों से काम करते हैं, ताकि पकड़ से बच सकें. ऐसे में राज्य पुलिस बलों के बीच सूचना और संसाधनों का आदान-प्रदान, तेज जांच और तकनीकी सहयोग बेहद जरूरी हो गया है. झारखंड पुलिस का यह सहयोगी रुख, न केवल दूसरे राज्यों की मदद कर रहा है बल्कि साइबर अपराध के खिलाफ एक राष्ट्रीय स्तर की संयुक्त रणनीति को भी मजबूती प्रदान कर रहा है.

**राज्यवार विवरण**

- बिहार पुलिस ने 375 मामलों में सहयोग मांगा है. इनमें से 90 मामलों की जांच पूरी हो चुकी है, 100 मामलों की जांच चल रही है और 185 मामले अब भी लंबित हैं.
- उत्तर प्रदेश पुलिस ने सबसे ज्यादा 634 मामलों में मदद मांगी है. इनमें 131 मामलों की जांच पूरी हुई, 202 की जांच जारी है, जबकि 301 मामले लंबित हैं.
- छत्तीसगढ़ पुलिस ने 34 मामलों में सहयोग मांगा है. इनमें 6 की जांच पूरी, 10 मामलों की जांच चल रही है और 18 मामले लंबित हैं.
- पश्चिम बंगाल पुलिस ने 276 मामलों में सहयोग मांगा है. इनमें 37 मामलों की जांच पूरी, 147 की जांच जारी और 92 मामले लंबित हैं.

**म्यूल अकाउंट और सीएएफ वेरिफिकेशन क्या है**

म्यूल अकाउंट ऐसे बैंक खातों को कहते हैं जिनका इस्तेमाल साइबर अपराधी धोखाधड़ी से प्राप्त धन को छुपाने और इधर-उधर ट्रांसफर करने के लिए करते हैं. अपराधी सीधे अपने खातों में पैसे मंगाने के बजाय पहले इन्हें म्यूल अकाउंट में भेजते हैं. फिर इन्हें कई अन्य खातों में बांटते रहते हैं, जिससे पैसों के असली स्रोत तक पहुंचना बेहद मुश्किल हो जाता है.

वहीं, ग्राहक आवेदन फॉर्म (सीएएफ) वेरिफिकेशन एक प्रक्रिया है, जिसमें पुलिस उस मोबाइल नंबर या इंटरनेट कनेक्शन के मालिक की पहचान करती है जो किसी अपराध में इस्तेमाल हुआ है. इस जांच से अपराधी के असली नाम, पते और अन्य विवरण तक पहुंचा जा सकता है, जिससे उनकी गिरफ्तारी और सजा सुनिश्चित होती है.

## एक नजर

### झारखंड के श्रम मंत्री संजय यादव की बीमार मां को देख भावुक हुए स्वास्थ्य मंत्री इरफान



**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने सोमवार को राज्य के श्रम मंत्री संजय यादव की इलाजरत मां को देखने बिहार की राजधानी पटना स्थित मेदांता अस्पताल पहुंचे. बीमार मां को देखकर वे भावुक हो गए और श्रम मंत्री संजय यादव को ढांढस बंधाया. दरअसल, श्रम मंत्री संजय यादव की बीमार माँ का पटना के मेदांता में इलाज चल रहा है. उनकी मां को बिस्तर पर बेसुध देखकर इरफान अंसारी ने कहा कि उन्होंने अपनी मां को खोया है. जीवन में मां का होना कितनी सुकून की बात है, वे यह भली-भांति जानते हैं, ऐसे में बड़े भाई संजय यादव पर क्या बीत रही होगी, महसूस किया जा सकता है. उन्होंने संजय यादव की मां के जल्द ठीक होने की कामना की. इसके साथ ही अस्पताल के डॉक्टरों से मुलाकात कर बेहतर इलाज के लिए कहा. प्रेस विज्ञप्ति के जरिए मंत्री इरफान अंसारी ने बताया कि अस्पताल परिसर में दोनों नेताओं के बीच राजनीति से परे मानवीय रिश्तों और पारिवारिक बातचीत हुई.

### ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका से मिले बंधु तिर्की



**रांची।** झारखंड की ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से सोमवार को राज्य के पूर्व मंत्री सह कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने मुलाकात की. इस दौरान बंधु तिर्की ने पेसा कानून को लेकर तैयार प्रारूप में आवश्यक संशोधन से संबंधित सुझाव का दस्तावेज सौंपा. मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से मुलाकात के बाद बंधु तिर्की ने कहा है कि झारखंड जैसे प्रदेश के लिए पेसा कानून महत्वपूर्ण है. इसलिए पेसा कानून का प्रभावशाली तरीके से लागू होना जरूरी है. पंचायती राज विभाग ने बेहतर प्रयास किया है और इसी प्रयास को सफल बनाने के लिए उन्होंने कुछ जरूरी सुझाव वर्तमान मंत्री को दिए हैं. ये सुझाव ग्राम सभा की मजबूती और गांव के विकास सहित राज्य की परंपरा और संस्कृति को संरक्षित रखने के लिहाज से बहुमूल्य है.

### शिक्षा मंत्री की सेहत की जानकारी डॉक्टरों ने दी ब्रेन में ब्लीडिंग के कारण स्थिति अभी भी गंभीर




**रांची।** झारखंड के स्कूली शिक्षा व निबंधन विभाग के मंत्री रामदास सोरेन की सेहत के बारे में झामुमो नेता कुणाल षाड़ंगी ने सोमवार को ताजा जानकारी दी है. उन्होंने बताया कि रामदास सोरेन के इलाज में जुटी चिकित्सकों की टीम के संयोजक डॉ केएन सिंह ने अपडेट जारी किया. डॉ सिंह के मुताबिक, पिछली बैठक के बाद जो टेस्ट किए गए थे, उनकी रिपोर्ट आई है. रिपोर्ट के अनुसार, मंत्री के मस्तिष्क में ब्लीडिंग के कारण उनकी स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है, लेकिन वह स्थिर हैं. शरीर के अन्य सारे जीवनदायिनी पैरामीटर सामान्य हैं. फिलहाल, डॉक्टरों ने जीवन रक्षक प्रणाली (लाइफ सपोर्ट) जारी रखने का निर्णय लिया है और उनकी सेहत की पल-पल मॉनिटरिंग की जा रही है.

## न्यू इंडिया एश्योरेंस में एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर के 550 पदों पर नियुक्ति के लिए निकली भर्ती

शुभम संदेश डेस्क

न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एनआईएसीएल) ने एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर (एओ) के 550 पदों पर भर्ती निकाली है. इच्छुक उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट newindia.co .in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं.




**योग्यता**

- किसी भी विषय में ग्रेजुएशन या पोस्ट ग्रेजुएशन
- पद के अनुसार डिग्री/डिप्लोमा आवश्यक

**आयु सीमा**

- न्यूनतमः 21 वर्ष
- अधिकतमः 30 वर्ष

(1 अगस्त 2025 को आधार मानकर आयु तय होगी)

- आरक्षित वर्गों को नियमानुसार छूट मिलेगी।

**सैलरी**

- बेसिक पेः ₹50,925
- कुल सैलरीः लगभग ₹90,000 प्रति माह (मेट्रो सिटी में)

**पदों का विवरण**

| पद का नाम | पदों की संख्या |
|---|---|
| रिस्क मैनेजर | 50 |
| ऑटोमोबाइल इंजीनियर | 75 |
| लीगल स्पेशलिस्ट | 50 |
| अकाउंट स्पेशलिस्ट | 25 |
| एओ हेल्थ | 50 |
| आईटी स्पेशलिस्ट | 25 |
| बिजनेस एनालिस्ट | 25 |
| कंपनी सेक्रेटरी | 2 |
| एक्चुरियल स्पेशलिस्ट | 5 |
| जनरलिस्ट | 193 |
| कुल पद | 550 |

**चयन प्रक्रिया**

- फेज-1 परीक्षा
- फेज-2 परीक्षा

**आवेदन शुल्क**

एससी/एसटी/पीडब्ल्यूबीडीः ₹100

- अन्य सभी वर्गः ₹850

**जरूरी दस्तावेज**

- आधार कार्ड
- संबंधित डिग्री/डिप्लोमा
- पासपोर्ट साइज फोटो
- सिग्नेचर
- रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर
- ईमेल आईडी
- निवास प्रमाण पत्र
- जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)

**कैसे करें आवेदन**

1. ऑफिशियल वेबसाइट newindia.co.in पर जाएं
2. "Apply Online' पर क्लिक करें
3 फॉर्म में सभी जानकारी भरें
4. दस्तावेज अपलोड करें
5. रजिस्ट्रेशन करके शुल्क जमा करें
6. फॉर्म सब्मिट कर उसका प्रिंट निकालें

### राज्यपाल मोरहाबादी में 15 को फहराएंगे तिरंगा

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को मोरहाबादी में तिरंगा फहराएंगे. राज्य सरकार के प्रस्ताव पर राजभवन ने सोमवार को स्वीकृति दे दी है. हर साल की यह परंपरा रही है कि स्वतंत्रता दिवस पर मुख्यमंत्री मोरहाबादी में और राज्यपाल दुमका में झंडोत्तोलन करते हैं. लेकिन इस साल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने पिता के श्राद्ध कर्म में जुटे हैं और इस कारण वे मोरहाबादी में झंडोत्तोलन नहीं कर पाएंगे. बता दें कि 16 अगस्त तक मुख्यमंत्री नेमरा रहेंगे और अपने पिता के श्राद्ध-कर्म कार्यक्रम में शामिल रहेंगे. और यही कारण है कि सरकार ने राज्यपाल को इस मुख्य समारोह में झंडोत्तोलन का दायित्व सौंपने का निर्णय लिया है. वहीं दुमका में प्रमंडलीय आयुक्त को यह दायित्व सौंपने पर सहमति बनी है. हालांकि इस बात की औपचारिक घोषणा नहीं की गई है.

**एट होम कार्यक्रम रद्दः** स्वतंत्रता दिवस पर राजभवन में आयोजित होने वाले पारंपरिक एट होम कार्यक्रम को भी इस वर्ष रद्द करने का निर्णय लिया गया है. यह निर्णय झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री स्व शिबू सोरेन के सम्मान में लिया गया है.

## छवि रंजन जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंचे
# हाईकोर्ट के आदेश को दी चुनौती





शुभम संदेश। रांची

लैंड स्कैम के आरोपी और रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन ने रांची पीएमएलए कोर्ट और हाईकोर्ट से जमानत याचिका खारिज होने के बाद अब सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से बेल की मांग की है. बता दें कि हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत ने 6 अगस्त को उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी और उन्हें बेल देने से इनकार कर दिया था. इसके बाद छवि रंजन ने बेल की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है.

छवि रंजन जिस मामले में आरोपी हैं, वह रांची के बड़गाईं अंचल के बरियातु में सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद-फरोख्त से जुड़ा है. इस मामले में छवि रंजन के अलावा बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, चर्चित कारोबारी विष्णु अग्रवाल, जमीन कारोबारी अफसर अली, तल्हा खान, फैयाज खान, इम्तियाज खान, अमित अग्रवाल, दिलीप घोष और सेना के कब्जे वाली जमीन के फर्जी रैयत प्रदीप बागची भी आरोपी हैं. इस मामले के एक अभियुक्त अमित अग्रवाल को सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में बेल दे दी थी.

## साहिबगंज में बाढ़ : गंगा नदी उफान पर, 8000 लोग प्रभावित, जिले में त्राहि-त्राहि
# सभी स्कूलों को दो दिन के लिए बंद करने का आदेश

शुभम संदेश। रांची/साहिबगंज



गंगा नदी में आई बाढ़ के कारण साहिबगंज जिले में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के सभी स्कूलों को 11 और 12 अगस्त को बंद रखने का आदेश दिया गया है. यह आदेश रविवार देर रात जिला शिक्षा विभाग द्वारा जारी किया गया है, जिसके तहत दोनों दिन स्कूलों में अवकाश रहेगा. साहिबगंज नगर परिषद के कुल 28 वार्डों में से 11 वार्ड बाढ़ से पूरी तरह प्रभावित हो गए हैं. लगभग 1600 घरों के 8000 से अधिक लोग बाढ़ के कारण प्रभावित हुए हैं. घरों के आस-पास पानी भर जाने से स्कूली बच्चों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. खासकर दियारा क्षेत्र और शहरी इलाकों के कई स्कूलों में पानी घुस चुका है, जिससे बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर स्कूल बंद करने का निर्णय लिया गया है. बाढ़ का सबसे अधिक असर साहिबगंज के वार्ड नंबर 13 हबीबपुर पर पड़ा है, जहां 400 से ज्यादा घरों में पानी घुसने से हालात गंभीर हो गए हैं. इसके अलावा, वार्ड नंबर 22 चानन गांव भी बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हुआ है.

गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है. गंगा का निर्धारित खतरे का निशान 27.25 मीटर है, जबकि सोमवार सुबह 6 बजे तक इसका जलस्तर 28.62 मीटर मापा गया, जो खतरे के निशान से 1 मीटर 37 सेंटीमीटर अधिक है. इसके चलते दियारा क्षेत्र पूरी तरह जलमग्न हो गया है और शहरी क्षेत्र में भी पानी घुस चुका है. शहर की भरतिया कॉलोनी में भी पानी घुसने से लोग परेशान हैं. घरों में पानी भर जाने के कारण कई परिवारों ने चौक बाजार स्थित ए.एम.के. बड़ी धर्मशाला में शरण ली है. इस कॉलोनी के 104 परिवार बाढ़ के कारण सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट हो गए हैं.

साहिबगंज में गंगा नदी का उफान सावन और भादो के महीनों में अधिकतर देखने को मिलता है, जब भारी बारिश के कारण नदी का जलस्तर बढ़ जाता है. नेपाल से छोड़ा गया पानी और कोसी नदी के माध्यम से गंगा में पानी का आगमन इस बाढ़ की स्थिति को और बिगाड़ देता है.

# दो बार झारखंड की सत्ता से बाहर रहने की बेचैनी दिख रही भाजपा पर : आप

शुभम संदेश। रांची



आम आदमी पार्टी की प्रदेश इकाई ने कहा है कि लगातार दो बार झारखंड की सत्ता से बाहर रहने की बेचैनी भाजपा पर साफ दिखने लगी है. सांसद निशिकांत दुबे झारखंड में भी वोटरों का विशेष गहन पुनरीक्षण कराने की मांग कर रहे हैं. पार्टी के नेता भास्कर सुमन ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भाजपा जानती है उसके लिए प्रत्यक्ष चुनाव जीत पाना लगभग नामुमकिन है. इसलिए अपने अधीन संस्थाओं के माध्यम से चुनावी परिणाम को भाजपा हड़पना चाहती है. अगर भाजपा झारखंड में बांग्लादेशी वोटरों का आरोप लगा रही है तो भाजपा को बताना चाहिए कि पिछले 11 वर्षों से केंद्र में उनकी सरकार है फिर बांग्लादेशी भारत में प्रवेश कैसे कर रहे हैं.

यदि बांग्लादेशी पहले की सरकार में आए हुए हैं तो क्या 2014 से 2019 तक भाजपा की जो सरकार थी वह बांग्लादेशी वोटरों के कारण बनी थी. भाजपा ने वोटर लिस्ट में गड़बड़ी कर दिल्ली चुनाव का परिणाम हड़प लिया और इसी तकनीक के सहारे अब देश भर में जाना चाहती है. उन्होंने कहा कि भाजपा के वोट चोरी को सबसे पहले आप पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविन्द केजरीवाल ने सार्वजनिक किया था लेकिन चुनाव आयोग ने उस पार कोई ध्यान नहीं दिया. सुमन ने कहा कि निशिकांत दुबे का झारखंड में वोटर लिस्ट का विशेष गहन पुनरीक्षण की मांग करना भाजपा की निराशा और हताशा को दिखाता है कि जनमुद्दों पर आधारित प्रत्यक्ष चुनाव में भाजपा अपनी हार मान चुकी है और अपने अधीन संस्थाओं के माध्यम से चुनाव परिणाम को हड़पना चाहती है.



सांसद पप्पू यादव के बेटे ने डीपीएल में मचाया धमाल

https://epaper.shubhamsandesh.net

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




रांची, मंगलवार 12 अगस्त 2025 I भद्रपद कृष्ण पक्ष तृतीया, संवत 2082 I रांची एवं पटना से प्रकाशित I वर्ष : 3, अंक : 126 I मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12

## सदर अस्पताल में आज

| | |
|---|---|
| मेडिसिन | डॉ मासूम आलम, डॉ शीला |
| हड्डी रोग | डॉ हरेंद्र कुमार |
| सर्जरी | डॉ प्रभात कुमार |
| नेत्र रोग | डॉ गोलु पिनाज |
| दंत रोग | डॉ सुनिता सिन्हा |
| शिशु रोग | डॉ उमेन्द्र |
| मनोरोग | -- |
| स्त्री एवं प्रसूति रोग | डॉ रुमा प्रसाद |
| फिजियोथेरेपी | -- |
| ईएनटी स्पेशलिस्ट | -- |
| **गायनी इमर्जेंसी** | |
| सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक | डॉ संध्या तिवारी |
| दोपहर 2 से रात 8 बजे तक | डॉ सुमन |
| रात 8 से सुबह 8 बजे तक | डॉ अंजना कुमारी |
| **जेनरल इमर्जेंसी** | |
| सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक | डॉ निलम बाला |
| दोपहर 3 से रात 9 बजे तक | डॉ ईपिल टोपनो |
| रात 9 से सुबह 9 बजे तक | डॉ मंगेश |

## ब्रीफ खबरें

### सड़क पर चल रहे बुलेट में लगी आग, अफरा-तफरी

**धनबाद।** सरायढेला थाना क्षेत्र के स्टील गेट के समीप सोमवार की सुबह एक बुलेट में अचानक आग लग गई. घटना के संबंध में बताया जाता है कि गोल बिल्डिंग के तरफ से आ रही बुलेट संख्या डब्लूबी 38एएल 1482 में स्टील गेट के समीप आग लग गई. जिसके बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई. स्थानीय लोगों की तत्परता से आग पर काबू पा लिया गया. वही बाइक चालक ने बताया कि बुलेट अचानक गर्म हो गई. जिसके बाद इंजन से धुआं निकलने लगा. तभी अचानक पेट्रोल टंकी के समीप से आग निकलने लगा. आग निकलता देख स्थानीय लोगों व दुकानदारों ने निजी संसाधन से आग पर काबू पाया.

### जिप अध्यक्ष शारदा सिंह ने दी शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि

**धनबाद।** जिला परिषद सभागार में आयोजित श्रद्धांजलि सह शोक सभा में दिशोम गुरु स्व. शिबू सोरेन को नमन करते हुए उनके संघर्ष और आदर्शों को याद किया गया. शोक समारोह में जिप अध्यक्ष शारदा सिंह सहित कई जिप सदस्य और अधिकारी उपस्थित थे. अध्यक्ष ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनकी मृत्यु से हम सभी को गहरा दुख हुआ है. उनकी दी हुई राह पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी. साथ ही उपस्थित सभी ने शिबू सोरेन जी के योगदान और समर्पण को याद किया और उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किए.

### परिवहन कार्यालय में ऑटो रिक्शा चालकों को मिला परमिट

**धनबाद।** उप परिवहन आयुक्त सह सचिव, उत्तरी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार, हजारीबाग विजय कुमार की उपस्थिति में सोमवार को परिवहन कार्यालय में ऑटो रिक्शा परमिट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. ऑटो रिक्शा परमिट के लिए कुल 11 आवेदन प्राप्त हुए. जिन्हें हाथों-हाथ परमिट उपलब्ध कराया गया. प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार हजारीबाग तथा मोटर यान निरीक्षक ने सभी ऑटो रिक्शा स्वामियों को जल्द से जल्द अपने वाहन का परमिट निर्गत कराकर ही वाहन के परिचालन करने की अपील की. जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि कैंप का मुख्य उद्देश्य ऑटो रिक्शा वाहनों को जिले से परमिट बनवाने में होने वाली कठिनाईयों को दूर करते हुये उन्हें अपने गृह जिले से ही परमिट प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना है. परमिट की अनुपलब्धता या बिना परमिट के वाहन के परिचालन पर मोटरवाहन अधिनियम की सुसंगत धारान्तर्गत अधिरोपित अर्थदण्ड की राशि 10 हज़ार रुपए एवं अधिक हो सकती है.

### भाकपा माले ने दी शहीद खुदीराम बोस को श्रद्धांजलि

**धनबाद।** भाकपा माले ने सोमवार को टेम्पल रोड स्थित पुराना बाजार कार्यालय में शहीद खुदीराम बोस की शहादत दिवस मनाया. उपस्थित लोगों ने खुदीराम बोस की तस्वीर पर माल्यार्पण एंव पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी. इसकी अध्यक्षता सुभाष प्रसाद सिंह व संचालन पवन महतो ने किया. मुख्य वक्ता माले के वरिष्ठ नेता हरि प्रसाद पप्पू ने कहा की भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में शिरकत करने वाले असंख्य क्रांतिकारियों की श्रृंखला में शहीद खुदीराम बोस एक चमकता हुआ सितारा हैं. आने वाली पीढ़ियों को जो हमेशा क्रांति के पक्ष में बढ़ने के लिए लाइट हॉउस का काम करेंगे. बैठक में राज्य कमिटी के सदस्य आनंद मय पाल, सुभाष चटर्जी, सुभाष सिंह, पवन महतो, विश्वजीत राय, सुशांतो नायक, वैद प्रकाश सिंह, राज़ कुमार रवानी, प्रदीप गोराय,अनूप प्रसाद, सतेंद्र वर्मा आदि शामिल थे.

### सांढ़ के हमले में एक घायल

**झरिया।** झरिया में इन दिनों सांढ़ों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है. सांढ़ के हमले में पूर्व में कई राहगीरों की मौत हो चुकी है, तो कई घायल होते रहते हैं, वही जिम्मेवार मौन है. झरिया थाना क्षेत्र के बस्ताकोला में भी एक सांढ़ ने आतंक मचा रखा है. अब तक आधा दर्जन से अधिक लोगों को घायल कर चुका है. पिछले एक हफ्ता में वासुदेव रवानी एवं नरेश राम को अपना शिकार बनाया है . बस्ताकोला गोशाला मोड निवासी नरेश राम को रविवार को जमीन पर पटक कर घायल कर दिया. स्थानीय काफी मशक्क्त के बाद उसे साढ़ के चुंगल से निकाला. स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से लोगों के बीच आतंक का पर्याय बन चुके सांढ़ को काबू करने की मांग की है.

# गया पुल अंडरपास : डिजाइन अप्रूवल में लटका है मामला

■ पथ निर्माण विभाग ने कहा जल्द शुरू होगा काम

अमित सिन्हा



**धनबाद(शुभम संदेश)।** धनबाद में गया पुल अंडर पास का मुद्दा काफी चर्चे में है. एक तरफ गया पुल अंडरपास के कारण आम जनता त्राहि त्राहि कर रही है तो दूसरी तरफ कांग्रेस और भाजपा के लोग इस विवाद को लेकर अपनी म्यानों से तलवारें निकाल चुके हैं. धनबाद रेल मंडल के प्रबंधक अखिलेश मिश्र ने साफ कहा कि रेलवे की ओर से कोई मनाही नहीं है. आरसीडी को दो साल पहले ही रेलवे ने एनओसी दे दिया था. इसके बावजूद विभाग ने दो साल में अंडर पास का कार्य शुरू भी नहीं कर पाई. अब कार्य करने के लिए आरसीडी को पहले स्वयं अपने डिजाइन का अप्रूवल लेना होगा. जो वह अबतक नहीं ले पाई है. डीआरएम ने कहा कि आरसीडी जब चाहे कार्य शुरू कर सकती है. रेलवे की ओर से कोई मनाही नहीं है.

## बरमसिया पुल की रिपेयरिंग के लिए जिला प्रशासन करें आश्वस्त

डीआरएम ने बरमसिया पुल की मरम्मती के लिए कहा कि रेलवे कार्य करने को तैयार है. इसमें 1.46 करोड़ रुपए का खर्च आएगा. जिसे धनबाद जिला प्रशासन को देना है. धनबाद जिला प्रशासन पैसे देने को लेकर यदि आश्वस्त भी कर देता है तो रेलवे कार्य शुरू कर देगा. रेलवे अपने खर्च पर बरमसिया पुल की मरम्मती शुरू कर देगा लेकिन लागत की राशि धनबाद जिला प्रशासन को ही चुकानी होगी. पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता मिथिलेश प्रसाद ने बताया कि नए अंडर पास का कार्य जल्द शुरू होगा. इसके लिए नए डिजाइन के अप्रूवल का इंतजार है. उन्होंने कहा कि संवेदक के साथ विभाग का एग्रीमेंट हो गया है. संवेदक को जल्द से जल्द कार्य शुरू करने का निर्देश दिया गया है. उन्होंने कहा कि रेलवे इस कार्य में पूरी तरह सहयोग नहीं कर रहा है. रेलवे ने जमीन के एवज में दस करोड़ से ज्यादा रुपए ले चुका है. इसके साथ ही दुर्गा मंडप के पीछे स्थित रेलवे के गोडाउन को हटाने के लिए भी 5 करोड़ 60 लाख रुपए ले चुका है. पैसे लेने के बावजूद अबतक रेलवे ने गोडाउन नहीं हटाया है. इसके बावजूद विभाग की ओर से कार्य शुरू कर दिया जाएगा.

**स्टोन पेबर्स ब्लॉक लगाने की हो रही तैयारी :** गया पुल की बदहाली के तत्काल निदान के लिए स्टोन पेबर्स ब्लॉक लगाने की तैयारी हो रही है. डीसी आदित्य रंजन का कहना है कि रेलवे ने वादे के बावजूद लोहे का चदरा नहीं दिया. अब स्थायी समाधान के लिए 3 इंच का स्टोन पेबर्स ब्लॉक बिछाएंगे. बंगाल व दूसरे राज्यों में यह सफल रहा है. अंडरपास में 3-4 इंच गड्डा करना ही संभव है. नए प्रस्तावित अंडरपास में संप वेल एंड पंपिंग सिस्टम से ड्रेनेज निर्माण की योजना है. मौजूदा अंडरपास में भी उसे आजमाएंगे. इसकी डीपीआर बनाने को कहा गया है. डीएमएफटी फंड से राशि का भुगतान किया जाएगा.

नीरज सिंह हत्याकांड

# रिनपास से रिहा हुए संजीव सिंह

## मामा व मित्र बने संजीव के जमानतदार, 8 साल 4 महीने बाद मिली रिहाई

शुभम संदेश। धनबाद



■ कोर्ट में हाजिर होने के अलावे मुकदमे की समाप्ती तक धनबाद जिले में प्रवेश नहीं करने का दिया घोषणा पत्र





अपने चचेरे भाई पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह समेत चार की हत्या के षड्यंत्र में आठ साल से जेल में बंद झरिया के पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह सोमवार को न्यायिक हिरासत से बाहर आ जाएंगे. संजीव के अधिवक्ता मोहम्मद जावेद ने बताया कि सोमवार को दोपहर तीन बजे मुक़दमे का ट्रायल कर रहे दुर्गेश चन्द्र अवस्थी की अदालत ने सजीव को जमानत पर मुक्त करने का आदेश जेल प्रशासन को भेज दिया है. संजीव सिंह इलाज के लिए न्यायिक हिरासत में फिलवक्त रांची के रिनपास में भर्ती थे. रिनपास से देर शाम उन्हें न्यायिक हिरासत से मुक्त कर दिया गया. बता दें कि 8 अगस्त 2025 शुक्रवार को सर्वोच्च न्यायालय से के मुख्य न्यायाधीश न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एनबी अंजारिया की खंडपीठ ने वरीय अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे व सन्नी चौधरी की दलीलें सुनने के बाद संजीव सिंह को जमानत पर मुक्त करने का आदेश दिया था. सर्वोच्च न्यायालय ने आदेश में कहा था कि संजीव सिंह धनबाद जिले मे तब तक प्रवेश नहीं करेंगे. जब तक सुनवाई चल रही अदालत में उसकी उपस्थिति आवश्यक न हो. सर्वोच्च न्यायालय ने अपने आदेश में यह भी कहा था कि संजीव सिंह किसी भी तरह से गवाहों को प्रभावित नहीं करेंगे या सबूतों के साथ छेड़छाड़ नहीं करेंगे. उनके अधिवक्ता की ओर से जमानत बंध पत्र व कोर्ट में हाजिर होने के अलावे मुकदमे की समाप्ति तक धनबाद जिले में प्रवेश नहीं करने का (अंडर टेकिंग) घोषणापत्र अदालत में दायर किया गया.

(शेष पेज-11 पर)

## आदित्य राज का बिना इलाज के ही जारी हुआ जख्म प्रतिवेदन : बचाव पक्ष

■ धनजी एवं कुर्बान अली की ओर से बहस पूरी

धनबाद। पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह समेत चार लोगों की हत्या के मामले में सोमवार को आरोपी धनजी एवं कुर्बान अली की ओर से झारखंड उच्च न्यायालय के अधिवक्ता राजेश कुमार, मोहम्मद जावेद एवं विकास कुमार ने बहस करते हुए एक बार फिर मामले के चश्मदीद गवाह आदित्य राज की विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा किया. अनुसंधानकर्ता निरंजन तिवारी द्वारा आदित्य राज को मामले का चश्मदीद गवाह बनने के लिए साक्ष्य के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए कहा कि आदित्य राज का जख्म प्रतिवेदन दिन उसके इलाज कराए ही केंद्रीय अस्पताल द्वारा जारी कर दिया गया है. अदालत में प्रदर्श के रूप में चिन्हित दस्तावेजी साक्ष्य का हवाला देते हुए केंद्रीय अस्पताल द्वारा जारी किए गए बेड टिकट, सेंट्रल हॉस्पिटल के रजिस्टर को प्रस्तुत करते हुए बचाव पक्ष ने अदालत को बताया कि 21 मार्च 2017 को आदित्य राज का सेंट्रल हॉस्पिटल द्वारा 7 : 45 बजे इंज्यूरी रिपोर्ट दी गई है. जबकि उसी दिन उसी समय पर आदित्य राज को अस्पताल रजिस्टर में भर्ती दिखाया गया है और पुलिस को अस्पताल द्वारा उसी समय आदित्य राज के भर्ती होने की जानकारी दी गई है. बचाव पक्ष ने सवाल उठाया कि जब 7 :45 में आदित्य राज अस्पताल में भर्ती हुए तो फिर उसी समय इंजरी रिपोर्ट कैसे दे दी गई. (शेष पेज-11 पर)

बंटी खान की पत्नी ने मधुपुर जेल प्रबंधन पर लगाया आरोप, कहा

# जेल में हो सकती है बंटी की हत्या

शुभम संदेश। धनबाद

**हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग समेत राज्य के वरीय पदाधिकारियों को लिखा पत्र**

गैंग्स ऑफ वासेपुर के सरगना बंटी खान की पत्नी सना परवीन ने मधुपुर जेल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए बंटी खान की जेल में हत्या कर दिए जाने की आशंका व्यक्त की है. जियाउल हक उर्फ बंटी खान की पत्नी सना परवीन ने इस संबंध में झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, प्रधान जिला एवं व सत्र न्यायाधीश धनबाद, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश धनबाद, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय धनबाद अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ धनबाद, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश 11 धनबाद, उपयुक्त धनबाद, मधुपुर, वरीय पुलिस अधीक्षक धनबाद, मंडल कारा अधीक्षक धनबाद, मधुपुर, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग नई दिल्ली के अध्यक्ष, पुलिस महानिदेशक झारखंड रांची को अलग-अलग आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है.

अधिकारियों को दिए गए आवेदन में सना प्रवीण ने आरोप लगाते हुए कहा है कि उसका पति विगत 4 वर्षों से मंडल कारा धनबाद में था. जिसे जिला प्रशासन के अनुरोध पर मधुपुर कर स्थानांतरित कर दिया गया. मधुपुर कारा में उसके पति के साथ अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है. जेल प्रबंधन द्वारा उसे शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है. ना ही उसे चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जा रही है और ना ही समय पर भोजन. जिससे उसके पति की शारीरिक स्थिति दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है. जेल मैनुअल के अनुसार जब वह अपने पति से मिलने जाती है तो अभिषेक कुमार नामक व्यक्ति जो उप कक्षपाल है उसे उसके पति से मिलने नहीं देता है. 9 अगस्त को जब वह अपने पति से मिलने गई थी तो उप कक्षपाल अभिषेक कुमार द्वारा उसके सामने ही उसके पति को प्रताड़ित किया जाने लगा और उसके पति से पैसे की मांग की गई. जब उसके पति ने पैसा देने से इनकार किया तो वह धमकी देते हुए कहा कि यदि पैसा नहीं मिला तो जेल में ही तड़पा तड़पा कर उसकी हत्या कर दी जाएगी. उसने आशंका व्यक्त की की जेल प्रबंधन उसके पति के साथ जैसा सुलूक कर रहा है. इससे उसे आशंका है कि जेल में एक साजिश के तहत उसके पति की हत्या हो सकती है.

### श्मशान घाट में गाना गाने पर दो पक्षों में मारपीट

**पुटकी।** दामोदर नदी तट पर मुनिडीह श्मशान कपाट घाट में गाना गाने पर सोमवार को शव जलानेवाले पुटकी व धोबनी के दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गयी.घटना में धोबनी कालिन्दी टोला निवासी काली पद कालिन्दी का बांया पैर टूट गया. मुनिडीह बीसीसीएल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसे धनबाद रेफर कर दिया गया.दो पक्षों के बीच मारपीट के बाद स्थिति तनाव पूर्ण हो गयी. स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुटकी व मुनिडीह पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी.दो युवक को हिरासत में लेते हुए मुनिडीह पुलिस ने पुटकी 3 नम्बर बाउरी टोला का शव लेकर श्मशान घाट गए वाहन को फिलहाल पकड़ लिया है. बताते हैं कि दोपहर में पुटकी बाउरी टोला के लोग शव जलाने के लिए कपाट घाट पहुंचे थे. करीब एक घण्टे बाद एक अन्य शव को लेकर धोबनी के लोग भी शव जलाने पहुंच गए. किसी साथी के कहने पर काली पद गाना गाने लगा. जिसका विरोध करने पर मारपीट हो गई. युवकों ने कालीपद की पिटाई करते हुए पैर तोड़ डाला. इससे धोबनी के लोग आक्रोशित हो गए.

# लोहा चोरी गैंग का पर्दाफाश, 16 गिरफ्तार



■ गैंग के 12 सदस्य धनबाद, दो यूपी और दो बिहार के रहने वाले

शुभम संदेश। साहिबगंज

पुलिस ने बरहेट थाना क्षेत्र में लोहा चोरी के बड़े गैंग का भंडाफोड़ करते हुए 16 सदस्यों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया और तीन वाहन जब्त किए. एसपी अमित कुमार सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर बरहरवा एसडीपीओ नितिन खंडेलवाल के नेतृत्व में हुई छापामारी में लोहे के 25 पाइप, 15 मोबाइल और ट्रक-मैजिक समेत तीन वाहन बरामद हुए. गैंग के सभी सदस्य धनबाद के रहने वाले हैं, जबकि दो आरोपी यूपी और दो बिहार से हैं. गिरोह के खिलाफ अन्य मामलों में भी एफआईआर दर्ज है. पुलिस सरगना और फरार सदस्यों की तलाश में जुटी है. पुलिस लाइन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में एसपी अमित कुमार सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी कि बरहेट थाना क्षेत्र के झिमोली गांव के ग्रामीणों ने सूचना दी थी कि झिमोली रोड के किनारे सरकारी जलापूर्ति कार्य हेतु गिराए गए लोहे के पाइप को कुछ अज्ञात व्यक्ति ट्रकों में भर रहे हैं. सूचना मिलते ही बरहरवा एसडीपीओ नितिन खंडेलवाल के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया. टीम ने छापामारी कर अंतर्राज्यीय गिरोह के 16 सदस्यों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया.

(शेष पेज-07 पर)

मध्यस्थ पर 10 करोड़ की संपत्ति बनाने का दावा

# करोड़ों की फर्जी निकासी का आरोप, डीसी से शिकायत

शुभम संदेश। धनबाद

**गोविंदपुर में मनरेगा घोटाला**



गोविंदपुर में मनरेगा योजना के तहत बड़े पैमाने पर घोटाले की शिकायत सामने आई है. ग्राम पंचायत तिलैया में समतलीकरण और डोभा निर्माण जैसे कार्यों में करोड़ों रुपये की फर्जी निकासी का आरोप लगाया गया है. धनबाद उपायुक्त आदित्य रंजन से की गई शिकायत पत्र में स्थानीय मुखिया, रोजगार सेवक और एक मध्यस्थ पर गरीब मजदूरों के अधिकारों का शोषण करने और सरकारी धन की लूट का आरोप है. उपायुक्त को भेजे गए इस पत्र में तत्काल जांच और कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है. शिकायतकर्ता आनंद कुमार ने बताया कि गोविंदपुर प्रखंड की तिलैया ग्राम पंचायत में मनरेगा के कार्य मजदूरों द्वारा किए जाने चाहिए, लेकिन वास्तव में एक पूंजीपति मध्यस्थ मिथुन कुमार महतो द्वारा जेसीबी मशीनों से काम पूरा किया जाता है. मिथुन, जो खुद एक मनरेगा जॉब कार्ड धारक (नंबर जेएच-21-003-038-007/15-A) और मेट (आईडी नंबर जेएच-21-003-038-007/313113) हैं, काम पूरा करने के बाद जीओ टैगिंग करवाते हैं और फिर फर्जी जॉब कार्डों के माध्यम से पैसे निकालते हैं. मिथुन कुमार महतो रोजगार सेवक परमेश्वर महतो का आईडी पासवर्ड अपने पास रखते हैं और उनके घर से ही डिजिटल कार्य करते हैं. वे लगभग 400 जॉब कार्डों में डिमांड डालते हैं, मुखिया सुधीर प्रसाद महतो की मिलीभगत से एफटीओ जनरेट करते हैं. गरीब, दलित और आदिवासी मजदूरों के बैंक पासबुक अपने पास रखकर उन्हें जबरन बैंक ले जाकर पैसे निकलवाते हैं और प्रति हजार रुपये पर मात्र 100 रुपये देते हैं. हर सप्ताह 400 मजदूरों की डिमांड डाली जाती है, जिससे पिछले 10 वर्षों में मिथुन ने अपनी और पत्नी अनीता देवी (आंगनबाड़ी सेविका) के नाम पर करीब 10 करोड़ की चल-अचल संपत्ति बना ली है.

शिकायत में यह भी कहा गया है कि मुखिया सुधीर प्रसाद महतो पंचायत में वार्ड सदस्यों के साथ कभी बैठक नहीं करते. जब रोजगार सेवक से आईडी पासवर्ड मिथुन को देने का कारण पूछा जाता है, तो वे कहते हैं कि मिथुन एक लाख रुपये देते हैं, तुम भी दो तो मुखिया से कहकर दिलवा देंगे. शिकायतकर्ता ने उपायुक्त से मांग की है कि इस पूरे मामले की जांच की जाए और विभागीय कर्मचारियों, मुखिया तथा मध्यस्थ मिथुन कुमार महतो के खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाए. हालांकि इस मामले में मुखिया तथा मिथुन कुमार महतो का पक्ष नहीं मिल पाया है.

### तालाब में डूबने से बालक की मौत

**टुंडी।** दक्षिणी टुंडी कटनियां गांव के हरिजन टोला के सोनु दास का पुत्र 8 वर्षीय मोनु दास की मौत ओझाडीह तालाब में स्नान के दौरान डूबने से हो गई. बताया जाता है कि वह नहाने के लिए आया था व पानी में उछल कुद कर रहा था. इस दौरान लबालब भरे तालाब में वह समझ नहीं पाया व डूब गया. डूबने के दौरान ग्रामीणों की नजर पड़ी व निकट के क्लिनिक लाया, जहां स्थानीय चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया. घटना के बाद गांव स्वजनों के क्रंदन से लोगों की आंखें गमगीन हो गई. मृतक का अंतिम संस्कार गांव के बगल में कर दिया गया.

▼ ब्रीफ खबरें

## वैन की चपेट में आकर मजदूर जख्मी

**महुदा।** कपुरिया मोड़ के समीप मारुति वैन की चपेट में आने से राहगीर सह दैनिक मजदूर साधन प्रमाणिक चोटिल हो गए. सड़क पर खड़ी एक बाइक क्षतिग्रस्त हो गई. घटना में मारुति चालक भी आंशिक रूप से चोटिल हुआ है. रविवार की रात्री करीब 9 बजे रूदी निवासी साधन प्रमाणिक कपुरिया मोड़ में स्थित एक आवास में सोने जा रहे थे. इस दौरान एक ऑनलाइन कंपनी के अधीन चलने वाली मारुति वैन ने उसे टक्कर मार दी. ओपी प्रभारी प्रमोद लकड़ा ने बताया कि दोनों वाहनों को जब्त कर ओपी लाया गया है. फिलहाल किसी भी पक्ष से शिकायत नहीं मिली है.

## एसबीआई का एटीएम 11 दिनों से बंद

**लोयाबाद।** लोयाबाद यूको बैंक के पास स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का एटीएम पिछले 11 दिनों से बंद पड़ा है. इस बार मशीन के इन्वर्टर में खराबी आई है, जिसके पार्ट्स बदलने की जरूरत है. बैंक अधिकारियों के अनुसार, आवश्यक पार्ट्स बाहर से मंगाए जा रहे हैं, जिसके बाद ही एटीएम चालू हो पाएगा. एटीएम ठप होने से ग्राहकों को भारी परेशानी हो रही है. आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक यहां रोजाना करीब दस लाख रुपये का ट्रांजेक्शन होता है. घटना से न केवल ग्राहक प्रभावित हैं,बल्कि बैंक को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है. ज्ञात हो कि लोयाबाद में एसबीआई के कुल तीन एटीएम हैं,एक बैंक परिसर में, दूसरा मदनाडीह मोड़ पर और तीसरा यूको बैंक के पास. इनमें से यूको बैंक वाला एटीएम सबसे ज्यादा ट्रांजेक्शन वाला है. गौरतलब है कि 15 जुलाई को जेवीएनएल की बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण यह एटीएम सात दिनों तक बंद रहा था. उस दौरान सुरक्षा कारणों से मुंबई से एटीएम का लिंक भी काट दिया गया था.

## 12 से 19 तक महुदा में पांच घंटे ठप रहेगी बिजली

**महुदा ।** विद्युत विभाग द्वारा तकनीकी मरम्म को लेकर 12 अगस्त मंगलवार से अगले मंगलवार 19 अगस्त तक सुबह 6 बजे से दिन 10.30 बजे तक महुदा क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बंद रहेगी. उक्त जानकारी बिजली विभाग के कनीय अभियंता सोनु सांमड़ ने दी है. उन्होंने कहा कि महुदा क्षेत्र के जंगलों में पेड़ों की डालियों की छंटनी की जायेगी. बरसात में पेड़ की डालियों से बिजली तार सटने से बिजली अवरूद्ध हो रही है. इसी को लेकर सात दिन चार-पांच घंटे बिजली बंद रहेगी. इससे महुदा के पाथरगड़िया, भाटडीह, भंवरदाहा फीडर का क्षेत्र प्रभावित रहेगा.

## पुरुलिया की टीम पहुंची सेमीफाइनल में

**कतरास।** यादव स्पोर्टिंग क्लब के सौजन्य से तेतुलिया ग्राउंड में छह दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया. तीसरे दिन के खेल में सात टीमों को पराजित कर मां तारा स्पोर्ट्स क्लब पश्चिम बंगाल पुरुलिया की टीम ने सेमीफाइनल में जगह बना ली. इस टूर्नामेंट में कुल 32 टीमों ने भाग लिया है.15 अगस्त को इस टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला होगा. प्रथम पुरस्कार 61 हजार नगद एक बकरा एक कप द्वितीय पुरस्कार 31000 नगद, एक बकरा, एक कप के अलावे अन्य कई पुरस्कारों का वितरण किया जाएगा. मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष रिषभ यादव सचिव सुबोध यादव, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार, रोहन कुमार, दीपक सिंह, विशाल सिंह, राजा सिंह सहित अन्य मौजूद थे.

# विस्थापित ग्रामीणों का धरना-प्रदर्शन, चासनाला वाशरी ठप

(शुभम संदेश)।चासनाला




चासनाला कांड्रा बस्ती के ग्रामीणों ने बेरोजगार युवकों को रोजगार देने,उपर कांड्रा में बचे हुए कुछ घरों को बिजली देने सहित 5 सूत्री मांगों को लेकर विस्थापित ग्रामीण संघर्ष मोर्चा के बैनर तले ग्रमीणों ने सोमवार को सेल के चासनाला कोल वाशरी के कांटा घर को जाम कर प्रदर्शन और नारेबाजी की.एक दिवसीय धरना के कारण रॉ कोल ट्रांसपोर्टिंग ठप हो गई और भारी वाहनों की लम्बी कतार लग गई. इस दौरान मोर्चा के वक्ताओं ने कहा कि उक्त मांगों को लेकर सेल प्रबंधन के साथ कई बार पूर्व में भी वार्ता की गई लेकिन प्रबंधन द्वारा अभी तक कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई. प्रबंधन ने जो भी वादा किया था, उन्हें पूरा नहीं किया. इस कारण कांडरा,चासनाला के ग्रामीण विस्थापितों में भारी रोष व्याप्त है. उन्होंने कहा कि चासनाला कांड्रा के स्थानीय बेरोजगार युवकों को सेल के चासनाला एवं टासरा प्रोजेक्ट में रोजगार देना होगा. प्रबंधन के ठेकेदारों द्वारा स्थानीय ग्रामीणों को ठेके में काम नहीं दिया जाता है. जबकि यहां दूरदराज के लोगों को काम पर रखा गया है. यहां के स्थानीय ग्रामीण बेरोजगार हैं. उन्होंने कहा है कि प्रबंधन द्वारा कांडरा बस्ती में बिजली की व्यवस्था कर दी गई है. परन्तु उपर कांड्रा में बिजली नहीं दी गई है. जबकि बिजली के पोल व तार बिछा दिया गया है फिर भी अभी तक बिजली कनेक्शन नहीं किया गया है. कहा है कि चासनाला कोलियरी से हो रही कोयला चोरी पर रोक लगाई जाय. बस्ती के बेरोजगार युवकों को कोयले की सुरक्षा के लिए गार्ड की जगह पर एक महीने के लिए रखा जाय. जिसके बाद बेरोजगार युवकों द्वारा चोरी पर रोक नहीं लग सका तो बिना वेतन के उन्हें प्रबंधन हटा भी सकती है. उन्होंने कहा कि प्रबंधन की ओर से चासनाला कांड्रा बस्ती में एक उपस्वास्थ्य केंद्र खोल कर ग्रामीणों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराया जाय. सीएसआर राशि के तहत गांवों का विकास किया जाय एवं जो भी कार्य अभी तक किया गया उसका भी ब्योरा दिया जाय. कांड्रा श्मशान घाट पर सौंदर्यीकरण किया जाय. उन्होंने कहा कि 15 दिनों के अंदर लंबित मांगों पर प्रबंधन द्वारा तत्काल सकारात्मक पहल नहीं की गई तो मोर्चा द्वारा सेल चासनाला कोलियरी का पूरे कार्य को ठप्प कर चक्का जाम किया जाएगा. जिसकी पूरी जिम्मेदारी सेल प्रबंधन की होगी. मौके पर मोर्चा के कुमार महतो, प्रकाश महतो,संजू महतो, अजीत महतो,श्रवण महतो, कंचन महतो,रंजीत महतो, विजय महतो, आनंद महतो, देव महतो, उमेश महतो, प्रिंस मंडल, सत्यजीत ओझा, उदय गोराई, राहुल, नितेश महतो, नवीन महतो, शिबू गोराई, आनंद आदि उपस्थित थे.

### सुरक्षा व्यवस्था की खुली पोल, एक सप्ताह में दूसरी बार चोरों का धावा

# कनकनी कोलियरी के गोदाम से लाखों की चोरी

- वाहन में भर कर ले गए कोलियरी की संपत्ति

शुभम संदेश।लोयाबाद



बीसीसीएल प्रबंधन की लापरवाही और सुरक्षा में भारी चूक एक बार फिर सामने आई है. कनकनी कोलियरी के गोदाम से रविवार की मध्यरात्रि अज्ञात चोरों ने बड़ी सेंधमारी करते हुए भारी मात्रा में लोहे और कीमती पार्ट्स की चोरी कर ली. हैरानी की बात यह है कि महज छह दिन पहले, इसी गोदाम में चोरों ने सेंधमारी की कोशिश की थी, लेकिन नाकाम रहे थे. उस समय प्रबंधन ने सुरक्षा के नाम पर दीवार में लोहे की प्लेट लगाकर इतिश्री कर ली थी और अपनी पीठ थपथपाई थी. लेकिन रविवार की रात अपराधियों ने एक बार फिर चुनौती देते हुए गोदाम से लोहा एवं कीमती पार्ट-पूर्जे उठा ले गए. सूत्रों के अनुसार, चोरों ने वाहन से आए थे. दीवार में सेंध लगाई, फिर चोरी के माल को वाहन में लादकर फरार हो गए. मौके पर पहुंची सिजुआ क्षेत्र की सीआईएसएफ क्यूआरटी टीम को सिर्फ एक भारी लोहे का गाटर मिला, जिसे देखकर इलाके के लोग हैरत में पड़ गए. प्रबंधन ने आनन-फानन में गाटर को फिर से गोदाम में रखवाया और मरम्मत शुरू कर दी, लेकिन सवाल उठता है — आखिर सुरक्षा कहाँ थी?

**कब तक बना रहेगा अपराधियों का चारागाह**

लोगों की माने तो सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि गोदाम में रखे सामान का कोई पुख्ता लेखा-जोखा मौजूद नहीं है. इस कारण न तो चोरी गई संपत्ति का सटीक आंकलन हो पा रहा है, न ही एफआईआर में उसकी सही जानकारी दी जा सकती है. अब सवाल यह उठता है कि क्या बीसीसीएल प्रबंधन को और बड़ी चोरी का इंतज़ार है? आखिर कब तक गोदाम यूं ही अपराधियों की चरागाह बना रहेगा?

**दर्ज करायेंगे शिकायत : पीओ**

परियोजना पदाधिकारी गोपाल जी ने बताया कि चोरी गए माल की गिनती की जा रही है, जिसके बाद पुलिस में शिकायत दर्ज की जाएगी. कर्मी सूत्रों के अनुसार, इस गोदाम को पहले भी कई बार अपराधियों ने निशाना बनाया है, लेकिन ठोस सुरक्षा व्यवस्था आज तक नहीं की गई.

## बच्चों ने दो सौ फलदार पौधे लगाए

**गोविंदपुर (शुभम संदेश)।** सोमवार को बाल संसद, इको क्लब एवं विद्यालय परिवार ने पीएम श्री महेन्द्र प्लस टू उच्च विद्यालय बरवा पूरब परिसर में दो सौ फलदार पौधे लगाए. प्रधानाध्यापक राजेश कुमार ने कहा कि इसके पूर्व भी विद्यालय परिवार की ओर से विद्यालय परिसर तथा आस-पास के क्षेत्रों में एक हजार से भी अधिक फलदार एवं छायादार पौधे लगाए जा चुके हैं. उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने के लिए पौधारोपण के अलावा कोई और विकल्प नहीं है. कार्यक्रम में इको क्लब सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं के साथ ही शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी भाग लिया.

## बिनोद साव बनाए गए विधायक प्रतिनिधि

**बाघमारा (शुभम संदेश)।** बाघमारा विधानसभा क्षेत्र विधायक शत्रुघ्न महतो ने बरोरा बस्ती निवासी और बाघमारा प्रखंड के पूर्व प्रखंड उपप्रमुख बिनोद साव को बाघमारा अंचल एवं प्रखंड का विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया है. इस मनोनयन से क्षेत्रवासियों में हर्ष और उत्साह का माहौल है. बिनोद साव को इस दायित्व के लिए क्षेत्र की जनता, सामाजिक कार्यकर्ताओं और प्रबुद्धजनों ने हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं. जनता को पूर्ण विश्वास है कि साव के अनुभव और जनसेवा के प्रति समर्पण से बाघमारा अंचल एवं प्रखंड में प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और सरलता आएगी. साथ ही, आम जनता की समस्याओं का समाधान भी सुगमता से होगा.

### बीसीसीएल पर रैयतों की जमीन हड़पने का आरोप

# मधुबन में आउटसोर्सिंग के खिलाफ विधायकों को पत्र



**मधुबन (शुभम संदेश)।** बरोरा क्षेत्र के अंर्तगत मधुबन में बीसीसीएल द्वारा आउटसोर्सिंग कंपनी के माध्यम से कोयला उत्खनन करने को लेकर मौजा मधुबन मोहनपुर,सिद्धपोकी,सदरियाडीह, केसरगढ़ के गैरआवाद व रैयती जमीन को लीज के लिए बाघमारा सीओ के माध्यम से राज्य सरकार को बिना ग्रामीणों की जानकारी या बैठक किए बिना ही अनुमोदन भेजने के विरोध में स्थानीय ग्रामीणों ने टुंडी विधायक मथुरा महतो, डुमरी विधायक जयराम महतो और पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो से मिल कर गुहार लगाई. ग्रामीणों ने मधुबन मुखिया कमलेश्वर प्रसाद महतो के लेटर पैड से लिखित आवेदन दिया है. जनप्रतिनिधियों ने बीसीसीएल द्वारा ग्रामीणों की जमीन को हड़पने की साजिश पर रोक के लिए हर सहयोग की बात कही. ग्रामीणों व रैयतों ने जनप्रतिनिधियों को बताया कि मौजा मधुबन मोहनपुर, सिद्धपोकी, सदरियाडीह, केसरगढ़ में ग्रामीणों को रैयती जमीन के साथ गैरआबाद जमीन भी है, जहां लोग सदियों से खेती कर अपना जीवनयापन करते आ रहे है. बीसीसीएल ने ग्रामीणों की जमीन को हड़पने के उद्देश्य से आउटसोर्सिंग कंपनी को लीज देने के नाम पर बाघमारा अंचल के माध्यम से राज्य सरकार को अनुमोदन के लिए भेजना सरासर गलत है. इसके विरोध में ग्रामीणों ने एक सप्ताह पूर्व मुखिया की अध्यक्षता एक बैठकर एकजुटता दिखाते हुए बीसीसीएल के अधीन किसी भी आउटसोर्सिंग कंपनी को लीज पर जमीन नहीं देनी का प्रस्ताव पारित किया था. जन प्रतिनिधियों से मिलने में डेगलाल महतो, गोपाल महतो, राजेश कुमार महतो,वंशी महतो ,भारत महतो,मुक्तेश्वर महतो, करण, महतो, अमित महतो, अजित महतो, सूरज महतो आदि ग्रामीण थे.

न्यूज अपडेट ▼

## नुनूडीह में खुदीराम बोस का मनाया गया शहादत दिवस



**चासनाला (शुभम संदेश)।** नुनुडीह स्थित एके राय स्मृति भवन परिसर में सोमवार को खुदीराम बोस का 117वां शहादत दिवस मनाया गया. कार्यक्रम में सर्वप्रथम खुदीराम बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई. मजदूर नेता सबूर गोराई ने कहा कि खुदीराम बोस का जन्म 1889 में हुआ था तथा 11 अगस्त 1908 को अंग्रेजी हकूमत के द्वारा उन्हें फांसी दे दी गई थी. 19 वर्ष की उम्र में अग्रेजों के बढ़ते अत्याचार के खिलाफ उन्होंने आंदोलन का बिगुल फूंका और सभी को एकजुट करना शुरू किया. जिसके भय से अंग्रेजी हकूमत ने उनको फाँसी पर चढ़ा दिया था. उनका प्रसिद्ध नारा था वंदे मातरम्. आज के युवा को खुदीराम बोस की जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है जो देश को नई दिशा पर ले जाये. मौके पर सबूर गोराई, बिरेन गोराई, आरएन घोष, मोतीलाल गोराई, सोनू गोराई, नेपाल बाउरी, साधन धीवर, गौतम बनर्जी, बप्पा दत्ता, ईश्वर गोराई, मन्टुचन्द्र बाउरी आदि थे.

## सांसद के प्रयास से बागड़ा बस्ती में लगा ट्रांसफार्मर



**महुदा (शुभम संदेश)।** महुदा के बागड़ा बस्ती में ट्रांसफार्मर जलने से पिछले एक सप्ताह से ग्रामीण परेशान थे. सोमवार को पूर्व जिप सदस्य संतोष कुमार महतो ने गिरिडीह सांसद सीपी चौधरी के सहयोग से 100 केवी का नया ट्रांसफार्मर लाकर लगाया एवं फिता काटकर उदघाटन किया. पूर्व जिप सदस्य संतोष कुमार महतो ने बताया कि बागड़ा बस्ती के ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर जलने की सूचना दी तथा नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की. सांसद सीपी चौधरी को इसकी सूचना दी गयी. उन्होंने तुरंत बिजली विभाग चास को फोन कर गांव में नया ट्रांसफार्मर लगाने का निर्देश दिया. ग्रामीणों को साथ लेकर चास पहुंचा और वहाँ से 100 केबी लाकर बागड़ा बस्ती में लगाया. उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की समस्या का समाधान करना ही हमारा कर्तव्य है. मौके पर रंजीत महतो, कोयल महतो, भीष्मा मांझी, अरूण महतो, संतोष महतो, प्रकाश महतो, मुकेश महतो सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे.

## झरिया मायुमं निकालेगा विशाल तिरंगा शोभायात्रा

**झरिया (शुभम संदेश)।** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर मारवाड़ी युवा मंच – झरिया शाखा द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत 13 अगस्तको एक विशाल तिरंगा शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा. कार्यक्रम की संयोजिका किरण शर्मा व सह-संयोजक सन्नी अग्रवाल ने बताया कि शोभायात्रा का शुभारंभ प्रातः 10 बजे श्री श्याम मंदिर मार्ग से होगा. यह यात्रा लाल बाजार, लक्ष्मिनिया मोड़, सब्जी पट्टी और मुख्य बाजार होते हुए अपने गंतव्य तक पहुँचेगी. इस आयोजन में नगर के विभिन्न विद्यालयों की देशभक्ति झाँकियाँ, बैंड प्रदर्शन, तिरंगे से सजे वाहन, डीजे और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ विशेष आकर्षण का केंद्र होंगी. साथ ही बेटी बचाओ – बेटी पढ़ाओ विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा. मंच अध्यक्ष डॉ. मनीष शर्मा ने नगरवासियों से अपील की है कि वे इस ऐतिहासिक शोभायात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और राष्ट्रगौरव, एकता तथा देशभक्ति के इस आयोजन को सफल बनाएं.

## राजकासं ने किया मुराईडीह में पदाधिकारियों का सम्मान

**बरोरा (शुभम संदेश)।** राष्ट्रीय जनता कामगार संघ की बरोरा टीम ने बरोरा क्षेत्रीय अध्यक्ष बृजेश कुमार यादव के नेतृत्व में मुराईडीह परियोजना के नव नियुक्त परियोजना पदाधिकारी पीएस सिन्हा एवं प्रबंधक पंचन पांडेय का मुराईडीह कार्यालय में समारोह कर सम्मान किया. दोनों पदाधिकारियों को पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया. सम्मान समारोह के दौरान संघ ने मजदूरों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की और उनकी समस्याओं को पदाधिकारियों के समक्ष रखा. बृजेश कुमार यादव ने मजदूरों के हितों की रक्षा और कार्यस्थल पर बेहतर सुविधाओं के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई. कार्यक्रम में मुन्ना सिंह, रामदुलार प्रसाद, सुमन सिंह, उपेंद्र गोप, दीपक पासवान, सुरेश चौधरी, अशोक सिन्हा, अभिषेक कुमार, संजीत कुमार, राजेश कुमार सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे. इस अवसर पर सभी ने एकजुट होकर मजदूर कल्याण के लिए सहयोग का भरोसा दिलाया. राष्ट्रीय जनता कामगार संघ की ओर से इस सम्मान समारोह को मजदूर हितों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण और सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया.

## जमसं की मांगों पर एएमपी कोलियरी प्रबंधन ने दिया आश्वासन

**कतरास (शुभम संदेश)।** एएमपी कोलियरी मुराईडीह प्रबंधन के साथ जमसं के पदाधिकारियों ने सोमवार को वार्ता की. सकारात्मक वार्ता के बाद प्रबंधन ने नियमानुसार क्रियान्वयन करने का आश्वासन दिया. संघ ने कहा कि प्रबंधन नियम का हवाला देकर क्रियान्वयन करने का वादा तो करती है परन्तु समय पर क्रियान्वयन शुन्य है. तय समय-सीमा में श्रमिकों को एसएलपी देने, प्रमोशन करने, रेगूलाइज करने, उपादान राशि, विधवा पेंशन भुगतान, सन्डे देने में भेद भाव नहीं करने सहित अन्य मांगों पर जल्द से जल्द पूरा करने वार्ता हुई थी. वार्ता में पीएसके सिन्हा, परियोजना पदाधिकारी संदीप शर्मा, कार्मिक प्रबंधक, पाचान पाडे, प्रबंधक संघ के मंगल हेंब्रम, गणेश सिंह, धर्म चंद देशवाली,सुबोध कुमार सिंह, सुभाष कुम्हार, बलि राम पांडेय, प्रताप सिंह,विशणु कुमार, सहित अन्य लोग शामिल हुए.

## नीलकंठ मंदिर नेरो में महादेव का जलाभिषेक



शुभम संदेश।बरवापूर्व

बांग्ला सावन की अंतिम सोमवारी को श्री नीलकंठ महादेव मंदिर नेरो में सामूहिक रूप से जल यात्रा निकालकर बाबा को अभिषेक किया गया. सैंकड़ों महिला पुरुष केसरिया परिधानों से सुसज्जित होकर बाजा गाजा के साथ खुदिया नदी गए और वहां जल भरकर बोल बम का नारा लगाते हुए मंदिर तक पहुंचे. मंदिर के अध्यक्ष और सदस्यों के द्वारा भव्य जलयात्रा बैंड बाजा के साथ निकाली गयी. इसमें सैकड़ों शिव भक्तों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया. इसमें अनंतलाल मंडल, निर्मल मंडल, फणींद्रनाथ मंडल, दीनबंधु दा, अनूपलाल मंडल, नाविक मंडल, दशरथ मंडल , विकाश मंडल, उज्ज्वल रूज, राहुल मंडल, अरूप मंडल, साजन मंडल, छंदा मंडल, करुणा मंडल, बुनू दा, प्रतिमा मंडल एवं समस्त ग्रामवासी द्वारा उनकी देखरेख में बहुत ही खुशी और उत्साह के साथ खुदिया नदी से जल लाकर बाबा भोलेनाथ को जलार्पण किया गया.

## बांसजोड़ा में 15 दिनों से पेयजल आपूर्ति ठप, विरोध प्रदर्शन

शुभम संदेश।लोयाबाद



बांसजोड़ा 12 नंबर में पिछले 15 दिनों से निगम की पेयजल आपूर्ति पूरी तरह ठप है. सोमवार को पानी की किल्लत से जूझ रहे ग्रामीणों ने निगम के खिलाफ नारेबाजी कर नाराजगी जाहिर की. प्रदर्शन की अगुवाई गुड्डू मिश्रा ने की.सूचना पर निगम के दो कर्मी जांच के लिए मौके पर पहुंचे,जिनके साथ निवर्तमान पार्षद महावीर पासी भी मौजूद थे. ग्रामीणों ने बताया कि करीब 20 दिन पहले पीसीसी सड़क के बीच गोफ बनने के बाद बीसीसीएल प्रबंधन ने वहां भराई कराई थी. इस दौरान जलापूर्ति पाइप क्षतिग्रस्त हो गई,जिसके बाद करीब 60 घरों में पानी की आपूर्ति बंद हो गई. ग्रामीणों ने मांग की कि जल्द मरम्मत कर पानी की आपूर्ति बहाल की जाए।निगम कर्मियों के अनुसार,भूधंसान स्थल से पाइप हटाना पड़ेगा और इसके लिए नए पाइप की आवश्यकता है. वरीय अधिकारियों को इसकी सूचना दे दी गई है. पाइप और आदेश मिलते ही मरम्मत कार्य शुरू होगा.प्रदर्शन में निवर्तमान पार्षद महावीर पासी, गुड्डू मिश्रा,हाकीम खान,मनोज सिंह, वीरेन्द्र साव, नरेश साव, रवि विश्वकर्मा, मोनू खान, रोजर शेख, पिकलू पासवान, दयाशंकर पांडेय सहित कई लोग मौजूद थे.

## पूर्व मुखिया संघ ने बाघमारा बीडीओ और सीओ को किया सम्मानित



शुभम संदेश।बाघमारा

पूर्व मुखिया संघ बाघमारा द्वारा बाघमारा अंचल के नवपदस्थापित अंचलाधिकारी गिरजानंद किस्कु और वर्तमान प्रखंड विकास पदाधिकारी लक्ष्मण यादव को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया. सम्मान समारोह के दौरान बीडीओ लक्ष्मण यादव ने कहा कि पंचायत के विकास के लिए उनके नजरिए में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों समान हैं. उन्होंने जनप्रतिनिधियों से पंचायत विकास के प्रति तत्परता बरतने की अपील की. साथ ही, उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि सत्ता पक्ष द्वारा कोई गलती या जनता के साथ पक्षपात किया जाता है, तो इसकी सूचना मिलने पर जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी. सम्मान समारोह में पूर्व मुखिया संघ के अध्यक्ष परमेश्वर रवानी, चक्रधारी महतो, पूर्व मुखिया सह झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष सुरेश कुमार महतो, आनंद मंडल, संतोष महतो, महेंद्र चौहान, शैलेंद्र सिंह, मन्नू भुइया, रविंद्र दे, छोटेलाल महतो सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे. इस आयोजन ने क्षेत्र में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच सहयोग और समन्वय को मजबूत करने की दिशा में एक सकारात्मक संदेश दिया.

### वेतन नहीं मिलने से नाराज प्लांट कर्मी तालाबंद कर छह महीने से थे हड़ताल पर

# बंद फिल्टर प्लांट का ताला तोड़ मुखियों ने शुरू करायी जलापूर्ति

- संचालन समिति बनी जलापूर्ति के साथ करेगी कर्मियों के वेतन की व्यवस्था

शुभम संदेश। महुदा



महुदा ग्रामीण जलापूर्ति योजना में संवेदक द्वारा योजना को संचालित करने वाले कार्यरत कर्मचारियों को विगत छः माह से मानदेय भुगतान नहीं करने के जलापुर्ति कार्य बंद पड़ा हुआ है. वेतन नहीं मिलने के कारण कार्यरत कर्मी फिल्टर प्लान्ट में मजबूरन हड़ताल पर चले गये. प्लांट में ताला बन्दी कर दी है. इस योजना के लाभाविन्त महुदा, सिंगड़ा एवं छत्रुटांड तीन पंचायत के हजारों ग्रामीण काफी परेशान है. लोगों की समस्याओं को देखते हुए तीनों पंचायत के मुखिया बदरुद्दीन अंसारी महुदा, सुर्यकन्त महतो सिंगड़ा तथा छत्रुटाँड़ पंचायत के मुखिया प्रतिनिधी दिनेश प्रमाणिक छत्रुटांड़ ने सोमवार को जलापूर्ति योजना के फिल्टर प्लांट में लगे ताले को तोड़ दिया. वहीं एक कमेटी का गठन कर योजना को चालू करने की घोषणा की. इस संबंध में तीनों मुखिया ने कहा कि योजना में कार्यरत कर्मचारियों को ठेकेदार द्वारा मानदेय नहीं देने के कारण पिछले 6 माह से योजना बंद है. ग्रामीणों को नदी तालाब से पानी लाना पड़ता है. ग्रामीणों के परेशानी को देखते हुए जनप्रतिनिधियों ने जलापुर्ति योजना को एक नई कमेटी के माध्यम से चालू करने का फैसला लिया है. अब नई कमेटी की देखरेख में ग्रामीणों को जलापूर्ति की जाएगी. साथ ही कर्मचारियों का मानदेय भी दिया जाएगा. तीनों पंचायत के मुखिया के इस फैसले से ग्रामीणों में खुशी की लहर देखी जा रही है.

# बोकारो को नशामुक्त बनाना ही गुरुजी को सच्ची श्रद्धांजलि : डीसी

शुभम संदेश। बोकारो

विश्व आदिवासी दिवस 2025 के अवसर पर जिला प्रशासन और आदिवासी समाज द्वारा बोकारो जिले में दिशोम गुरु बाबा शिबू सोरेन को समर्पित एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन गोमिया प्रखंड के ललपनिया पंचायत के लुगुबुरू में किया गया. इस मौके पर उपायुक्त अजय नाथ झा, पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह समेत जिले के अन्य पदाधिकारी और आदिवासी समाज के सदस्य उपस्थित रहे. आदिवासी समाज की ओर से आयोजित इस सभा में दिशोम गुरु के जीवन, संघर्ष और आदिवासी चेतना के प्रति उनके योगदान को भावपूर्ण ढंग से याद किया गया. सभा की शुरुआत दो मिनट का मौन रखकर बाबा दिशोम गुरु को श्रद्धांजलि अर्पित करने से हुई. सभा को संबोधित करते हुए उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि बोकारो को नशामुक्त बनाना और शिक्षा को हर घर तक पहुंचाना हम सबकी जिम्मेदारी है. उन्होंने कहा कि नशे से मुक्ति, शिक्षा का विस्तार और समग्र विकास ही बाबा दिशोम गुरु को हमारी ओर से सच्ची श्रद्धांजलि होगी. जिले का एक भी बच्चा बुनियादी शिक्षा से वंचित न हो, इसके लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है. सभी का नामांकन आंगनबाड़ी केंद्रों, प्राथमिक विद्यालयों और उच्च विद्यालयों में हो, इसकी निगरानी की जाएगी. युवाओं को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि नशा और सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर शिक्षा, कौशल और रोजगार की दिशा में आगे बढ़ना ही भविष्य को उज्ज्वल बनाएगा. उन्होंने बाबा शिबू के नाम पर नशामुक्ति का अभियान चलाने और समाज को



जागरूक करने की बात कही, ताकि समाज के लोग स्वयं आगे आकर नशा का त्याग करें. उपायुक्त ने बाबा दिशोम गुरु की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा शुरू की गई रात्रि पाठशाला और समाज सुधारक की भूमिका के संबंध में विस्तार से बताया. उन्होंने उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया. उपायुक्त ने समाज के लोगों से बाबा शिबू सोरेन की आदमकद प्रतिमा के लिए स्थान चिह्नित करने को भी कहा. इस अवसर पर अपने संबोधन में पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने बाबा शिबू सोरेन की जीवनी और उनके संघर्ष के बारे में बताया. उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र, जो कभी नक्सल प्रभावित हुआ करता था, लगातार विकास और प्रगति के कारण ही इसकी पूरी तस्वीर बदली है. पूरा प्रशासन आप सभी के साथ है, और सभी लोग सुरक्षित यहां बैठे हुए हैं. उन्होंने अपने संबोधन में शिक्षा को महत्व देने और किसी भी प्रकार के नशे को अपने समाज और परिवार से दूर रखने की बात कही. उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने बाबा लुगुबुरू के मंदिर में पूजा-अर्चना की. इस दौरान उन्होंने जिले और राज्यवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और आपसी भाईचारे के लिए विशेष प्रार्थना की. उन्होंने कहा कि लुगुबुरू केवल धार्मिक स्थल ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक एकता का भी प्रतीक है. एसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ ने भी अपने संबोधन में बाबा दिशोम गुरु द्वारा सूदखोरी और महाजनी प्रथा के विरुद्ध किए गए आंदोलन और किसानों, दलितों तथा अन्य पीड़ित वर्गों के शोषण को बंद करने के लिए किए गए कार्यों के बारे में बताया. उन्होंने कहा कि उनके बारे में जितना भी कहा जाए कम है, इसलिए हम यही कहना चाहेंगे कि उनके बताए हुए मार्ग पर हम सभी को चलना चाहिए. हमें शिक्षा को अपनाना चाहिए और नशापान को छोड़ना होगा. सभी वर्गों के लोगों को न्याय दिलाने के लिए एक-दूसरे का सहयोग करना होगा. इस मौके पर जिला नजारत उप समाहर्ता प्रभाष दत्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी एन एस कुजूर, कार्यपालक दंडाधिकारी कनिष्क कुमार, आदिवासी समाज के लोग और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे.

# पुलिस एनकाउंटर में मारा गया सूर्या हांसदा, दर्जनों मामले हैं दर्ज

## 2019 में भाजपा के टिकट पर लड़ा था चुनाव, दूसरे स्थान पर रहे थे सूर्या हांसदा

- जेएलकेएम और जेवीएम से भी लड़ चुका है चुनाव

शुभम संदेश। गोड्डा

सूर्या हांसदा पुलिस मुठभेड़ में मारा गया. जानकारी के अनुसार, वह कई अपराधिक मामलों में फरार चल रहा था. रविवार को सूर्या की गिरफ्तारी के बाद पुलिस उसकी निशानदेही पर ललमटिया जंगल में छुपाए गए हथियार को बरामद करने सोमवार को गई थी. इसी दौरान वह पुलिस का हथियार छिनकर भागने लगा. तभी पुलिस ने उस पर गोली चलाई, जिससे उसकी मौत हो गई. पुलिस ने सूर्या हांसदा के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है. गोड्डा एसपी मुकेश कुमार ने पुलिस मुठभेड़ में सूर्या हांसदा के मारे जाने की पुष्टि की है. सूर्या के एनकाउंटर की सूचना पर ग्रामीणों की भारी संख्या में भीड़ जमा हो गई. पुलिस भी मौके पर कैंप कर रही है. सूर्या हांसदा ने 2019 में बोरियो विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ा था और दूसरे स्थान पर रहे थे. पार्टी ने भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ताला मरांडी का टिकट काट कर सूर्या हांसदा पर भरोसा जताया था. सूर्या हांसदा ने



लोकसभा चुनाव से पहले ही पार्टी में शामिल हुए थे. युवा नेता की पहचान रखने वाले सूर्या तीन बार चुनाव हार चुके थे. उन्होंने दो बार जेवीएम और एक बार भाजपा से अपनी किस्मत आजमायी थी. सूर्या हांसदा ने लोकसभा चुनाव से पहले ही पार्टी में शामिल हुए थे. युवा नेता की पहचान रखने वाले सूर्या तीन बार चुनाव हार चुके थे. उन्होंने दो बार जेवीएम और एक बार भाजपा से अपनी किस्मत आजमायी थी. वहीं पिछले विधानसभा चुनाव में सूर्या हांसदा ने जयराम महतो की पार्टी जेएलकेएम से चुनाव लड़ा था. सूर्या हांसदा का आपराधिक इतिहास भी रहा है. जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सूर्या हांसदा के खिलाफ दर्जनों मामले दर्ज हैं. उनका नाम अडानी कंपनी के वाटर पाइप लाइन कार्य में लगे वाहनों में आगजनी मामले में भी सामने आया था. मामले का खुलासा होने के बाद सूर्या हांसदा गिरफ्तारी से बचने के लिए कई दिनों तक फरार थे. 9 जनवरी 2020 को गोड्डा जिले के ठाकुरगंगटी थाना क्षेत्र के बहादुरचक के पास अडानी कंपनी की वाटर पाइपलाइन परियोजना में लगे वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया था. जांच में सामने आया कि इस घटना की साजिश सूर्या हांसदा ने रची थी. पुलिस ने घटना में शामिल तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया था. पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपितों ने बताया कि घटना की रात सूर्या हांसदा ने अपने घर पर एक मीटिंग बुलाई थी, जिसमें सभी शामिल थे. वहीं उन्हें पेट्रोल और डीजल मुहैया कराया गया, ताकि अडानी कंपनी के वाहनों को जलाया जा सके. वहीं, सूर्या हांसदा की मां भी जिला परिषद सदस्य रह चुकी है. सूर्या हांसदा की मां ने बताया कि सूर्या का वेल्लोर में इलाज चल रहा था, वहां से वह देवघर लौटकर मोहनपुर के नवाडीह में एक रिश्तेदार के यहां रह रहा था, वहां से सादे कपड़ों में पुलिस बाइक पर आई और उसे ले गई. उसके बाद से वह लापता है, किसी अनहोनी की आशंका है.

### हथियार छीनकर भागने के क्रम में लगी गोली : एसपी



गोड्डा। पुलिस हिरासत में सिपाही के पास से राइफल छीनकर भाग रहे अपराधी सूर्यनारायण हांसदा को पुलिस ने गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई. पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले जून महीने में ललमटिया कोलियरी क्षेत्र में हुई गोलीबारी की घटना से संबंधित कांड संख्या 44/25 में सूर्या की तलाश थी. उसकी गिरफ्तारी के लिए टास्क फोर्स का गठन किया गया था. इसी क्रम में टास्क फोर्स को मिली सूचना के आधार पर बीते रविवार को सूर्या हांसदा को गिरफ्तार किया गया. पूछताछ के बाद हथियार की बरामदगी और गैंग के बाकी सदस्यों की तलाश में बीती रात उसे बोआरीजोर थाना क्षेत्र के कमलडोरी पहाड़ के पास ले जाया जा रहा था. इसी दौरान सूर्या ने एक जवान से इंसास राइफल छीनकर भागने की कोशिश की और गोली चलाने लगा. जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली से उसकी मौत हो गई. तलाशी के दौरान पुलिस ने एक देशी कट्टा, एक देशी पिस्तौल, दो दर्जन से अधिक खोखे, तीन जिंदा गोलियां और चार मिस फायर गोलियां बरामद कीं. मृत अपराधी के खिलाफ गोड्डा और साहिबगंज जिले में दो दर्जन से अधिक मामले दर्ज थे. टास्क फोर्स में ललमटिया थाना प्रभारी रौशन कुमार, महगामा थाना प्रभारी शिव दयाल सिंह, बोआरीजोर थाना प्रभारी ध्रुव कुमार सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे.

## ब्रीफ खबरें

### बोकारो उपायुक्त का फर्जी फेसबुक अकाउंट

**बोकारो।** उपायुक्त बोकारो अजय कुमार झा के नाम एवं प्रोफाइल फोटो का दुरुपयोग करते हुए फर्जी फेसबुक आईडी बनाई गई है, जिसके माध्यम से दूसरों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजे जा रहे हैं. यह साइबर फ्रॉड का मामला है. इस संबंध में उपायुक्त अजय कुमार झा ने आमजनों से सतर्क रहने की अपील की है. उन्होंने कहा है कि यदि किसी अनधिकृत सोशल मीडिया अकाउंट या फोन नंबर से पैसों की मांग की जाती है या किसी प्रकार का प्रलोभन/लिंक भेजा जाता है, तो उसे तुरंत ब्लॉक करके फेसबुक को रिपोर्ट करें. साथ ही, मैसेंजर एवं किसी भी संदिग्ध मैसेज या लिंक को क्लिक करने से बचें. उक्त मामले की जानकारी जिला पुलिस को दी गई है और आगे की कार्रवाई की जा रही है.

### लखन खवास बने जिला उपाध्यक्ष

**तालगड़िया।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजदेव महथा ने चास प्रखंड के पंचायत बेलुंजा के गांव उसरडीह निवासी डॉ. लखन खवास को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया है. इनके मनोनयन पर जिला व प्रखंड संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारियों व सदस्यों ने श्री खवास को बधाई दी है. डॉ. लखन खवास छात्र जीवन से ही क्रांतिकारी रहे हैं. इन्होंने पूर्व मंत्री समरेश सिंह के साथ अलग राज्य झारखंड के आंदोलन में अहम भागीदारी निभाई है.

### चेचका धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**तालगड़िया।** चास प्रखंड अंतर्गत पौराणिक चेचका धाम में सोमवार को आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा. कुम्हरी, डुमरदा सहित आसपास के दर्जनों गांवों से सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे श्रद्धालु चेचका धाम पहुंचे. श्रद्धालुओं ने दामोदर नदी में आस्था की डुबकी लगाई और कांवड़ व लोटे में जल भरकर 'बोल बम' के जयकारों के साथ बाबा के दरबार में जलाभिषेक किया. मंदिर के पुजारी विजय उपाध्याय, सदानंद उपाध्याय, किशोर उपाध्याय, दिलीप पाठक, सुधीर पाठक, अंकिम सरखेल, मनातु सरखेल, विजय उपाध्याय उर्फ बुलबुल सहित कई अन्य ने श्रद्धालुओं को संकल्प कराकर पूजा-अर्चना कराई.

### पिट्स मॉडर्न स्कूल का रहा शानदार प्रदर्शन

**बोकारो।** पिट्स मॉडर्न स्कूल के विद्यार्थियों ने एमजीएम स्कूल, बोकारो में आयोजित प्रथम जिला गतका चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया. उन्होंने 4 स्वर्ण, 6 रजत और 11 कांस्य पदक सहित कुल 21 पदक जीते और 150 अंकों के साथ उपविजेता का स्थान हासिल किया. विद्यालय से 13 छात्रों ने भाग लिया और 12 पदक (3 रजत, 9 कांस्य) जीते, जबकि 8 छात्राओं ने असाधारण कौशल, अनुशासन और खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए 8 पदक (3 स्वर्ण, 3 रजत, 2 कांस्य) जीते. एक बेहद गर्व का क्षण तब आया जब पिट्स मॉडर्न स्कूल की मैथिली ठाकुर को अंडर-11 वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में सम्मानित किया गया और उन्हें जिले की सबसे होनहार प्रतिभाओं में से एक माना गया. यह उपलब्धि नईम अंसारी (छात्रों के कोच) और खुशी कुमारी (बालिकाओं की कोच) के समर्पित प्रशिक्षण के कारण संभव हुई, जिनके मार्गदर्शन और प्रतिबद्धता ने टीम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. पिट्स मॉडर्न स्कूल, गोमिया के सभी पदक विजेता अब 23 और 24 अगस्त को क्रेडो वर्ल्ड स्कूल, धनबाद में आयोजित होने वाली झारखंड राज्य गतका चैंपियनशिप में बोकारो जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे.

# रोटरी क्लब ऑफ बोकारो का कांवड़िया सेवा प्रोजेक्ट आयोजित

शुभम संदेश। बोकारो

रोटरी क्लब ऑफ बोकारो मिडटाउन कपल्स द्वारा सावन माह के पावन अवसर पर कांवड़िया सेवा प्रोजेक्ट का आयोजन सोनोबाद गाँव में बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया. इस सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत क्लब के सदस्यों ने बाबा भोलेनाथ के श्रद्धालु कांवड़ियों को केसरिया रंग के सूती तौलिए वितरित किए, ताकि उनकी यात्रा के दौरान उन्हें आराम और सुविधा मिल सके. कार्यक्रम के दौरान कांवड़ियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया और उन्हें सुरक्षित एवं सुखद यात्रा की शुभकामनाएं दी गईं. क्लब के सदस्यों शिव अग्रवाल, अमित जोहर और साजन कपूर ने स्वयं सेवा कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाई और पूरे वातावरण को भक्ति और सेवा भावना से सराबोर कर दिया. क्लब अध्यक्ष मिनी स्टीफन कपूर ने कहा कि रोटरी क्लब ऑफ बोकारो मिडटाउन कपल्स का उद्देश्य केवल सेवा कार्य करना नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक संदेश फैलाना भी है. कांवड़ियों की सेवा हमारे लिए सौभाग्य की बात है और इससे हमें भी आध्यात्मिक संतोष प्राप्त हुआ. क्लब सचिव मोहित अग्रवाल ने बताया कि हमारा क्लब समय-समय पर इस तरह की सेवा गतिविधियों का आयोजन करता है. सावन का महीना भक्ति, त्याग और सेवा का प्रतीक है और इस अवसर पर कांवड़ियों की सेवा करना हमारे क्लब की परंपरा और प्रतिबद्धता का हिस्सा है. रोटरी क्लब ऑफ बोकारो मिडटाउन कपल्स ने एक बार फिर साबित किया कि सेवा ही सर्वोत्तम धर्म है और समाज में भलाई के कार्य निरंतर किए जाते रहेंगे.

# सड़क दुर्घटना में बाइक चालक की मौत

शुभम संदेश। पथरगामा

तेज रफ्तार कार और बाइक की आमने-सामने हुई टक्कर में बाइक सवार की मौत हो गई. यह घटना पथरगामा प्रखंड मुख्यालय से सटे फोरलेन पर मां सुंदर लाइन होटल के पास दोपहर करीब एक बजे हुई. प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, कार संख्या जेएच 04 एडी 1875 महगामा से गोड्डा की तरफ जा रही थी, जबकि बाइक सवार युवक गोड्डा की ओर से अपने घर पथरगामा की तरफ लौट रहा था. इसी क्रम में लाइन होटल के पास सड़क के बाईं तरफ मोटरसाइकिल और कार की सीधी टक्कर हो गई. टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक के सिर का बायां हिस्सा बुरी तरह से जख्मी हो गया. कार का शीशा और बोनट पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया. युवक के सिर का बाल और मांस का



लोथड़ा कार के बोनट पर चिपक गया था. युवक का शरीर भी कार के निचले हिस्से में फंसकर कुछ मीटर तक घसीटते चला गया. युवक की मौके पर ही मौत हो गई. मृतक की पहचान बगल के गांव रंगमटिया निवासी राधे महतो (पिता सदानंद महतो) के रूप में हुई. घटना की सूचना पर पथरगामा थाना के अवर निरीक्षक सुनील कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और कार तथा मोटरसाइकिल को अपने कब्जे में लेकर थाना ले आए. शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गोड्डा भेज दिया गया. घटना के बाद जब शव गांव पहुंचा, तो आक्रोशित ग्रामीणों ने बीच सड़क पर शव रखकर गोड्डा-पथरगामा मुख्य मार्ग को अवरुद्ध कर दिया. बड़ी संख्या में जुटे ग्रामीणों को समझाने के लिए पहुंची पुलिस टीम को भी ग्रामीणों का विरोध झेलना पड़ा. मुआवजे की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन जारी था.

# जिला प्रशासन बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में कार्यरत : डीसी

## उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का संयुक्त निरीक्षण

**खास बातें**

- नगर प्रशासन को दवाइयों का छिड़काव करने का निर्देश
- सीएस को स्वास्थ्य शिविर लगाकर जांच एवं दवाइयों के वितरण का आदेश
- जरूरतमंदों में खाद्य सामग्री वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश जारी

शुभम संदेश। साहिबगंज

जिला प्रशासन साहिबगंज द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों को लेकर लगातार कार्रवाई की



जा रही है. इसी क्रम में सोमवार को उपायुक्त हेमंत सती एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से गंगा नदी से प्रभावित साहिबगंज शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान बायसी स्थान, हबीबपुर, भारतीय कॉलोनी, रसुलपुर दहला, साहिबगंज कॉलेज आदिवासी हॉस्टल कैंपस समेत कई बाढ़ प्रभावित इलाकों का जायजा लिया गया. इस दौरान उपायुक्त ने स्थानीय ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की और उनके समाधान के लिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए. उपायुक्त हेमंत सती ने नगर प्रशासन को निर्देशित किया कि प्रभावित क्षेत्रों में मच्छर एवं संक्रामक रोगों से बचाव हेतु आवश्यक दवाइयों का नियमित छिड़काव किया जाए. सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों की जांच की जाए और आवश्यक दवाइयां निःशुल्क वितरित की जाएं, ताकि किसी भी प्रकार की महामारी फैलने से रोका जा सके. इसके साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि जरूरतमंद प्रभावित परिवारों के बीच खाद्य सामग्री का वितरण सुनिश्चित किया जाए. उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि किसी भी परिस्थिति में प्रभावित परिवारों को असुविधा न हो, इसके लिए जिला प्रशासन पूरी सतर्कता के साथ कार्य कर रहा है. उन्होंने मौके पर उपस्थित लोगों को आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन बाढ़ की स्थिति पर निरंतर निगरानी रख रहा है तथा आवश्यक कदम तेजी से उठाए जा रहे हैं. उन्होंने यह भी कहा कि राहत एवं बचाव कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. इस निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी बासुकीनाथ टुडू, नगर प्रशासक अभिषेक सिंह, नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि सिंह समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे. सभी अधिकारियों को अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी तत्परता से करने और आमजन की हर संभव सहायता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए.

## न्यूज अपडेट

### सरकार आवाज दबाने का कर रही काम : अमित

**गोड्डा (शुभम संदेश)।** सूर्य नारायण हंसदा के एनकाउंटर से लगता है कि यह सरकार अपराधियों को रोकना नहीं, बल्कि अपने खिलाफ उठने वाली आवाज को बंदूक के बल पर दबाना चाहती है. गोड्डा के पूर्व भाजपा विधायक अमित मंडल ने कहा कि झारखंड सरकार बंगाल सरकार के नक्श-ए-कदम पर चल रही है, जो समाज के लिए आत्मघाती है. यह एनकाउंटर एक साजिश प्रतीत होती है, जिसकी किसी स्वतंत्र इकाई से जांच किए जाने की जरूरत है. यह मानवाधिकार के उल्लंघन का मामला है. आदिवासी समाज को ऐसी पुलिसिया कार्रवाई का प्रतिकार करना चाहिए. उन्होंने कहा कि पहले खबर मिली थी कि मोहनपुर में उसे गिरफ्तार कर लिया गया है, फिर खबर आई कि एनकाउंटर कर दिया गया है. पुलिस की हिरासत से वह कैसे भागने का प्रयास कर रहा था कि पुलिस को गोली मारनी पड़ी, यह जांच का विषय है. इसी प्रकार, पिछले महीने भी अमर शहीद सिदो-कान्हू के वंशज मंडल मुर्मू को भी साजिश के तहत झूठा मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया था. यह सरकार नहीं चाहती कि उसके खिलाफ कोई आवाज उठे और यदि उनके खिलाफ आवाज उठती है, तो उस आवाज को दबाने का काम किया जा रहा है. श्री मंडल ने कहा कि सूर्य हांसदा जेएमएम से भी जुड़े थे, भाजपा में भी थे और पिछले चुनाव में कैंची छाप से चुनाव भी लड़े थे. राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता को व्यक्तिगत नहीं लिया जाना चाहिए.

### हथियार से हमला कर घर में हत्या

**साहिबगंज (शुभम संदेश)।** बरहरवा थाना क्षेत्र के श्यामपुर गांव में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल है. मिली जानकारी के अनुसार रविवार देर रात अज्ञात हमलावरों ने 36 वर्षीय मिथुन रविदास (पिता–गणेश रविदास) के घर में घुसकर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई. बताया जा रहा है कि वारदात उस समय हुई जब मिथुन घर के अंदर अकेले सो रहा था. घटना की सूचना मिलते ही बरहरवा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश में विभिन्न जगहों पर छापेमारी कर रही है. हत्या की इस वारदात से श्यामपुर गांव में दहशत का माहौल है. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं ग्रामीणों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है. पुलिस का कहना है कि मामले की जांच हर पहलू को ध्यान में रखकर की जा रही है और जल्द ही हत्या का उद्भेदन कर दिया जाएगा.

### डीपीएस चास गतका प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर

**बोकारो (शुभम संदेश)।** डीपीएस चास के खिलाड़ियों ने बोकारो गतका एसोसिएशन द्वारा एम.जी.एम. हायर सेकेंडरी स्कूल बोकारो में 10 अगस्त 2025 को आयोजित जिला स्तरीय प्रथम गतका प्रतियोगिता में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया. उन्होंने 5 रजत और 10 कांस्य पदक सहित कुल 15 पदक जीतकर जिले में तीसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है. इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में डीपीएस चास से कुल 22 गतका खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था. अंडर-11 आयु वर्ग में पाँचवीं कक्षा के रुद्र सिंह ने रजत पदक और चौथी कक्षा के कौशलेंद्र ने कांस्य पदक प्राप्त किया. अंडर-14 आयु वर्ग में नौवीं कक्षा के प्रखर प्रत्यूष ने रजत और रिशु राज सिंह ने कांस्य पदक प्राप्त किया. अंडर-17 आयु वर्ग में नौवीं कक्षा के विवेक महतो और वैभव राज ने रजत पदक जीते, जबकि रिया कुमारी, दीपशिखा गुप्ता, जयप्रकाश नारायण, शौर्य राज साहा और अनमोल कुमार ने कांस्य पदक जीते. अंडर-19 आयु वर्ग में नौवीं कक्षा के कुमार अक्षत ने रजत पदक और राज आर्यन, पूर्वी कुमारी और रिषभ देव ने कांस्य पदक जीते. इस प्रकार, डीपीएस चास इस प्रतियोगिता में ओवरऑल तीसरे स्थान पर रहा. विद्यार्थियों के इस शानदार प्रदर्शन पर विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ. हेमलता एस मोहन ने बधाई देते हुए कहा कि गतका खेल देश के पारंपरिक खेलों में से एक है. इस खेल में बच्चों की रुचि और प्रदर्शन सराहनीय है. विद्यालय की निदेशिका/प्राचार्या डॉ. मनीषा तिवारी ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि यह काफी सुखद है कि हमारे विद्यालय के खिलाड़ियों ने इस खेल में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है. विद्यालय हमेशा किसी भी क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए विद्यार्थियों को उचित मार्गदर्शन देता रहेगा. उन्होंने भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं. डीएस मेमोरियल सोसायटी चास के सचिव सुरेश अग्रवाल ने भी बच्चों के प्रदर्शन पर खुशी जाहिर की.

### घोड़ा लोक नृत्य प्रशिक्षण के लिए प्रतिभा खोज कार्यक्रम का उद्घाटन

**कसमार (शुभम संदेश)।** कसमार प्रखंड के सिंहपुर में जागो जगाओ सांस्कृतिक कला मंच की ओर से 11 दिवसीय घोड़ा लोक नृत्य प्रशिक्षण कार्यशाला एवं वृहद सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए सोमवार को प्रतिभा खोज कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख नियोति दे ने फीता काटकर किया. इस दौरान प्रमुख नियोति दे ने कहा कि लोक कला एवं लोक नृत्य शैली झारखंड की सांस्कृतिक विरासत है. जागो जगाओ सांस्कृतिक कला मंच ने झारखंड की प्रमुख लोक नृत्य घोड़ा नाच जैसी प्राचीन कला को पुनर्जीवित कर समाज में एक नया संदेश दिया है. संस्था के निदेशक एवं राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त घोड़ा लोक नृत्य कलाकार विनोद महतो रसलीन ने कहा कि यह प्रतिभा खोज दो दिन तक चलेगा, जिसके बाद 14 अगस्त से 22 अगस्त तक घोड़ा लोक नृत्य का प्रशिक्षण एवं सामग्री निर्माण का प्रशिक्षण कॉलेज स्तर के युवाओं को दिया जाएगा, ताकि युवा अपनी झारखंडी लोक कला के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में आगे आएं. मौके पर विनोद महतो, बलराम महतो, हरि महतो, काशीनाथ महतो, प्रेमचंद कालिंदी, जानू सांखवार, धनंजय घांसी, राजेश कुमार मुर्मू, पुष्पांजलि कुमारी, ललिता कुमारी, काशीनाथ सोरेन, रोहित कुमार महतो, राहुल कुमार महतो, ललित कुमार, शक्ति कुमार साहू, भूषण महतो, सागर प्रसाद महतो, रामेश्वर मुंडा, कुणाल कुमार महतो, डिंपल कुमारी, विष्णु चरण महतो, उत्तम कुमार महतो, सोमर कुमार महतो, अशोक कुमार महतो व अन्य कलाकार मौजूद थे.

### सेक्टर 12 मोड़ का नाम 'खुदीराम बोस चौक' करे प्रबंधन : कुमार अमित

**बोकारो (शुभम संदेश)।** सेक्टर 12 मोड़, दूंदीबाग स्थित स्वतंत्रता सेनानी शहीद खुदीराम बोस के प्रतिमा स्थल पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित के नेतृत्व में युवाओं और दूंदीबाग के दुकानदारों ने उनके बलिदान दिवस के दिन पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया. इस अवसर पर कुमार अमित ने कहा कि खुदीराम बोस युवाओं के प्रेरणास्रोत हैं. 18 वर्ष की अल्पायु में उन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना बलिदान दिया. उन्होंने बोकारो सिटी प्रबंधन से उनके शहादत को सम्मान देते हुए सेक्टर 12 मोड़ का नाम 'अमर शहीद खुदीराम बोस चौक, 12 मोड़' करने का आग्रह किया. कुमार अमित ने इस आशय का प्रस्ताव एवं प्रतिमा स्थल के सौंदर्यीकरण की मांग को लेकर शीघ्र ही बीएसएल प्रबंधन से मिलने की भी बात कही. इस अवसर पर लालबाबू, जितेंद्र कुमार, विशाल गौतम, के.बी. रजक, अनीश कुमार, राकेश राम, दीपक कुमार, तुफान चौरसिया, उत्तम महतो, तुलसी रजवार और अन्य लोग उपस्थित थे.

### साहित्यलोक की मासिक रचनागोष्ठी में बही काव्यरस की बयार

**बोकारो (शुभम संदेश)।** साहित्यिक संस्था साहित्यलोक की मासिक रचनागोष्ठी रविवार की शाम साहित्यकार शैलजा झा एवं रंगकर्मी शंभु झा के सेक्टर-9 स्थित आवास पर आयोजित हुई. कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार बुद्धिनाथ झा एवं संचालन साहित्यलोक के संयोजक अमन कुमार झा ने किया. रचनागोष्ठी में साहित्यकारों ने सावन, मानवीय भावनाओं, देशप्रेम, परंपरा, श्रृंगार आदि रसों से सराबोर रचनाओं का पाठ किया. कार्यक्रम की शुरुआत संस्कृत व मैथिली के साहित्यकार भुटकुन झा ने स्वस्तिवाचन के बाद धराकुण्ड कविता सुनाकर की. इसके पश्चात बटोही कुमार ने व्यथा, गंगेश कुमार पाठक ने मित्रक समाद, शैलजा झा ने मैथिली में मोन प्राण व अनचिन्हार स्त्री तथा हिन्दी में बजबजाता जख़्म, अमन कुमार झा ने मैथिली में पुनर्जन्मक भोज व टीक रखनिहार बाबा, अमीरीनाथ झा 'अमर' ने गाम घर व एक बात, राजीव कंठ ने प्रजातंत्रक ढ़ोल, अरुण पाठक ने हम हैं बिहारी, बिहार है गौरव हमारा..., जबकि बुद्धिनाथ झा ने ऊं महाभारत से एक प्रसंग सुनाने के बाद के करत बर जोड़ सजनी और चिनगी किझाउ ने प्रस्तुत कर सभी की सराहना पाई. पठित रचनाओं पर समीक्षा टिप्पणी बुद्धिनाथ झा, भुटकुन झा, राजेन्द्र कुमार, चन्द्र कान्त मिश्र, अमीरीनाथ झा, बटोही कुमार, शंभु झा आदि ने दी. अध्यक्षीय वक्तव्य में बुद्धिनाथ झा ने कहा कि साहित्यलोक द्वारा मासिक रचनागोष्ठी का निरंतर आयोजन प्रशंसनीय है. साहित्यकारों में रचनाधर्मिता के प्रति उत्साह बनाए रखने में इस प्रकार की गोष्ठियों की महती भूमिका है. उन्होंने कहा कि पठित रचनाओं पर की गई समीक्षाओं से रचनाओं के गुण-दोष का पता चलता है और रचनाकारों को सुधार का अवसर मिलता है. अंत में उन्होंने सभी रचनाकारों से मासिक गोष्ठियों में निरंतर भाग लेने की अपील की.

# माल ढुलाई में तीसरे पायदान पर खिसका धनबाद रेल मंडल

## लगातार बारिश बनी मुख्य वजह , अप्रैल में प्रथम, जुलाई में फिसला तीसरे स्थान



**शुभम संदेश। धनबाद**

भारतीय रेलवे के धनबाद मंडल ने अप्रैल 2025 में माल ढुलाई में देश में प्रथम स्थान हासिल कर अपनी धाक जमाई थी, लेकिन जुलाई 2025 में यह प्रदर्शन थोड़ा प्रभावित हुआ और मंडल तीसरे स्थान पर खिसक गया. धनबाद रेल मंडल प्रबंधक अखिलेश मिश्र ने बताया कि इस गिरावट का मुख्य कारण लगातार हो रही बारिश हैं. बारिश के कारण कोयले का उत्पादन प्रभावित हुआ जिससे माल ढुलाई में गिरावट आई है. बारिश के बाद पुनः धनबाद सबसे अच्छा प्रदर्शन करेगा. उक्त बातें डीआरएम ने सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही.

### अप्रैल में शानदार शुरुआत

अप्रैल 2025 में धनबाद रेलवे मंडल ने 16 .55 मिलियन टन माल ढुलाई कर देश भर में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। इसमें कोयले की ढुलाई 15 .98 एमटी और अन्य माल 0 .57 एमटी शामिल थी. इस दौरान मंडल ने प्रतिदिन 8012 वैगन की लोडिंग की, जिसमें कोयले के 7721 वैगन और अन्य माल के 291 वैगन शामिल थे. इस उपलब्धि के साथ मंडल ने 2243 .99 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया, जो बिलासपुर (15 .44 एमटी) और खुरदा (13 .20 एमटी) जैसे डिवीजनों को पीछे छोड़ने का गवाह बना.

### जुलाई में प्रदर्शन में गिरावट

हालांकि, जुलाई 2025 में धनबाद मंडल की माल ढुलाई 13 .64 एमटी रही, जो सभी डिवीजनों में तीसरे स्थान पर रही, जबकि बिलासपुर (15 .26 एमटी) और खुरदा (14 .55 एमटी) आगे निकल गए. अप्रैल-जुलाई 2025-26 की अवधि में कुल 62 .67 MT माल ढुलाई के साथ धनबाद दूसरे स्थान पर रहा, जहां बिलासपुर (63 .19 एमटी) शीर्ष पर बना रहा.

### बुनियादी ढांचे पर जोर

हालांकि माल ढुलाई में गिरावट आई, धनबाद मंडल ने टोरी-बिराटोली तीसरी लाइन (6 .5 किमी) के 100% निर्माण और सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना जैसे कदम उठाए हैं. इसके अलावा, ट्रेन सेवाओं का विस्तार (लोकमान्य तिलक-धनबाद और उद्धना-गया) और नई स्टॉपेज (चीचकी, टंकुप्पा) से कनेक्टिविटी मजबूत हुई है.

### राजस्व में मजबूती बरकरार

जुलाई 2025 में माल भाड़ा आय 1695 .476 करोड़ रुपये रही, जो सभी डिवीजनों में दूसरा सबसे ऊंचा आंकड़ा है, जबकि बिलासपुर (1967 .042 करोड़ रुपये) पहले स्थान पर रहा. अप्रैल-जुलाई 2025-26 में कुल आय 7933 .061 करोड़ रुपये रही, जो बिलासपुर (8059 .411 करोड़ रुपये) के बाद दूसरा स्थान दर्शाती है. यात्री आय में भी 183 .63 करोड़ रुपये के साथ 8 .96% की वृद्धि दर्ज की गई.

# हरेंद्र चौहान ने सीएम से की मुलाकात शिबू सोरेन के निधन पर जताया शोक

## पंडित क्लीनिक रोड निर्माण के लिए आवेदन सौंपा



**शुभम संदेश। धनबाद**

झारखंड मुक्ति मोर्चा धनबाद महानगर समिति के उपाध्यक्ष हरेंद्र चौहान ने सोमवार को नेमरा पहुंचकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की और दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की. उन्होंने शिबू सोरेन को भारत रत्न देने की मांग की. उन्होंने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन का निधन पूरे झारखंड राज्य के लिए अपूरणीय क्षति है. झारखंड ने एक महान नेता खो दिया है. शिबू सोरेन झारखंड राज्य के जनक और जल, जंगल, जमीन के जननायक थे. उनकी कमी राज्य को सदा महसूस होगी. हरेंद्र चौहान के साथ जेएमएम धनबाद महानगर अध्यक्ष मंटू कुमार चौहान, उपाध्यक्ष वकील दास, कोषाध्यक्ष टिंकू सरकार और वार्ड अध्यक्ष गोबिंद दास ने भी शोक व्यक्त किया. इसके साथ ही, उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को धनबाद के पंडित क्लीनिक रोड के निर्माण, जो कई वर्षों से लंबित है, के लिए एक आवेदन सौंपा.आवेदन में बताया गया कि पंडित क्लीनिक रोड वर्षों से अर्धनिर्मित है, इस कारण वहां रहने वाले लोगों को नारकीय स्थिति का सामना करना पड़ रहा है. सात वर्ष पहले इस सड़क के निर्माण के लिए टेंडर जारी हुआ था, लेकिन कुछ कारणों से मामला एसीबी (भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो) के पास जांच के लिए चला गया. जब तक एसीबी से एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) नहीं मिलता, तब तक सड़क का निर्माण संभव नहीं है. इस सड़क के निर्माण के लिए बरटांड़ की जनता अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गई है. मुख्यमंत्री ने इस मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया.शोक व्यक्त करने वालों में मिंटू चौहान, अरविंद चौहान, निर्मल चौहान, शिबू मंडल आदि शामिल थे.

# विधायक ने की शहर के महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई



**शुभम संदेश। धनबाद**

भाजपा धनबाद महानगर के बरटांड मंडल में मौजूद शहर में विभिन्न स्थानों पर स्थित महापुरुषों की प्रतिमाओं की सफाई का एक विशेष अभियान चलाया गया. अभियान में शहर के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारी रही. अभियान का उद्देश्य महापुरुषों के प्रति सम्मान व्यक्त करना और शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना है. सफाई अभियान के दौरान, सिटी सेंटर चौक स्थित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा, धनबाद स्टेशन चौक पर बिनोद बिहारी महतो, बेकारबाँध पर अमर शहीद श्रधेय चंद्रशेखर, सिटी सेंटर चौक पर डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और अन्य महापुरुषों की प्रतिमाओं को श्री सिन्हा ने स्वयं पानी से धोकर साफ सफाई की. साथ ही साफ प्रतिमा स्थल की भी सफाई की गई. पार्टी कार्यकर्ताओं स्वयंसेवकों ने प्रतिमाओं के धूल, गंदगी को साफ किया. इसके अलावा, प्रतिमाओं के आसपास के क्षेत्र को भी साफ किया. विधायक ने कहा कि महापुरुषों की प्रतिमाएं हमारी गौरवशाली विरासत का प्रतीक हैं. इन प्रतिमाओं को साफ-सुथरा रखना हमारी जिम्मेदारी है. नागरिकों से भी प्रतिमाओं को साफ-सुथरा रखने की अपील की. कार्यक्रम में निवर्तमान वार्ड पार्षद अशोक पाल, सदर मंडल अध्यक्ष राजाराम दत्ता, किशोर मंडल, महामंत्री मनोज रिंकू, रितेश बहादुर सिंह,हुल्लास दास, मनोज सिंह, अमित सिंह, प्रमोद अग्रवाल आदि थे.

# बार एसोसिएशन चुनाव : अंतिम दिन अमरेंद्र समेत 15 उम्मीदवारों ने भरा पर्चा

**खास बातें**

- कुल 103 उम्मीदवारों ने किया नामांकन
- 12 एवं 13 अगस्त को नामांकन पत्रों की होगी जांच
- 14 अगस्त नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि

**शुभम संदेश। धनबाद**

धनबाद बार एसोसिएशन में 16 पदों पर होने वाले चुनाव में नामांकन के आखिरी दिन 15 उम्मीदवारों ने विभिन्न पदों के लिए नामांकन दायर किया. अब तक कुल 103 उम्मीदवार नामांकन दायर कर चुके हैं. नामांकन के तिसरे दिन सोमवार को अध्यक्ष पद के लिए अमरेन्द्र कुमार सहाय, हृदय नारायण सिंह, महासचिव पद के लिए अजय किशोर नारायण, विदेश कुमार दां, वसीह अहमद आजाद ने नामांकन दायर किया.संयुक्त सचिव लाइब्रेरी के पद के लिए अभिजीत कुमार साधु व संजीव कुमार महतो ने नामांकन दायर किया.वहीं कार्यकारिणी सदस्य के लिए फिरोज कुमार दत्ता ,विभास कुमार महतो, सुप्रिया कुमार मजुमदार, पूनम कुमारी, रोहित राहुल वर्मा ,साधन राय, प्रवीण कुमार ओझा एवं पम्मी खातून ने नामांकन दायर किया. अब तक कुल 103 उम्मीदवारों ने विभिन्न पदों के लिए नामांकन दायर कर दिया है.चुनाव पदाधिकारी ने बताया कि नामांकन दायर करने की अंतिम तारीख थी ,कुल 103 उम्मीदवारों ने विभिन्न पदों के लिए नामांकन दायर किया है. 12 एवं 13 अगस्त को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी, 14 अगस्त नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि होगी. इसके पूर्व कई बड़ी दिग्गजों ने किस्मत आजमाने के लिए अब की बार चुनाव में नामांकन दायर किया है. बीते दो दिनों में कुल 88 उम्मीदवारों ने अपना पर्चा भरा, जिनमें कंसारी मंडल, सुरेश प्रसाद उपाध्यक्ष पद के लिए धनेश्वर महतो ,पी के भट्टाचार्य, महासचिव के पद के लिए जितेन्द्र कुमार, मेघनाथ रवानी, दीपनारायण रंजीत कुमार साव, कोषाध्यक्ष के पद के लिए जयदेव कुम्हार, शिव कुमार प्रसाद सिंह, कृष्ण बिहारी सहाय, मुकुल तिवारी, केदारनाथ महतो गणेश नारायण पांडेय. जबकि सहायक कोषाध्यक्ष के पद के लिए राजीव कुमार, मुकुंद महतो, दिलीप कुमार प्रसाद, मनोज प्रमाणिक ने पर्चा दायर किया. वहीं संयुक्त सचिव प्रशासन के पद के लिए अमरदीप कुमार राय, गजेंद्र यादव, नंदलाल झा, जगन्नाथ महतो, अमित कुमार सिंह, गोपाल जी पाण्डेय, ब्रज किशोर, नीरज कुमार ,संयुक्त सचिव लाइब्रेरी के पद के लिए राजेंद्र गोप, अमल कुमार महतो, राणा बिक्रम कुमार सिंह ,अतीश कुमार ,मोहम्मद ऐनुल हक ,जयराम मिश्रा शामिल हैं. वहीं कार्यकारिणी सदस्य के पद के लिए अनंत कुमार उपाध्याय, हीरालाल चौहान, रणधीर कुमार श्रीवास्तव, विजय पांडेय, मधुकर शर्मा, डॉ कुमारी सुप्रिया राय,दीपक कुमार रुईया, संजय कुमार मंडल, राजन पाल ,सिद्धार्थ कुमार शर्मा ,मोहम्मद शेख जावेद ,दिलीप कुमार यादव, कृष्णकांत सिंह, विश्वजीत मिश्रा, मोहम्मद कलीम, मोहम्मद जुवेद ,अंचल शर्मा ,सोहागी हांसदा, अरविंद कुमार सिन्हा, ब्रह्मदेव कुमार सिंह, रंजीत कुमार महतो, करुणा तिवारी ,सत्येंद्र कुमार राम, गौरव सुमन , पिंकी धीवर, सिद्धार्थ कुमार शर्मा। ने नामांकन दायर किया. बताते हैं कि नामांकन के पहले दिन गुरुवार को विभिन्न पदों के लिए कुल 29 प्रत्याशियों ने अपना अपना नामांकन पर्चा दायर किया था जिसमे अध्यक्ष पद के लिए राधेश्याम गोस्वामी , उपाध्यक्ष पद के लिए राजदेव यादव, अरुण कुमार उर्फ अरुण तिवारी एवं सुबोध कुमार उर्फ चीकू केशरी, जयंत चक्रवर्ती ने पर्चा दायर किया. महासचिव पद के लिए प्रवीर कृष्णा और जया कुमार संयुक्त सचिव (प्रशासन) के पद के लिए धनंजय सिंह, संयुक्त सचिव (लाइब्रेरी) के पद के लिए शुभाशीष चटर्जी, नरेंद्र त्रिवेदी, कुंदन वर्मा कोषाध्यक्ष के पद के लिए दीपक शाह सहायक कोषाध्यक्ष के पद के लिए दिवाकर श्रीवास्तव ,अनिल कुमार त्रिवेदी, आनंद कुमार मिश्रा एवं महेन्द्र गोप ने पर्चा दायर किया जबकि कार्यकारिणी सदस्यों के पद के लिए चिरंजीत प्रमाणिक, भारती श्रीवास्तव,अमित कुमार बनर्जी और रौशन कुमार साव ने पर्चा दायर किया था.

# धनबाद रेलवे स्टेशन से मोबाइल चोर गिरफ्तार



**शुभम संदेश। धनबाद**

रेलवे सुरक्षा बल और राजकीय रेल पुलिस ने संयुक्त रूप से प्लेटफॉर्म नंबर 2-3 पर गश्त और निगरानी के दौरान एक मोबाइल चोर को पकड़ा. जानकारी के अनुसार प्लेटफॉर्म नंबर 3 पर खड़ी ट्रेन नंबर 63555 (आसनसोल-बरकाकाना मेमू पैसेंजर) से एक यात्री का मोबाइल चोरी कर भाग रहा था. पूछताछ में संदिग्ध ने अपना नाम मनीष नोनिया (उम्र 18 वर्ष, पिता उमेश महतो, निवासी शीतलपुर, चिनाकुड़ी नोनिया बस्ती, थाना कुल्टी) बताया. पीड़ित यात्री इलेक्ट्रिक लोको शेड, गोमो में सहायक लोको शेड के पद पर कार्यरत मो. कादिर हुसैन ने मौके पर पहुंचकर बताया कि उक्त व्यक्ति ने उनकी जेब से मोबाइल चोरी किया. तलाशी के दौरान संदिग्ध के पास से एक नीले रंग का वीवो 5G स्मार्टफोन बरामद हुआ, जिसे पीड़ित ने अपना बताया. संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया गया. पीड़ित द्वारा दी गई लिखित शिकायत के आधार पर जीआरपी धनबाद में कांड संख्या 76/25, दिनांक 10/08/25, धारा 303(2), 317(2) BNS के तहत मामला दर्ज किया गया. अनुसंधान का दायित्व पुलिस उप-निरीक्षक नंदलाल राम, राजकीय रेल थाना धनबाद को सौंपा गया. बरामद मोबाइल की अनुमानित कीमत 16,000 रूपये है.

## आसनसोल

# पुरुलिया के ग्रामीण इलाकों में भी अब दौड़ेंगे अत्याधुनिक एम्बुलेंस

## गर्भवती माताओं और बच्चों के लिए 24 घंटे पूरी तरह निःशुल्क सेवा प्रदान होगी



**शुभम संदेश। पुरुलिया**

पुरुलिया के ग्रामीण इलाकों में भी अब अत्याधुनिक एम्बुलेंस चलेंगी. राज्य सरकार का एक बड़ा कदम, जो पूरी तरह से निःशुल्क है. राज्य सरकार की पहल पर पुरुलिया ज़िले के विभिन्न ग्रामीण और महकमा अस्पतालों को ऐसी कुल 48 अत्याधुनिक एम्बुलेंस उपलब्ध कराई गई हैं. ये एम्बुलेंस मुख्य रूप से गर्भवती माताओं और बच्चों के लिए 24 घंटे पूरी तरह निःशुल्क सेवा प्रदान करेंगी. 102 डायल की इस विशेष एम्बुलेंस में पहले के मुकाबले काफी सुधार किया गया है. अत्याधुनिक एयर कंडीशनिंग सिस्टम के अलावा, इस एम्बुलेंस में आपात स्थिति में ज़रूरी कई अन्य आधुनिक मशीनें भी लगी हैं, जिनमें गर्भवती महिलाओं के लिए बीपी मशीन भी शामिल है. इसमें प्राथमिक उपचार के लिए सभी दवाइयाँ और ज़रूरी हेल्थ किट मौजूद हैं. इतना ही नहीं, ये एम्बुलेंस घर से अस्पताल, अस्पताल से घर और अस्पताल से अस्पताल पहले से भी ज़्यादा तेज़ी से पहुँच सके, इसकी भी व्यवस्था की गई है. राज्य सरकार ने फिलहाल पुरुलिया के देवेन महतो सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल को पांच एम्बुलेंस, रघुनाथपुर सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल को तीन एम्बुलेंस तथा पुरुलिया के दूरदराज के ग्रामीण अस्पतालों को दो-दो एम्बुलेंस उपलब्ध कराई हैं. पुरुलिया के काशीपुर कल्लोली ग्रामीण अस्पताल की प्रखंड स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. असीमा मोई ने बताया कि अत्याधुनिक सेवाओं से युक्त इस एम्बुलेंस में कई प्रणालियाँ हैं. राज्य सरकार अब पूरे राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार कर रही है. स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार किया जा रहा है.

### अज्ञात वाहन की टक्कर से किशोर की मौत

**पुरुलिया (शुभम संदेश)।** 13 वर्षीय किशोर को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी. घटना में किशोर की मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया. जिसका इलाज चल रहा है. घटना रविवार देर रात पुरुलिया के रांची रोड स्थित लागदा गांव के समीप रविवार की देर रात एक अज्ञात वाहन की टक्कर में एक 13 वर्षीय किशोर की मौत हो गई, जबकि उसका मित्र गंभीर रूप से घायल है. पुलिस और अस्पताल सूत्रों ने बताया कि मृत किशोर की पहचान पुरुलिया के राघव पुर गांव निवासी शुकदेव उर्फ हबलू रजवार (13) के रूप में हुई है. जबकि घटना में हृदय राजवार नामक एक लड़का गंभीर रूप से घायल हो गया. उसका इलाज चल रहा है. बताया जा रहा है कि दोनों लड़के दोस्तों के साथ पुरुलिया से चिरका शिव मंदिर जा रहे थे.

# बदहाल सड़क पर धानरोपणी कर लोगों ने किया विरोध प्रदर्शन



**शुभम संदेश। पुरुलिया**

रघुनाथपुर के शाखा क्षेत्र में लंबे समय से खराब हालत में पड़ी सड़क के निर्माण की मांग सैकड़ों ग्रामीणों ने की. सोमवार को सड़क पर जमा पानी मे धान के पौधे लगाकर विरोध प्रदर्शन किया. जानकारी के अनुसार यह पुरुलिया जिले के रघुनाथपुर नंबर 1 ब्लॉक के शाखा आमतला से आद्रा रेलवे टाउन के रेल फाटक तक जाने वाली सड़क लंबे समय से खराब है. सड़क पर पानी जमा पानी में सोमवार को शाखा क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों ने धान के पौधे और पेड़ लगाकर लगभग एक घंटे तक सड़क को अवरुद्ध कर विरोध प्रदर्शन किया. शाखा क्षेत्र के निवासियों का कहना है कि बड़ी संख्या में ग्रामीण अपने दैनिक कार्यों के लिए इस सड़क पर निर्भर हैं. यहां तक कि स्कूली छात्रों और आद्रा रेलवे अस्पताल के बीच संचार भी इस सड़क के अलावा संभव नहीं है. इसलिए उन्होंने खराब हालत में सड़क के पुनर्निर्माण के लिए रघुनाथपुर महकमा प्रशासक को एक ज्ञापन भी सौंपा. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उनका विरोध कार्यक्रम, वर्तमान सरकार और प्रशासन के ध्यान में इसे लाने के लिए है.

# विधिशी पोद्दार को सीएमए परीक्षा में देश में 38 वां स्थान



**शुभम संदेश। बराकर**

बराकर की बेटी विधिशी पोद्दार ने शहर का नाम रोशन किया है. स्व विकास पोद्दार कर पुत्री विधिशी ने प्रतिष्ठित सीएमए परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 38 वां स्थान पाकर यह साबित कर दिया कि लक्ष्य की बाधाओं को मेहनत और लगन के भरोसे पार किया जा सकता है. विधिशी के चाचा नवीन पोद्दार व अमित पोद्दार ने मीडिया को बताया कि देश में 38 वां तथा प्रांत में बिटिया ने प्रथम स्थान पाकर हम सभी घरवालों के संग नगरवासियों का भी मान बढ़ाया है. विधिशी ने एजी चर्च आसनसोल से बारहवीं और शिक्षायतन कॉलेज कोलकाता से बीकॉम किया और साथ में सीएमए की तैयारी भी कर रही थी. आगे वह अक्चुरीज का अध्ययन करना चाहती है. विधिशी ने कहा कि वह सफलता का श्रेय स्व पिता विकास पोद्दार, माता संगीता पोद्दार सहित घर के सभी बुजुर्गों और शिक्षकों को देती है, जिनके आशीर्वाद से परीक्षा में सफलता हासिल की है. सीएमए की परीक्षा में देशभर से 80 हज़ार से भी अधिक परीक्षार्थियों ने भाग लिया था.

### मानकेश्वर मंदिर में 4000 श्रद्धालुओं ने पाया प्रसाद

**आसनसोल (शुभम संदेश)।** आसनसोल नगर निगम के वार्ड नंबर 99 के दामोदर नदी तट स्थित मानकेश्वर मंदिर परिसर में करीब चार हजार श्रद्धालुओं ने खिचड़ी भोग प्रसाद ग्रहण किया. बाबा के जलाभिषेक को लेकर मंदिर में रविवार कि शाम से ही तैयारियां शुरू थी. वहीं सोमावार की सुबह हजारों की संख्या में भक्तों ने बाबा को जल चढ़ाया और पूजा अर्चना की. वहीं मंदिर परिसर में खिचड़ी भोग प्रसाद का आयोजन किया गया. जहां भक्तो ने खिचड़ी भोग ग्रहण किया. धनंजय रुइदास ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की तरह श्रावण माह की आखरी सोमवार को मानकेश्वर मंदिर में खिचड़ी भोग प्रसाद का आयोजन किया जाता है. इस बार भी आयोजन किया गया. इस आयोजन में स्थानीय व्यवसायी एवं समाजसेवी परिमल मण्डल, संतोष मण्डल एवं राजेश बाउरी का अहम योगदान रहा.

# एक्स सर्विसमेन वेलफेयर एसोसिएशन ने कराया कारगिल दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

**शुभम संदेश। बर्नपुर**




आसनसोल एक्स सर्विसमेन वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से रविवार की देर शाम भारती भवन में कारगिल विजय दिवस कल्चरल शो का आयोजन किया गया. इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया. कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को उत्तरीय प्रदान कर सम्मानित किया गया. इस दौरान कलाकारों द्वारा गीत, संगीत का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया. जिसमें कलाकारों ने देशभक्ति गीतों के फिल्मी गीतों को प्रस्तुत कर समां बांध दिया. वहीं इस दौरान पुलिस सहित विभिन्न विभागों के पूर्व अधिकारियों ने कार्यक्रम का आनंद उठाने के साथ देश के प्रति समर्पण एवं आपसी भाईचारे को मजबूत करने पर जोर दिया. इस अवसर पर अतिथियों में सालतोड़ कोलियरी हिंदी हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक अजीत सिंह, प्रसिद्ध उद्योगपति अमित पाई छाबड़ा, अमित नियोगी, स्टेरलिंग हॉस्पिटल के जीएम डॉ एन चटर्जी, वेस्ट बंगाल के पुलिस अधिकारी संजय चटर्जी आदि उपस्थित थे. इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के अध्यक्ष डीपी बनर्जी, उपाध्यक्ष देबजीत गांगुली, सचिव संदीप दासगुप्ता, संयुक्त सचिव पीके कुंडू, नित्यानंद पाल, विजय सेन आदि की सक्रिय भूमिका रही.


**Before Ld. Executive Magistrate at Asansol**

**AFFIDAVIT**

I, **Bhanu Prakash Gope**, son of Lt. Jagannath Gope, aged about 58 yrs, by faith Hindu, by occupation- Others, resident of G.T.Road, Gope Para, P.0. Barakar, P. S. Kulti, Dist.- Paschim Bardhaman-713324 (W.B.), do hereby solemnly affirm and declare as follows:-

1. That I am a citizen of India.
2. That my name has been recorded in my all documents as Bhanu Prakash Gope, but in my LIC Policy being Policy No. 542789900 my name wrongly been recorded as Bhanu Pratap Gope.
3. That hereby specifically mention that aforesaid Bhanu Prakash Gope and Bhanu Pratap Gope is same and one identical person.

That the statements made above are true to the best of my knowledge and bellief.

I sign and swear this affidavit on this the 7th day of August, 2025 at Asars ol court.

15वां वित्त आयोग

# 5375.70 लाख की 14 योजनाओं को स्वीकृति

शुभम संदेश। धनबाद

धनबाद नगर निगम ने शहर के सौंदर्यीकरण और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 15वें वित्त आयोग के तहत 5375.70 लाख रुपये की लागत से 14 महत्वाकांक्षी योजनाओं को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है. इन योजनाओं में तालाबों का जीर्णोद्धार, पार्कों का विकास, खेल के मैदानों और ओपन जिम की स्थापना शामिल है, जो शहरवासियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गई हैं. उच्च स्तरीय अनुश्रवण समिति ने इन योजनाओं को हरी झंडी दे दी है. इन सभी योजनाओं को 15वें वित्त आयोग के तहत उच्च स्तरीय अनुश्रवण समिति द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है. ये परियोजनाएं धनबाद नगर निगम की उस व्यापक योजना का हिस्सा हैं, जिसका उद्देश्य शहर को स्वच्छ, हरा-भरा और नागरिक सुविधाओं से युक्त बनाना है.

### प्रमुख योजनाएं

1. वृंदावन तालाब का जीर्णोद्धार : 125.00 लाख रुपये की लागत से इस तालाब को नया रूप दिया जाएगा.
2. पंपू तालाब (वार्ड 20, पॉलिटेक्निक रोड) : 1991.87 लाख रुपये की लागत से जीर्णोद्धार कार्य होगा, जो शहर के सबसे बड़े प्रोजेक्ट्स में से एक है.
3. गुहियाबंध तालाब का जीर्णोद्धार : 101.42 लाख रुपये की लागत से इस तालाब का संरक्षण किया जाएगा.
4. रानीबांध तालाब का जीर्णोद्धार : 416.37 लाख रुपये के निवेश से इस तालाब को पुनर्जनन किया जाएगा.
5. मनाई टांड छठ घाट तालाब का जीर्णोद्धार : 325.00 लाख रुपये की लागत से छठ पूजा के लिए महत्वपूर्ण इस तालाब का विकास होगा.
6. पतराकुल्ही लाला बस्ती जोड़ा तालाब का जीर्णोद्धार : 299.10 लाख रुपये के निवेश से इस तालाब को नया जीवन मिलेगा.
7. कुसुम विहार फेज 1 में पार्क का विकास : 120.93 लाख रुपये की लागत से एक आधुनिक पार्क का निर्माण होगा.
8. चंचनी कॉलोनी पार्क (वार्ड 21) : 171.00 लाख रुपये के निवेश से इस क्षेत्र में हरियाली को बढ़ावा मिलेगा.
9. ग्रीन पार्क और गोल्फ ग्राउंड का विकास : 1031.00 लाख रुपये की लागत से गोल्फ ग्राउंड में पार्क और अन्य सुविधाओं का विकास किया जाएगा.
10. प्रिंस क्लब दुर्गा मंदिर ग्राउंड (वार्ड 55) : 245.36 लाख रुपये की लागत से खेल का मैदान, ग्रीन पार्क और ओपन जिम उपकरण स्थापित किए जाएंगे.
11. आजाद नगर गफ्फार कॉलोनी पार्क (वार्ड 17) : 66.48 लाख रुपये की लागत से सिल्वर स्कूल के पास पार्क का विकास होगा.
12. हीरापुर चिल्ड्रन पार्क (वार्ड 25) : 130.08 लाख रुपये के निवेश से बच्चों के लिए एक आकर्षक पार्क तैयार होगा.
13. चासनाला सूर्या मंदिर पार्क (वार्ड 52) : 210.34 लाख रुपये की लागत से इस पार्क का सौंदर्यीकरण होगा.
14. सूर्या मंदिर पार्क (वार्ड 38) : 141.74 लाख रुपये के निवेश से इस क्षेत्र में एक नया पार्क विकसित किया जाएगा.

## आजसू नेता को कोर्ट ने लगाया जुर्माना

**धनबाद।** आजसू नेता अजीत प्रसाद महतो ने सोमवार को रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में अपना दोष स्वीकार किया। रेलवे के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी मनोज कुमार ने अजीत प्रसाद महतो को 4,000 रुपये जुर्माना भरने की सजा सुनाई।मामला 20 सितंबर 2023 का है, जब अजीत प्रसाद महतो ने आजसू पार्टी के बैनर तले कुर्मी समाज के सहयोगियों के साथ गोमो रेलवे स्टेशन पर रेल रोको अभियान के दौरान रेलवे परिचालन को बाधित किया था। गोमो रेलवे सुरक्षा बल ने इस मामले में अजीत प्रसाद महतो सहित मंटू महतो (जिला अध्यक्ष), हालदार महतो (विधायक प्रतिनिधि), सदानंद महतो, प्रीतम कुमार महतो, सूरज महतो, मुकेश महतो, बिंदेश्वरी प्रसाद महतो, तुलसी महतो, और विनोद बिहारी महतो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।अजीत प्रसाद महतो इस मामले में फरार चल रहे थे, जबकि अन्य आरोपियों ने पहले ही अदालत में दोष स्वीकार कर लिया था। आज अजीत ने भी दोष स्वीकार कर जुर्माना राशि जमा कर दी।

# हाइवा की चपेट में आकर बीसीसीएल कर्मी की मौत

## आक्रोशित लोगों ने की सड़क जाम, पुलिस ने दिया आश्वासन

शुभम संदेश। लोयाबाद



लोयाबाद के एकड़ा चालीस धौड़ा के पास सोमवार की शाम एक तेज रफ्तार हाइवा (जेएच10सीटी 9400) ने बीसीसीएल में इलेक्ट्रिकल विभाग में कार्यरत कर्मी खीरु महतो गड़ेरिया निवासी को रौंद दिया. टक्कर इतनी भीषण थी कि उनका सर पूरी तरह कुचल गया और सड़क पर खून फैल गया. यह मंजर देख मौके पर मौजूद लोग सहम गए. जानकारी के अनुसार, खीरु महतो अपनी बाइक से केंदुआ की ओर दवा लेने जा रहे थे. चश्मदीदों का कहना है कि हाइवा और बाइक दोनों लोयाबाद से केंदुआ की ओर जा रहे थे. ओवरटेक के दौरान यह हादसा हो गया. मृतक मुनीडीह में ड्यूटी करते थे. उनके परिवार में पत्नी व दो बेटा है. मां ने वीआरएस नीति के तहत उन्हें नौकरी दिलाई थी. घटना के बाद हाइवा चालक वाहन को शिव मंदिर के पास छोड़कर फरार हो गया
मृतक की मां ने रोते हुए बताया बेटा ड्यूटी से लौट रहा था. मैंने फोन कर दवा लाने को कहा. वह तुरंत बाइक मोड़कर केंदुआ निकल पड़ा, लेकिन रास्ते में हादसे का शिकार हो गया.
घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने कतरास–केंदुआ मार्ग जाम कर दिया. उनका आरोप था कि इस मार्ग पर हाइवा चालक बेकाबू रफ्तार से चलते हैं. भीड़भाड़ वाले इलाके में भी गति नहीं घटाते. आधे घंटे बाद थाना प्रभारी पीकू प्रसाद के समझाने पर जाम हटाया गया. उन्होंने कहा कि मृतक बीसीसीएल कर्मी थे,ऐसे में परिवार को नौकरी और मुआवजा मिलेगा. सड़क जाम करने का औचित्य नहीं है. लोयाबाद पुलिस शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. जाम में भाजपा नेत्री गीता सिंह, दिनेश रवानी सहित कई स्थानीय लोग शामिल रहे.

# डीएमसी संभालेगी स्वच्छता का जिम्मा

## रद्द करेगी रेमकी का करार

शुभम संदेश। धनबाद



धनबाद नगर निगम (डीएमसी) क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था में भारी अव्यवस्था के बाद नगर निगम ने कड़ा कदम उठाया है. अनुबंधित संस्था रेमकी द्वारा आठ अगस्त से सिंदरी, कतरास, झरिया और छाताटांड़ क्षेत्रों में कचरा उठाव बंद करने और सोमवार से पूरे शहर में यह कार्य ठप करने की सूचना है. नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने बताया कि यह कार्रवाई बिना पूर्व सूचना और स्वीकृति के की गई, जो अनुबंध की शर्तों का स्पष्ट उल्लंघन है. इस लापरवाही के कारण शहर में कचरे के ढेर लग गए, सार्वजनिक स्थलों और बाजारों में गंदगी फैल गई, जिससे जलजनित और संक्रामक रोगों का खतरा बढ़ गया. नागरिकों को असुविधा और स्वास्थ्य जोखिम का सामना करना पड़ रहा है. नगर आयुक्त ने इसे गंभीर मामला मानते हुए कहा कि यह स्थिति नगर निगम की कार्यप्रणाली और छवि को धूमिल कर रही है.
इसके समाधान के लिए नगर निगम ने स्वच्छता व्यवस्था को अपने हाथों में लेने का फैसला किया है. अब कचरा संकलन, परिवहन और निस्तारण का कार्य सीधे धनबाद नगर निगम द्वारा संचालित और प्रबंधित किया जाएगा. अनुबंधित संस्था के खिलाफ अनुबंध समाप्ति की प्रक्रिया शुरू की जाएगी. साथ ही, सभी संबंधित पदाधिकारियों और कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है. नगर निगम का यह कदम शहर की स्वच्छता और नागरिकों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की दिशा में महत्वपूर्ण है.

## जतरा महोत्सव की महासचिव नीलम बिरुली की संदिग्ध मौत

**रांची ।** राष्ट्रीय जतरा महोत्सव की महासचिव नीलम बिरुली की संदिग्ध हालात में मौत हो गई है. सोमवार को बरियातू स्थित लेक व्यू मेंशन अपार्टमेंट के कमरे में उनका शव पंखे से लटकता हुआ बरामद हुआ है. नीलम के मायके वाले इसे सुनियोजित हत्या बता रहे हैं. उन्होंने अपनी बेटी के पति पर हत्या सहित कई गंभीर आरोप लगाए हैं.
मां ने दमाद पर प्रताड़ना और हत्या के लगाये आरोप : मृतका की मां मुक्ति बिरुली ने आरोप लगाया कि नीलम को उसका पति संतोष कुमार बारना, जो सिमडेगा के ग्रामीण बैंक में मैनेजर हैं, कई वर्षों से मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था. बताया कि रविवार को कार वॉश करवाने के बाद पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ. इसके बाद वो कमरे में चली गई. कुछ घंटे बाद जब दरवाजा खोला गया तो नीलम का शव पंखे से लटकता हुआ पाया गया. परिजनों ने दावा किया कि यह पहली घटना नहीं है. इससे पहले मई महीने में भी नीलम पर जानलेवा हमला हुआ था, जिसमें उसका गला दबाने की कोशिश की गई थी.

# धनबाद में चोरी के आरोप में चार युवक हिरासत में

शुभम संदेश। धनबाद

## परिजनों और पुलिस के बीच विवाद



भूली ओपी पुलिस ने चोरी के आरोप में चार युवकों—बादल कुमार महतो, मनु कुमार, संजय कुमार और टप्पू कुमार—को हिरासत में लिया है। भूली ओपी प्रभारी अभिनव कुमार के अनुसार, चारों युवकों ने भूली ओपी क्षेत्र में एक दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया था और उन्होंने अपना अपराध कबूल कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ के बाद चारों को मेडिकल जांच के लिए एसएनएमएमसीएच ले जाया गया और मंगलवार को उन्हें जेल भेजा जाएगा।हालांकि, हिरासत में लिए गए युवकों के परिजनों ने भूली ओपी प्रभारी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों का दावा है कि पुलिस ने चोरी के आरोप में चारों को हिरासत में लिया और छोड़ने के बदले 31,000 रुपये लिए। इसके बावजूद, पुलिस ने 50,000 रुपये की अतिरिक्त मांग की। परिजनों का आरोप है कि पैसे देने से इनकार करने पर चारों युवकों को बेरहमी से पीटा गया, जिससे उनकी हालत गंभीर हो गई और उन्हें एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि चारों को अस्पताल से जबरन उठाकर हिरासत में लिया गया।सोमवार को परिजनों ने भूली ए ब्लॉक में हंगामा किया और पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर आक्रोश है और क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल है।पुलिस की ओर से अभी तक इस मामले में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। सूत्रों के अनुसार, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और जल्द ही इसका खुलासा करेगी।

## भाकपा माले ने आक्रोश रैली निकाल निरसा चौक पर पुतला फूंका

# भाजपा के इशारे पर कटा 65 लाख लोगों का नाम : अरूप

शुभम संदेश। निरसा




भाकपा कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयोग पर भाजपा के इशारे पर वोटरों के नाम लिस्ट से हटाने का आरोप लगाया है. इसके विरोध में भाकपा माले के कार्यकर्ताओं ने एकजूट होकर निरसा में जुलूस निकाल कर निरसा चौक पर पुतला दहन किया. जुलूस का नेतृत्व स्वयं निरसा विधायक अरुप चटर्जी कर रहे थे. मौके पर विधायक चटर्जी ने कहा कि चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर नागरिकों के मूल अधिकारों व संविधान का हनन कर रही है. नागरिकों को अधिकार से वंचित कर रही है . उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा उठाये गए मुद्दे पर चुनाव आयोग पूरे मामले को दिग्भर्मित करने का प्रयास कर रही है. बिहार सहित अन्य प्रांतों में विधानसभा चुनाव होने वाला है. दलित आदिवासी गरीबों पिछड़ों का नाम हटा रही है. बिहार में चुनाव के लिए 65 लाख लोगों को अवैध घोषित कर दिया गया. लेकिन उनके बारे में सही जानकारी चुनाव आयोग के द्वारा सही तरीके से नहीं बताई जा रही. अगर नाम हटा दिया जाए तो उससे जुड़ी सारी सुविधाएं भी बंद हो जाएगी. चुनाव आयोग का यह पहला कदम है . इस लड़ाई को पूरी ताकत के साथ लड़नी है और चुनाव आयोग को इस्तीफा देने के लिए मजबूर करना है. मौके पर वरिष्ठता नेता उपेंद्र सिंह, हरेंद्र सिंह,निरसा प्रखंड सचिव टूटून मुखर्जी, जगदीश शर्मा, मुमताज अंसारी, विश्वनाथ रविदास, सूरज रविदास, सपन गोराई, निरंजन गोराई, कृष्णा सिंह, मनु सिंह, हाशिम अंसारी, एम डी रब्बानी, धीरज, अतिकूर रहमान, रकीब, विवक आनंद दीपक, अज़हर, मुन्ना सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे.

## स्वामी विवेकानंद स्कूल में एक पेड़ मां के नाम अभियान

**चिरकुंडा।** सीबीएसई नई दिल्ली की योजना के अनुसार स्वामी विवेकानंद स्कूल चिरकुंडा के प्रांगण में सोमवार को एक पेड़ मां के नाम के तहत विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि डीवीसी के सीएसआर प्रबंधक डॉ. कौशलेंद्र कुमार ने पौधे लगाकर पेड़ों के संरक्षण के लिए बच्चों को प्रेरित किया. स्कूल के निदेशक विवेक सिंह के माता राजमणि देवी विशेष रूप से उपस्थित थीं. प्राचार्य संजीव साव ने कहा कि सभी बच्चों को एक पेड़ अपने धरती मां के नाम लगाना है और अपनी धरती को हरियाली से सुसज्जित करना है. स्कूल के इको क्लब हरीतिमा के इंचार्ज ओमप्रकाश दास कर और बच्चों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिए.

### एक नजर

## नगर निगम ने लगाया तिरंगा मेला




**धनबाद (शुभम संदेश)।** धनबाद नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत "हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता" अभियान के तहत 8 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है. सोमवार को धनबाद नगर निगम कार्यालय के समीप, धनबाद क्लब के सामने, इस अभियान के अंतर्गत धनबाद नगर निगम की योजना के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित स्थानीय उत्पादों के विक्रय को बढ़ावा देने के लिए तिरंगा मेला का उद्घाटन प्रशासक-सह-नगर आयुक्त रविराज शर्मा द्वारा किया गया. इस मेले में स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित झंडे, टोपी, रिस्ट बैंड, बांस से बने उत्पाद, गोबर से बने उत्पाद आदि के स्टॉल लगाए गए हैं. यह स्टॉल 11 अगस्त 2025 से 14 अगस्त 2025 तक उपलब्ध रहेंगे

## पत्रकार असगर अली का निधन

**कुमारधुबी (शुभम संदेश)।** अस्सी दशक के पूर्व वरिष्ठ पत्रकार असगर अली (60) की सोमवार सुबह दस बजे एसएनएमएमसीएच धनबाद में ईलाज के दौरान मौत हो गयी. वो अपने पीछे एक पुत्र और तीन पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गये. मंगलवार सुबह दस बजे शिवली बाड़ी रहमतनगर स्थित कब्रिस्तान में उनकी मिट्टी मंजिल होगी. उनके आकस्मिक निधन पर पत्रकारों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है. साथ ही उनके भतीजा जिप सदस्य मो गुलाम कुरैशी, पूर्व मुखिया मो सनव्वर, मुखिया पति मो मुस्तकीम सहित अन्य ने भी शोक व्यक्त की. वो बेखौफ पत्रकारिता के लिये जाने जाते थे. लेकिन आर्थिक हालात के कारण उन्हें यह रास्ता छोड़ना पड़ा. उनके घर पर शोक व्यक्त करने वालों का तांता लगा हुआ है.

## जश्रसं ने आरके अर्थ रिसोर्स प्रा. लिमिटेड का काम किया ठप

**झरिया(शुभम संदेश)।** सोमवार को जश्रसं ने एना आउटसोर्सिंग प्रबंधन पर श्रमिकों की मनमानी रूप से छंटनी तथा माईस एक्ट के उल्ल्लंघन का आरोप लगाते हुए आरके अर्थ रिसोर्स प्रा० लिमिटेड कंपनी आउटसोर्सिंग का दस घंटे कार्य ठप कर दिया. इस दौरान आउटसोर्सिंग कर्मियों ने प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. आंदोलन की सूचना पाकर झरिया व बोरागढ़ पुलिस एना आउटसोर्सिंग पहुंची. इसके बाद एना कोलियरी कार्यालय में आंदोलनकारियों, पुलिस व प्रबंधन के बीच वार्ता हुई. एक घंटा चली वार्ता में प्रबंधन ने जश्रसं से बारह दिनों का समय मांगा है. वार्ता में एना कोलियरी पीओ बीके झा,बोरागढ़ ओपी प्रभारी निरंजन कुमार,जश्रसं के अमर सिंह व प्रेम गोप थे.

## बिजली की तार से हटायी पेड़ की डाली



**धनबाद (शुभम संदेश)।** उपायुक्त आदित्य रंजन के निर्देश पर भूली के आजाद नगर की गफ्फार कॉलोनी में बिजली के तार पर लटकी एक पेड़ की सूखी डाली को सोमवार को हटा दिया गया. उपायुक्त ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि आजाद नगर की गफ्फार कॉलोनी में बिजली के तार पर एक पेड़ की डाली लटकी है. पेड़ की डाल सूख चुकी थी और बिजली के तार के सहारे टिकी हुई थी. इससे कभी हादसा होने की आशंका थी. उपायुक्त ने झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड को तत्काल बिजली के तार पर लटकी पेड़ की सुखी डाली हटाने का निर्देश दिया. इसके बाद जेबीवीएनएल ने उक्त स्थान पर अपनी टीम भेजकर बिजली के तार पर से पेड़ की सूखी डाली हटाई.

## चिरकुंडा नगर परिषद कार्यालय से निकली तिरंगा यात्रा

**चिरकुंडा (शुभम संदेश)।** हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छ्ता को लेकर चिरकुंडा नगर परिषद कार्यालय में सोमवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया और तिरंगा यात्रा भी निकाली गई.कार्यशाला में चिरकुंडा को स्वच्छ कैसे रखना है, इसके बारे में जानकारी दी गई. साथ ही नागरिकों से भी अपील की गई कि जहां-तहां कचरा ना फेकें व स्वच्छ चिरकुंडा बनाने में सहयोग करें. इसके बाद चिरकुंडा नगर परिषद कार्यालय से चिरकुंडा शहीद चौक तक तिरंगा यात्रा निकाली गई. शहीद चौक पर शहीदों के प्रतिमा पर फूल माला पहनाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी.प्रेस से बातचित करते हुए प्रियंका कुमारी ने कहा कि केंद्र सरकार के अभियान तिरंगा यात्रा 2 अगस्त से 15 अगस्त तक चलाया जा रहा है. इसी के तहत स्वच्छता को लेकर लोगो कों जागरूक किया जा रहा है. उन्होंने कहा जिस तरह हर घर तिरंगा रखना जरूरी है उसी प्रकार हर घर स्वच्छता भी जरूरी है.


### पेज-तीन का शेष


## लोहा चोरी गैंग का पर्दाफाश....

वहीं छापामारी के दौरान पुलिस ने छह-चक्का ट्रक संख्या बीआर51जीए 1642, ट्रक संख्या यूपी27सीटी 6196, टाटा मैजिक संख्या जेएच10सीक्यू 1053, 15 मोबाइल फोन और 25 लोहे के पाइप जब्त किए गए हैं. गिरोह के सरगना और अन्य फरार सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापामारी कर रही है. मामले में कुल 18 लोगों के खिलाफ बरहेट थाना कांड संख्या 120/25 दर्ज किया गया है. छापामारी दल में बरहरवा एसडीपीओ नितिन खंडेलवाल, बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार, पुअनि मुटरा पूर्ति, सअनि अशोक कुमार सिंह, रघुवीर राम, पवन कुमार और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे.
गिरफ्तार आरोपियों की पहचान
दीपक भुइयां (30), निवासी बेलगड़िया, थाना बलियापुर, चिरंजीत कुमार (26), निवासी लोधना कुम्हार बस्ती, थाना तीसरा, अजय कुमार (27), निवासी साउथ बलिहारी, थाना पुटकी, विकास कुमार पासवान (26), निवासी साउथ बलिहारी फाटक, दिनेश मांझी (25), निवासी कोंक मांझी गांव, थाना बरारी, संतोष कुमार भुइयां उर्फ टिकला (24), निवासी सहाना पहाड़ी, थाना झरिया, हर्ष कुमार (21), निवासी सहाना पहाड़ी, थाना झरिया, छोटू कुमार (34), निवासी घनुवाडीह, थाना तीसरा, राजेश मंडल उर्फ चुनु यादव (40), निवासी बेलगड़िया, थाना बलियापुर, बेलू रजवार (19), निवासी डोकरा बेनिया, थाना बलियापुर, किशोर रजवार (30), निवासी चावल धोवा, जीतन कुमार भुइयां (21), निवासी सहाना पहाड़ी, थाना झरिया, विपिन कुमार (44), निवासी देवकली, थाना शेरमाउ दक्षिणी, जिला शाहजहांपुर (उत्तर प्रदेश), प्रमोद कुमार (32), निवासी देवकली, थाना शेरमाउ दक्षिणी, ज़िला शाहजहांपुर (उत्तर प्रदेश), उमेश साह (38), निवासी महुआ, थाना बाराहाट, जिला बांका (बिहार), लालू यादव (30), निवासी महुआ, थाना बाराहाट, ज़िला बांका (बिहार) शामिल है.

मंथन

# ड्राफ्ट मतदाता सूची की पारदर्शिता पर बड़ा सवाल

बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में ड्राफ्ट मतदाता सूची से 65 लाख नाम हटाए जाने के आरोप ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया की पारदर्शिता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं. सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए चुनाव आयोग से जवाब मांगा है. आयोग का कहना है कि नियमों में ड्राफ्ट सूची से बाहर हुए व्यक्तियों की अलग सूची प्रकाशित करने या कारण बताने की बाध्यता नहीं है. साथ ही, राजनीतिक दलों को बूथ-स्तर पर नामांकित न हो सके व्यक्तियों की सूची साझा करने का दावा किया गया है. हालांकि, यह तर्क तकनीकी दृष्टि से सही हो सकता है, लेकिन लोकतंत्र में मताधिकार नागरिक का मौलिक अधिकार है. ऐसे में लाखों नाम हटने के बाद पारदर्शिता और जवाबदेही सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए. सिर्फ दलों को जानकारी देना पर्याप्त नहीं, बल्कि सार्वजनिक स्तर पर कारणों और संशोधन की सहज प्रक्रिया का प्रावधान होना आवश्यक है. एडीआर की याचिका का चुनाव आयोग द्वारा दुर्भावनापूर्ण करार देना, मुद्दे की गंभीरता को कमतर आंकने जैसा है. मतदाता सूची की शुचिता सुनिश्चित करना चुनाव आयोग की संवैधानिक जिम्मेदारी है, और इसमें नागरिकों का विश्वास सर्वोपरि होना चाहिए. सुप्रीम कोर्ट का यह कहना कि अगर अवैधता पाई गई तो पूरी प्रक्रिया रद्द हो सकती है, चुनावी पारदर्शिता के महत्व को रेखांकित करती है. यह मामला सिर्फ तकनीकी अनुपालन का नहीं, बल्कि लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत रखने का है. मतदाता सूची से किसी भी नाम का बहिष्कार स्पष्ट, निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया से ही होना चाहिए, ताकि हर पात्र नागरिक का अधिकार सुरक्षित रह सके.

नजरिया

# झारखंड में बजट कटौती विकास की बड़ी चुनौती

झारखंड में वित्त विभाग द्वारा अनुपूरक बजट की मांगों में भारी कटौती, राज्य की वित्तीय तंगी और सीमित संसाधनों की हकीकत को उजागर करती है. कुल 11,800 करोड़ रुपये की मांग के मुकाबले महज 3,000 करोड़ की मंजूरी, स्पष्ट संकेत है कि राज्य के पास खर्च की प्राथमिकताएं तय करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है. खास तौर पर ग्रामीण विकास और वन विभाग की राशि में कटौती तथा श्रम विभाग की मांग नकार देना, सामाजिक- बुनियादी ढांचे से जुड़े कई परियोजनाओं पर सीधा असर डाल सकता है.राज्य का 1.45 लाख करोड़ का बजट आकार देखने में बड़ा लगता है, लेकिन सच यह है कि इसमें योजना बजट का बड़ा हिस्सा भी केंद्रीय मदद और करों में हिस्सेदारी पर निर्भर है. अपना राजस्व सीमित होने और खजाने में अतिरिक्त राशि न होने से खर्च में सख्ती बरतनी पड़ रही है. ग्रामीण विकास विभाग की राशि में कटौती का मतलब है कि अबुआ आवास, ग्रामीण सड़क जैसी योजनाएं प्रभावित होंगी, जिनका सीधा असर गांवों और रोजगार सृजन पर पड़ेगा. यह सरकार के लिए चेतावनी है कि केवल केंद्रीय मदद पर निर्भर रहकर विकास की रफ्तार बरकरार नहीं रखी जा सकती. वित्तीय अनुशासन जरूरी है, लेकिन इसके साथ ही राजस्व बढ़ाने के ठोस उपाय, कर संग्रह में दक्षता, और योजनाओं की प्राथमिकता तय करने की पारदर्शी प्रक्रिया भी उतनी ही अहम है. विकास की राह तभी टिकाऊ होगी जब वित्तीय मजबूती और जनहितकारी योजनाओं का संतुलन साधा जा सके.

# अलविदा रजिस्टर्ड डाकः एक युग की खामोश विदाई

डॉ. प्रियंका सौरभ

**01 सितंबर से भारतीय रजिस्टर्ड डाक सेवा बंद होने जा रही है.**




**रजिस्टर्ड डाक, तुमने केवल पत्र नहीं पहुंचाए, तुमने तो रिश्ते पहुंचाए. तुमने हमें जोड़ा सिखाया-शब्दों से, भावनाओं से, प्रतीक्षा से और विश्वास से. तुम भले अब औपचारिक रूप से बंद हो जाओ, परंतु यादों और हमारे दिलों में हमेशा जीवित रहोगी.**

इस साल 01 सितंबर को जब भारतीय डाक की रजिस्टर्ड डाक सेवा औपचारिक रूप से समाप्त कर दी जाएगी, तो संभवतः किसी समाचार पत्र के मुख्य पृष्ठ पर यह नहीं छपेगा, न ही किसी समाचार चैनल पर विशेष चर्चा होगी. यह समाचार जितना सामान्य प्रतीत होता है, उतना ही गहरा असर छोड़ता है- उस पीढ़ी पर, जिन्होंने वर्षों तक डाकिये की साइकिल की घंटी सुन कर अपने दिन की शुरुआत की. जिन्होंने पत्रों के माध्यम से रिश्तों को जिया और डाकघर की कतारों में खड़े होकर संवाद की प्रतीक्षा की. रजिस्टर्ड डाक कोई साधारण सेवा नहीं थी. यह उन दिनों की गवाही थी जब हम कागज़ पर स्याही से अपने जज़्बातों को उकेरा करते थे. जब एक लिफ़ाफ़े में कई अनकही बातें, लंबा इंतज़ार और अनगिनत भावनाएं समाहित होती थीं. जब एक पत्र, चाहे वह परिवार के किसी सदस्य का हो या सरकारी दस्तावेज़, केवल कागज़ का टुकड़ा नहीं होता था, बल्कि विश्वास का प्रतीक होता था- कि यह ज़रूर पहुंचेगा, सही हाथों में, सही समय पर.

रजिस्टर्ड डाक वह सेतु थी, जो गांव को शहर से, मां को दूर शहर में नौकरी कर रहे बेटे से, पिता को ससुराल गई बेटियों से और नागरिक को शासन से जोड़ता था. वह न केवल संवाद का माध्यम था, बल्कि संबंधों को सुरक्षित रखने वाला प्रहरी भी था. उसकी विशेषता यह थी कि वह खोता नहीं था, वह भटकता नहीं था. उसका पंजीकरण उसकी सुरक्षा थी और उसकी प्राप्ति की पावती एक तरह का भावनात्मक संतोष. एक समय था जब डाकिया केवल संदेशवाहक नहीं, बल्कि घर का परिचित चेहरा होता था. उसकी आवाज़, उसकी साइकिल की घंटी और उसकी झोली में छिपे लिफ़ाफ़ों का इंतज़ार हर किसी को रहता था. कोई सरकारी पत्र हो, मनीऑर्डर, किसी दूर बैठे बेटे का समाचार- सब कुछ रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से पहुंचता था. और जब पत्र मिलता, तो उसे खोलने से पहले उसे छूकर महसूस किया जाता था- उसके कागज़ की मोटाई, उसके रंग की गहराई और उस पर लगी स्याही की गंध- सबमें अपनापन होता था.

लेकिन अब समय बदल चुका है. तकनीकी प्रगति ने हमारे संवाद के तरीक़ों को पूरी तरह से बदल दिया है. आज मोबाइल फ़ोन, त्वरित संदेश सेवाएं, सामाजिक माध्यम, और अंतर्जाल ने पारंपरिक पत्र-व्यवस्था को लगभग समाप्त ही कर दिया है. अब किसी को इंतज़ार नहीं रहता, सब कुछ पल में भेजा और पल में प्राप्त किया जाता है. ऐसे समय में भारत डाक द्वारा रजिस्टर्ड डाक को औपचारिक रूप से बंद करने और उसे स्पीड डाक में समाहित करने का निर्णय, समयानुकूल और आवश्यक तो है, परंतु भावनात्मक रूप से पीड़ादायक भी.

स्पीड डाक, निस्संदेह आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप एक बेहतर सेवा है. इसमें गति है, निगरानी है, तकनीकी दक्षता है. परन्तु उसमें वह आत्मीयता नहीं है जो रजिस्टर्ड डाक में थी. वह अपनापन, वह धीमा मगर विश्वसनीय संवाद, वह सादगी — अब इतिहास बन जाएगी.

रजिस्टर्ड डाक का अंत केवल एक सेवा का अंत नहीं है, यह एक युग का अंत है. वह युग जिसमें शब्दों को सहेजा जाता था, जिसमें उत्तर पाने के लिए दिन नहीं, सप्ताहों की प्रतीक्षा की जाती थी. जब एक उत्तर में प्रेम, सम्मान और भावनाओं की परतें होती थीं. आज हम भले ही एक क्लिक में संवाद कर सकते हैं, लेकिन उस संवाद में स्थायित्व और गहराई का अभाव है. हम संदेश तो भेजते हैं, पर भावनाएं नहीं. हम पढ़ते तो हैं, पर समझते नहीं. रजिस्टर्ड डाक उस युग की अंतिम निशानी थी, जहां संवाद सिर्फ़ बात नहीं, एक भावना होता था. हमारे पुराने संदूक़ों में आज भी ऐसी चिट्ठियां मिलती हैं- पीले पड़े कागज़, स्याही से भरे अक्षर, किनारों पर समय की छाप और भीतर वह सब कुछ जो किसी समय अनमोल था. वे चिट्ठियाँ अब केवल स्मृति हैं, किंतु रजिस्टर्ड डाक ने उन्हें आज तक सुरक्षित पहुंचाया. यह उसकी सबसे बड़ी सफलता है- कि उसने शब्दों को अमर बना दिया. इस सेवा के बंद होने से एक भावात्मक सूत्र टूटेगा. यह वह सेवा थी, जिसने दूरी को भी एक बंधन बना दिया था. जिसने मां के आंचल से बेटे तक, प्रेमिका की आंखों से प्रेमी तक, शिक्षक की सीख से छात्र तक- सबको जोड़ रखा था. अब स्पीड डाक आएगी- तेज़, सुविधाजनक, आधुनिक. परंतु उसमें वह ठहराव नहीं होगा, वह धैर्य नहीं होगा, वह प्रतीक्षा नहीं होगी जो रजिस्टर्ड डाक को विशेष बनाती थी.

आज हम तकनीकी दृष्टि से जितने सक्षम हुए हैं, उतने ही भावनात्मक रूप से खोखले भी हो गए हैं. संवाद तो अब भी होते हैं, पर उनमें आत्मा नहीं होती. रजिस्टर्ड डाक केवल चिट्ठी नहीं थी, वह आत्मा का दस्तावेज़ थी. अब जब वह विदा ले रही है, तो यह केवल प्रशासनिक निर्णय नहीं है- यह हमारी सांस्कृतिक विरासत का एक पृष्ठ बंद होना है.

रजिस्टर्ड डाक, तुमने केवल पत्र नहीं पहुंचाए, तुमने रिश्ते पहुंचाए. तुमने हमें जोड़ना सिखाया- शब्दों से, भावनाओं से, प्रतीक्षा से और विश्वास से. तुम भले अब औपचारिक रूप से बंद हो जाओ, परंतु हमारी यादों में, हमारे पुराने संदूक़ों में, हमारे दिलों में तुम सदा जीवित रहोगी.

आज जब हम तुम्हें विदाई दे रहे हैं, तो यह विदाई नहीं, एक प्रणाम है- उस युग को, उस सादगी को, उस धैर्य को, उस अपनापन को, जिसे तुमने वर्षों तक अपने कंधों पर ढोया. अब भले ही डाकघर बदल जाएं, डाकिए डिजिटल हो जाएं, पत्र इतिहास बन जाएं, परंतु तुम, रजिस्टर्ड डाक, हमारे लिए सदा अमर रहोगी.

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं.)**

## आज का इतिहास

- 1602 : बादशाह अकबर के मंत्री अबुल फजल को सलीम मिर्जा ने कत्ल करवा दिया.
- 1765: इलाहाबाद संधि के तहत भारत में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया की दखल की शुरुआत.
- 1833 : अमेरिका के शिकागो शहर की स्थापना.
- 1908 : हेनरी फोर्ड ने पहला कार मॉडल बनाया.
- 1919: भारतीय भौतिक वैज्ञानिक विक्रम साराभाई का जन्म.
- 1960 : नासा ने अपना पहला सफल संचार उपग्रह ईको-ए प्रक्षेपित किया.
- 1971: सीरिया ने जॉर्डन से संबंध तोड़े.
- 1981: आईबीएम ने पहला पर्सनल कंप्यूटर पेश किया, जिसकी कीमत 16 हजार डॉलर.
- 1992: अमेरिका, कनाडा एवं मैक्सिको में मुक्त व्यापार समझौता.
- 2006: यूरोपीय प्रक्षेपण यान एरियन-5 ने जापान के संचार उपग्रह और फ्रांस के एक सैन्य उपकरण को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित किया.

## आध्यात्मिक से ज्यादा जरूरी है व्यावहारिक ज्ञान

चिंतन

तीन लोग एक सिद्ध गुरु से दीक्षा प्राप्त कर लौट रहे थे. गुरु जी ने उन्हें आध्यात्मिक ज्ञान के साथ व्यावहारिक होने की भी सीख दी थी. तीनो ग्रंथो , पुराणों पर चर्चा करते आगे बढ़ रहे थे. फिर उन्हें लगा कि अब उन्हें विश्राम करना चाहिए और रात गुजार कर आगे बढ़ना चाहिए. वे एक जगह रुके और खाने की पोटली खोली पर दुर्भाग्य से उसमे एक ही रोटी थी. तीनों ने सोचा कि इसे बांट कर खाने से किसी की भूख नहीं मिटेगी अच्छा होगा कि कोई एक ही इसे खा ले. पर वो एक व्यक्ति कौन हो ये कैसे पता चले? चूंकि वे आध्यात्मिक अनुभव कर लौटे थे इसलिए तय किया कि इसका निर्णय वे भगवान पर छोड़ देंगे भगवान ही कुछ इशारा करेंगे कि रोटी किसे खानी चाहिए. ऐसा सोच कर तीनों लेट गए, थके होने के कारण सबकी आंख लग गयी. जब अगली सुबह वे उठे तो पहले व्यक्ति ने कहा, रात सपने में एक देवदूत आए, वे मुझे स्वर्ग की सैर पर ले गए सचमुच इससे पहले मैंने कभी ऐसी असीम शांति, सौंदर्य नहीं देखी थी. जब मैं भ्रमण के अंतिम चरण में था तो एक महात्मा ने मुझसे कहा पुत्र ये रोटी लो, इसे प्रसाद समझो.पहले ने अपनी बात खत्म ही की तो दूसरा बोला, अजीब बात है, मैंने भी ऐसा ही सपना देखा, और महात्मा ने मुझे निर्देश दिए कि मैंने जीवन भर लोगों का भला किया इसलिए रोटी पर मेरा ही हक़ है. उन दोनों की बातें सुन तीसरा व्यक्ति चुप-चाप बैठा था. तुमने क्या सपना देखा? पहले ने पूछा. मेरे सपने में कुछ भी नहीं था, मैं कहीं नहीं गया, और न ही मुझे कोई महात्मा दिखे. लेकिन रात में जब एक बार मेरी नींद टूटी तो मैंने रोटी खा ली.

अरे तुमने ये क्या किया. ऐसा करने से पहले तुमने हमें बताया क्यों नहीं. बाकी दोनों ने गुस्से से पुछा.

कैसे बताता, तुम दोनों अपने -अपने सपनो में इतने दूर जो चले गए थे. तीसरे व्यक्ति ने कहा.

और कल ही तो गुरु जी ने हमें बताया था कि आध्यात्मिक ज्ञान के साथ साथ व्यावहारिक ज्ञान का महत्त्व समझना चाहिए. मेरे मामले में भगवान ने जल्द ही मुझे संकेत दे दिया की भूखों मरने से अच्छा है कि रोटी खा ली जाए और मैंने वही किया.

## इंडिया पर ट्रेंडिंग




1. #DisasterManagement
2. #KhudiramBose
3. खुदीराम बोस
4. #UP_पुलिस_भर्ती
5. #MondayMotivation
6. #Significance_Of_Celibacy
7. Saint Dr MSG Insan
8. Spiritual Discipline
9. भर्ती बोर्ड
10. Sant Shri Asharamji Bapu

# बहुरंग

## बॉक्स ऑफिस पर नहीं चला 'सन ऑफ सरदार-2' का जादू

## 42 करोड़ रुपये का कारोबार



अजय देवगन की फिल्म 'सन ऑफ सरदार-2' से जहां दर्शकों और निर्माताओं को बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर इसका अब तक का सफर निराशाजनक रहा है. रिलीज के 10 दिन पूरे होने के बावजूद फिल्म शुरुआत से ही दर्शकों को खींचने में जूझती नजर आई. यहां तक कि वीकेंड पर भी इसकी कमाई में कोई खास उछाल नहीं आया. अब फिल्म की 10वें दिन की कमाई सामने आ गई है.

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक 'सन ऑफ सरदार-2' ने 9वें दिन शनिवार 4 करोड़ रुपये की कमाई की थी, जबकि 10वें दिन यानी दूसरे रविवार को इसका कलेक्शन घटकर सिर्फ 3.75 करोड़ रुपये रह गया. इस तरह फिल्म ने 10 दिनों में कुल 42 करोड़ रुपये का कारोबार किया है. बताया जा रहा है कि 'सन ऑफ सरदार-2' का बजट करीब 150 करोड़ रुपये है. 'सन ऑफ सरदार-2' का निर्देशन पंजाबी सिनेमा के मशहूर फिल्ममेकर विजय कुमार अरोड़ा ने किया है, जिन्होंने इसी फिल्म के साथ बॉलीवुड में अपना डायरेक्टोरियल डेब्यू किया है. इस बार अजय देवगन की जोड़ी पहली बार अभिनेत्री मृणाल ठाकुर के साथ बनी है. फिल्म में नीरू बाजवा, रोशनी वालिया, कुब्रा सैत, दीपक डोबरियाल, साहिल मेहता, चंकी पांडे और रवि किशन जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आते हैं. अजय ने इस फिल्म में अभिनय के साथ-साथ सह-निर्माता की जिम्मेदारी भी निभाई है.

## ऋतिक की फिल्म 'वॉर-2' सिनेमा घरों में 14 अगस्त को देगी दस्तक

**14 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली फिल्म को लेकर दर्शकों में गजब का क्रेज**



ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर स्टारर 'वॉर-2' अब रिलीज से सिर्फ कुछ दिन दूर है. 14 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली इस फिल्म को लेकर दर्शकों में गजब का क्रेज देखने को मिल रहा है. एडवांस बुकिंग की शुरुआत हो चुकी है, और अब रिलीज से महज तीन दिन पहले फिल्म की प्रमोशनल रणनीति का खुलासा हो गया है. 'वॉर-2' की रिलीज को भव्य बनाने के लिए निर्माताओं ने कई अहम फैसले लिए हैं. उन्होंने देशभर के सिनेमाघरों को आवश्यकताओं की एक सूची भेजी है. सिंगल-स्क्रीन थिएटरों को साफ निर्देश दिया गया है कि वे किसी अन्य फिल्म की स्क्रीनिंग नहीं करेंगे और पूरी तरह 'वॉर 2' को ही दिखाएंगे. यही नियम दो और तीन स्क्रीन वाले सिनेमाघरों पर भी लागू होगा. यशराज फिल्म्स (वाईआरएफ) ने यह भी तय किया है कि दो-स्क्रीन वाले थिएटरों में 'वॉर 2' के कम से कम 12 शो अनिवार्य रूप से चलाए जाएंगे. रिपोर्ट्स के मुताबिक, तीन-स्क्रीन वाले सिनेमाघरों में 'वॉर-2' के कम से कम 18 शो रोजाना दिखाना अनिवार्य होगा. 4, 5 और 6 स्क्रीन वाले मल्टीप्लेक्स को 21, 27 और 30 शो प्रतिदिन चलाने होंगे. 7-स्क्रीन वाले मल्टीप्लेक्स में यह संख्या 36 होगी, जबकि 8 स्क्रीन वाले में 42, 9 स्क्रीन वाले में 48 और 10 या उससे अधिक स्क्रीन वाले मल्टीप्लेक्स में कम से कम 54 शो रोजाना अनिवार्य होंगे. अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी इस एक्शन एंटरटेनर में कियारा आडवाणी भी नजर आएंगी.

## 'बागी 4' का धमाकेदार टीजर रिलीज : टाइगर श्रॉफ और संजय दत्त का 'कसाईखाना' अंदाज, हरनाज संधू की एंट्री से बढ़ा तड़का



टाइगर श्रॉफ, संजय दत्त, सोनम बाजवा और मिस यूनिवर्स 2021 हरनाज संधू स्टारर फिल्म 'बागी 4' का टीजर हाल ही में रिलीज किया गया है और इसने सोशल मीडिया पर तूफान मचा दिया है. एक्शन, खून-खराबा और इमोशन से भरपूर इस 1 मिनट 49 सेकंड के टीजर ने दर्शकों को हैरान कर दिया है. ए. हर्षा के निर्देशन में बनी इस फिल्म से हरनाज संधू बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं. वहीं फिल्म को प्रोड्यूस किया है साजिद नाडियाडवाला ने.

**टीजर की शुरुआत टाइगर श्रॉफ के डायलॉग से होती है :** ₹जरूरत और जरूरी में फर्क होता है. अलीशा तेरी जरूरत थी और मेरे लिए जरूरी. इस डायलॉग के साथ ही भावनात्मक माहौल बनता है जहां हरनाज संधू, संजय दत्त और सोनम बाजवा को रोते हुए दिखाया गया है. लेकिन इसके तुरंत बाद टीजर रफ्तार पकड़ता है और शुरू होता है खून-खराबे का खेल.

संजय दत्त पूरी तरह से 'मार-काट' मोड में नजर आते हैं. टीजर में उन्हें कुछ ऐसे सीन्स में दिखाया गया है, जहां वे दुश्मनों को काटते-पीटते नजर आते हैं. टाइगर श्रॉफ भी जबरदस्त एक्शन करते दिखते हैं. उनका एक और डायलॉग . बचपन में मां से एक हीरो और विलेन की कहानी सुनता था, नहीं पता था कि मेरी कहानी का हीरो भी मैं होऊंगा और विलेन भी.

**सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है :** टीजर में हरनाज संधू और सोनम बाजवा का भी वॉयलेंट अवतार दिखाया गया है. हरनाज का यह एक्शन से भरपूर डेब्यू दर्शकों को चौंका रहा है. टाइगर का एक और डायलॉग –

**कुंडी खड़काऊं या सीधा अंदर आऊं... :** को काफी पसंद किया जा रहा है.

हालांकि टीजर को मिले-जुले रिएक्शन मिल रहे हैं. कुछ इसे 'एनिमल 2' तो कुछ 'सस्ती एनिमल की कॉपी' बता रहे हैं. कई यूज़र्स ने कहा कि यह फिल्म रणबीर कपूर की 'एनिमल' से काफी प्रभावित लगती है. किसी ने लिखा –

सीन दर सीन कॉपी किया है,

तो किसी ने इसे 'कसाईखाना' करार दिया.

फिर भी, टाइगर श्रॉफ की स्टाइलिश एक्शन :

संजय दत्त का दमदार स्वैग और हरनाज संधू की ग्लैमरस एंट्री ने टीजर को चर्चा में ला दिया है. 'बागी 4' के इस धमाकेदार टीजर ने यह साफ कर दिया है कि फिल्म में हाई-वोल्टेज एक्शन के साथ-साथ इमोशनल ट्विस्ट भी देखने को मिलेगा.

## राशिफल




आचार्य प्रणव मिश्रा
मोबाइल नंबर 8210075897

**मेष :** आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी. ज्ञान-विज्ञान की वृद्घि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा. कुछ कार्य भी सिद्घ होंगे. अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे. प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे. किसी अपने की सलाह उपयोगी सिद्घ होगी. शुभांक-2-3-6

**वृष :** समव्यर्थ के आडम्बरों से बचें. कार्यक्षेत्र में विवाद बढ़ेगे. परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है. मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी. किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा. कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा. विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है. शुभांक-5-7-9

**मिथुन :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्घ हो रहे हैं. नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे. सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा. धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी. सुख-आनंद कारक समय है. लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी. आय के अच्छे योग बनेंगे. संतान की उन्नति के योग है. शुभांक-2-5-7

**कर्क :** बुद्घितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा. कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी. सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी. मनोविनोद बढ़ेंगे. व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है. शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा. कामकाज की अधिकता रहेगी. संतान की उन्नति के योग है. शुभांक-2-6-8

**सिंह :** व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचें. जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है. मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी. आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखे. पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी. पुरानी गलती का पश्चाताप होगा. पारिवारिक विवाद टाले. शुभांक-1-3-4

**कन्या :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. जोखिम से दूर रहना ही बुद्घिमानी होगी. शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे. किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे. अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे. लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी. शुभांक-4-5-7

**तुला :** अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे. विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्घ होंगे. व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए. बनते हुए कार्यों में बांधा आएगी. विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है. शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा. शुभांक-3-5-7

**वृश्चिक :** आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे. रोजगार में तरक्की मिलेगी. जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है. आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी. कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है. शत्रुओं की पराजय होगी. कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी. नियोजित धन से लाभ होने लगेगा. शुभांक-3-6-8

**धनु :** उच्च मनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. शुभांक-2-4-6

**मकर :** आत्मीय जनों से मिलन होगा. यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा. कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे. सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी. लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी. बुद्घितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा. शुभांक-6-7-9

**कुंभ :** घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा. रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है. मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी. व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है. कामकाज की अधिकता रहेगी. लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी. मेहमानों का आगमन होगा. शुभांक-2-4-5

**मीन :** शांतिपूर्वक नित्य कार्य करे. संतान की प्रगति से संतोष होगा. व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा. श्रम अधिक करना पड़ सकता है. वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते है. समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है. पारिवारिक तनाव, अलगाव का सामना करना पड़ सकता है. शुभांक-1-3-5

## ब्रीफ न्यूज

### 12 अगस्त को बिजली उपभोक्ताओं से संवाद करेंगे सीएम नीतीश

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 12 अगस्त को बिजली उपभोक्ताओं से संवाद करेंगे. इसके लिए दुर्गावती प्रखंड क्षेत्र में चार स्थानों पर संवाद शिविर लगाए जाएंगे. प्रखंड के कनीय विद्युत अभियंता रौनक कुमार कश्यप ने बताया कि ये शिविर प्रखंड कार्यालय दुर्गावती, उच्च विद्यालय धनेछा, उच्च विद्यालय कल्याणपुर और पंचायत सरकार भवन खजुरा में आयोजित किए जाएंगे. सभी शिविर सुबह 11 बजे से शुरू होंगे. संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य उपभोक्ताओं को राज्य सरकार की नई योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देना है.

### गृहरक्षकों का औपबंधिक मेधा सूची प्रकाशित

**नालंदा।** जिला में गृहरक्षकों के स्वच्छ नामांकन हेतु सफल अभ्यर्थियों की कोटिवार 1.5 गुणा औपबंधिक मेधा सूची को प्रकाशित करने को लेकर डीएम ने सोमवार को कार्य सूची जारी किया जिसमें सर्वप्रथम जिलान्तर्गत गृहरक्षकों के स्वच्छ नामांकन हेतु कुल 38649 (अड़तीस हजार छः सौ उन्नचास) आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें पुरूष आवेदनों की संख्या 31338 महिला आवेदकों की संख्या 7310 तथा ट्रांसजेंडर आवेदक की संख्या 01 निर्धारित की गई है. बताया गया है कि सभी आवेदकों की शारीरिक सक्षमता जाँच दीपनगर स्टेडियम, दीपनगर में किया गया है.

### हाइवा ट्रक पुल से नदी में गिरते-गिरते बचा

**मुंगेर।** जिले के गंगटा–संग्रामपुर मुख्य मार्ग स्थित महानय नदी पुल पर सोमवार की सुबह बड़ा हादसा टल गया. 16 चक्का वाला एक हाइवा ट्रक पुल से नदी में गिरते-गिरते बच गया. ट्रक का पिछला हिस्सा नदी की ओर लटका हुआ है, जबकि अगला हिस्सा सड़क पर है. घटना के बाद पुल पर दोनों ओर से जाम लग गया और जमुई की तरफ से आने वाले वाहनों की लंबी कतारें लग गईं. स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह ट्रक चालक को अचानक नींद आ गई. इसी दौरान उसने जोरदार ब्रेक लगाया, जिससे ट्रक नियंत्रण खो बै ग्रामीणों ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी.

# नीतीश कुमार ने पथ निर्माण विभाग की छह योजनाओं का किया शिलान्यास

संवाददाता। पटना

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को पटना के पश्चिमी क्षेत्र के लिए 766.73 करोड़ रुपये की लागत वाली पथ निर्माण विभाग की 6 योजनाओं का शिलान्यास किया. उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को इन योजनाओं का काम जल्द पूरा करने का निर्देश दिया है. मुख्यमंत्री ने सबसे पहले अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) गोलंबर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रगति यात्रा के दौरान पटना जिलान्तर्गत की गई घोषणाओं से संबंधित 138.5 करोड़ रुपये लागत की एम्स गोलंबर-जानीपुर-पैनापुर नेव (जंक्शन ऑफ बिहटा सरमेरा पटना रिंग रोड)(कुल लंबाई 10.5 किमी) पथ के 2 लेन चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का शिलान्यास किया. साथ ही 73.06 करोड़ की लागत से नौबतपुर-मसौढ़ी पथ के 17वें किलोमीटर में नौबतपुर लख में फ्लाईओवर (लंबाई 1.015 किमी) निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया.



इसके पश्चात् कोथवां, रुपसपुर नहर पर आयोजित कार्यक्रम स्थल से मुख्यमंत्री ने 71.48 करोड़ रुपये की लागत की पटना जिलान्तर्गत खगौल नेहरु पथ का अशोक राजपथ-रुपसपुर नहर पथ तक फोर लेन (कुल लंबाई 6.9 किमी) चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का शिलान्यास किया. इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने नेहरु पथ पर पाटली पथ के नीचे आयोजित कार्यक्रम स्थल से 143.86 करोड़ रुपये की लागत से दीघा-एम्स पाटली पथ को दानापुर की तरफ नेहरु पथ से संपर्कता प्रदान करने के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया. नेहरु पथ पर पाटली पथ के नीचे आयोजित कार्यक्रम स्थल से ही 318.51 करोड़ रुपये की लागत से पटना जिलान्तर्गत रुपसपुर नहर से सगुना मोड़ तक नेहरु पथ (कुल लंबाई 2.7 किमी) के दोनों तरफ भूमिगत नाला के साथ पथ के निर्माण एवं चौड़ीकरण कार्य का भी मुख्यमंत्री ने शिलान्यास किया. नेहरु पथ पर पाटली पथ के नीचे आयोजित कार्यक्रम स्थल से ही मुख्यमंत्री ने 21.35 करोड़ रुपये की लागत से नेहरु पथ से गोला रोड (कुल लंबाई 2.20 किमी) पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का शिलान्यास किया. कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि प्रगति यात्रा के दौरान पटना जिला के लिए की गई घोषणाओं से संबंधित पटना शहरी (पश्चिमी क्षेत्र) के अंतर्गत पथ निर्माण विभाग की 6 योजनाओं का शिलान्यास किया गया है. इन योजनाओं पर शीघ्र काम शुरु कर तेजी से पूर्ण करें.

उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के क्रियान्वयन से पटना शहरी (पश्चिमी क्षेत्र) में आम लोगों के लिए यातायात काफी बेहतर होगा तथा जाम की समस्या में कमी आएगी. साथ ही नेहरु पथ से पाटली पथ होते हुए जेपी सेतु तथा एम्स तक पुहंचना आसान होगा. गोला रोड के चौड़ीकरण से पश्चिमी पटना के नए विकसित क्षेत्र के निवासियों को आवागमन में सुविधा होगी.

## पुलिस कर्मियों ने दंपत्ति के साथ की बदसलूकी, वीडियो वायरल

संवाददाता। पूर्वी चंपारण

जिले के छतौनी थाना पुलिस के शर्मनाक करतूत का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है.वायरल वीडियो में देखा जा रहा है,कि रात के अंधेरे में एक दंपति के साथ दुर्व्यवहार और मारपीट किया जा रहा है.वीडियो में स्पष्ट दिख रहा है,कि महिला के साथ पुरूष पुलिसकर्मी हाथापाई और मारपीट करते जबरन पुलिस गाड़ी में बैठा रहे है. स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस गुंडागर्दी वाले करतूत का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया है. जानकारी के अनुसार घटना छतौनी थाना क्षेत्र के बरियारपुर चीनी मिल के पास की है.जहां रविवार की देर रात बाजार से लौट रहे दंपति के साथ वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने इस घटना को अंजाम दिया है. बताया जा रहा है,कि छतौनी थाना प्रभारी अमरजीत कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने न केवल दंपति को परेशान किया,बल्कि विरोध करने वाले लोगों को भी धमकाया.

पीड़ित दंपति ने बताया कि रविवार की रात बाजार से लौट रहे थे.इसी दौरान वाहन चेकिंग के नाम पर पुलिस ने उन्हे रोका. अंधेरे में गाड़ी रोकने में थोड़ी देरी होने पर पुलिसकर्मी आगबबूला हो गये और उनके साथ धक्का-मुक्की और मारपीट शुरू कर दी.पुरुष पुलिसकर्मियों ने महिला के साथ भी गाली गलौज, अभद्र व्यवहार की और महिला के पेट पर लात से मारा,साथ ही उन्हे खीचते हुए पुलिस की गाड़ी में जबरन बैठाने की कोशिश की. दंपति ने बताया कि उनके शोर मचाने के बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस की इस हरकत का विरोध किया. कुछ लोगों ने मोबाइल से इसका वीडियो बनाकर पुलिस की गुंडागर्दी को रिकॉर्ड कर वायरल कर दिया.

## हमारा राष्ट्र स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के आधार पर ही समृद्ध हो सकता है : डॉ देवेश

संवददाता। पटना

बिहार में सीतामढ़ी शहर के वीरकुंवर सिंह चौक पर स्वदेशी जागरण मंच ने विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार सह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का पुतला दहन आज किया. मौके पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रान्त सह पर्यावरण प्रमुख डॉ देवेश कुमार ने कहा कि 1991 में अपनी स्थापना के बाद से ही स्वदेशी जागरण मंच स्वदेशी अपनाने के लिए जनता में जागरूकता पैदा कर रहा है. मंच का दृढ़ विश्वास है कि हमारा राष्ट्र स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के आधार पर ही समृद्ध हो सकता है. डॉ देवेश ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं की वर्तमान परिस्थितियों में, जहां वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं, भुगतान प्रणालियों और वैश्विक मुद्राओं को हथियार बनाया जा रहा है, अमरीका और



अन्य देश अधिक से अधिक संरक्षणवादी बन रहे हैं और टैरिफ दीवारों और अन्यायपूर्ण गैर-टैरिफ बाधाओं का उपयोग करके वैश्विक निर्यात को अवरुद्ध किया जा रहा है, कुछ देशों, विशेष रूप से चीन द्वारा अतिरिक्त क्षमताओं के आधार पर माल डंप किया जा रहा है, और हमारे विनिर्माण को खत्म करने का षड्यंत्र किया जा रहा है. ऐसे में स्वदेशी राष्ट्रीय हितों की रक्षा का एक महत्वपूर्ण साधन हो सकता है. मौके पर जिला संयोजक संगीता झा ने प्रधानमंत्री द्वारा व्यक्त विचारों को कहते हुए कहा की भारतीयों द्वारा विदेशी विवाहों से परहेज़ करने का उदाहरण दिया है, स्वदेशी जागरण मंच का मानना है कि मूल्यवान विदेशी मुद्रा बचाने के और भी कई उपाय हो सकते हैं. उन्होंने कहा कि सामान्य रूप से विदेशी वस्तुओं का न्यूनतम उपयोग; और चीन, तुर्की व अन्य विरोधी देशों की वस्तुओं और सेवाओं का बहिष्कार करना, कुछ अपवादों को छोड़, विदेशी विश्वविद्यालयों में अध्ययन का मोह त्यागना, स्थानीय उत्पादों का उपयोग और कारीगरों को बढ़ावा देना, न केवल मूल्यवान विदेशी मुद्रा बचाने में सहायक हो सकता है.

## न्यूज अपडेट


### स्वतंत्रता उत्सव को लेकर डीडीसी ने की समीक्षा

**नालंदा।** जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय सभागार में सोमवार को स्वतंत्रता का उत्सव को लेकर श्रीकांत कुंडलिक खांडेकर, उप विकास आयुक्त, नालंदा की अध्यक्षता में संबंधित विभाग के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक की मुख्य पहलु हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग है , कार्यक्रम में स्वच्छ भारत मिशन और जल जीवन मिशन के तहत जिले भर में पंचायत स्तर पर स्वच्छ गाँव , सामुदायिक साफ-सफाई अभियान, जल संरक्षण, जागरूकता गतिविधि आदि का आयोजन कराये जाने का आदेश दिया गया है. इसमें सर्वप्रथम जिला स्तर पर प्रभात फेरी, तिरंगा यात्रा, तिरंगा रैली, सांस्कृतिक कार्यक्रम, तिरंगा मेला, कार्यशाला, तिरंगा प्रदर्शनी, सार्वजनिक स्थालों पर तिरंगा के रंग में लाईटिंग, तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन एवं सेल्फी बुथ का निर्माण तथा तिरंगों की बिक्री एवं वितरण केन्द्र की स्थापना कराने तथा उक्त कार्यक्रम में आम जनमानस विशेष कर युवाओं की अधिकतम भागीदारी हेतु "हर घर तिरंगा कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु शिक्षा विभाग, सहकारिता विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, पंचायती राज विभाग, जीविका, खेल विभाग के संबंधित पदाधिकारियों को उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं.

### सड़क हादसे में ननद -भाभी की मौत, एक की हालत गंभीर

**बांका।** बांका में भीषण सड़क हादसे में दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई. वहीं एक की हालत गभीर है. घटना रविवार सुबह भागलपुर-हसडीहा मुख्य मार्ग पर स्थित कन्या मध्य विद्यालय पुनसिया बाजार के पास हुई. हादसे में दो महिला कांवरियों की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं घायल बाइक चालक का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजौन में किया जा रहा है. घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया. आसपास के लोगों की भीड़ लग गई. इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई. पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई. बताया जा रहा है कि दोनों मृत महिला झारखंड के गोड्डा जिले के मोतिया ओपी क्षेत्र के मोतिया मांझी टोला के बुलो मांझी की पुत्री एवं पुत्रवधू थी. सावन के मौके पर वे गंगा जल लेने भागलपुर जा रही थीं ताकि जल लेकर बासुकीनाथ मंदिर में जलार्पण कर सकें.

### खुदीराम बोस के शहादत दिवस पर जेल में श्रद्धांजलि



**मुजफ्फरपुर।** शहीद खुदीराम बोस के 118वें शहादत दिवस पर सोमवार अहले सुबह शहीद खुदीराम बोस सेंट्रल जेल परिसर देशभक्ति की भावना से गूंज उठा. जेल रंगीन बल्बों से सजा था, हुमाद की भीनी खुशबू फैली थी और बैकग्राउंड में धीमी आवाज में वही गीत बज रहा था "एक बार विदाई दे मां घूरे आसी, हांसी हांसी परबो फांसी, देखबे जोगोत वासी", जिसे गाते हुए खुदीराम ने फांसी का फंदा चूमा था. सुबह करीब 3 बजे से ही जेल गेट पर लोग आने लगे थे. कब गेट खुले और अंदर प्रवेश मिले, हर कोई बेसब्री से इंतजार कर रहा था. तिरहुत प्रक्षेत्र के कमिश्नर, मुजफ्फरपुर के डीएम सुब्रत कुमार सेन, एसएसपी सुशील कुमार, एसडीपीओ टाउन सुरेश कुमार, एसडियो पूर्वी, मिठनपुरा थानाध्यक्ष समेत कई अधिकारी समय पर पहुंचे.

### गंगा समेत सभी नदियां उफान पर, अब तक 19 लोगों की मौत

**पटना।** पहाड़ों और बिहार के मैदानी इलाकों में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश की वजह से गंगा समेत बिहार की सभी प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं. इसकी वजह से गंगा किनारे बसे पटना, भागलपुर, मुंगेर, बेगूसराय, खगड़िया और कटिहार में बाढ़ की स्थित की नाजुक बनी हुई है. बिहार में बाढ़ से अब तक 19 लोगों की मौत हो गई. सबसे ज्यादा बेगूसराय में 08 लोगों की मौत हुई है. मृतकों में बेगूसराय के 8, भागलपुर, सीवान और भोजपुर, खगड़िया में दो-दो तथा मुंगेर, वैशाली व कटिहार के एक-एक शामिल हैं. राज्य में 10 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हैं. स्थिति से निपटने के लिए एनडीआरएफ की 9वीं बटालियन की 14 टीमों को अलर्ट पर रखा गया है. दरभंगा, सुपौल, मोतिहारी और नालंदा में टीमें तैनात हैं.मौसम विभाग ने बिहार के 19 जिलों में यलो अलर्ट जारी करते हुए तेज बारिश, आंधी और बिजली गिरने की चेतावनी दी है. पिछले 24 घंटों में कटिहार में 140 मिमी, नालंदा में 70 मिमी और पटना में 57 मिमी बारिश दर्ज की गई है. आपदा प्रबंधन विभाग और एनडीआरएफ की 14 टीमें राहत-बचाव में जुटी हैं, लेकिन मौसम का रुख अगले 48 घंटे और मुश्किलें बढ़ा सकता है.

## कारोबार

### 'समुद्री खाद्य निर्यात के लिए नए बाजार तलाशें कारोबारी'

**नई दिल्ली।** अमेरिकी टैरिफ वृद्धि के बीच सरकार ने समुद्री खाद्य निर्यातकों से नए बाजार तलाशने को कहा. कंद्रीय मत्स्यपालन पशुपालन एवं डेयरी मंत्री रजीव रंजन सिंह ने कहा कि यूरोपीय संघ, जापान, दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन, रूस, ऑस्ट्रेलिया, पश्चिम एशिया, दक्षिण पूर्व एशिया और कई देश भारतीय समुद्री खाद्य पदार्थों के निर्यात के लिए उपलब्ध हैं. मंत्री ने कहा कि निर्यातकों ने 16वें वित्त आयोग के दौरान प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) में शामिल करने के लिए कुछ सुझाव दिए हैं.

### ईपीएफओ के नए नियम से कर्मचारियों की बढ़ी मुश्किलें

**नई दिल्ली।** ईपीएफओ के नए नियम के तहत 1 अगस्त 2025 से यूनिवर्सल अकाउंट नंबर (यूएएन) बनवाने और सक्रिय करने के लिए उमंग ऐप के जरिए फेस ऑथेंटिकेशन टेक्नोलॉजी (एफएटी) अनिवार्य कर दी गई है. इंडियन स्टाफिंग फेडरेशन ने इस फैसले पर चिंता जताई है, क्योंकि इससे देशभर में संविदा कर्मचारियों और स्टाफिंग कंपनियों की ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया में बड़ी अड़चन आ रही है। ISF के अनुसार, केवल दो दिनों में 1,000 से ज्यादा कर्मचारियों की जॉइनिंग रुक गई है, जिससे पेरोल साइकिल और समय-सीमा पर सीधा असर पड़ा है.

### नकली नोटों को लेकर सरकार का खुलासा

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2024-25 में नकली नोटों को लेकर सरकार ने बड़ा खुलासा किया है. लोकसभा में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने जानकारी दी कि इस साल कुल 2.17 लाख नकली नोट पकड़े गए हैं, जो पिछले साल के 2.23 लाख से थोड़ा कम है. सबसे अधिक रु. 500 के नए डिजाइन वाले 1,17,722 नकली नोट मिले, जबकि रु. 100 के 51,069 और रु. 200 के 32,660 नोट बरामद हुए. मंत्री ने बताया कि भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) और सरकार मिलकर नकली करेंसी के खिलाफ लगातार प्रयास कर रहे हैं.

### बाजार में लौटे खरीदार, शानदार मजबूती के साथ बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी

# बाजार की मजबूती से निवेशकों को 3.39 लाख करोड़ का मुनाफा

एजेंसी। नई दिल्ली

पॉजिटिव ग्लोबल संकेतों, कच्चे तेल की कीमत में आई गिरावट और निवेशकों की निचले स्तर से की गई 'वैल्यू बाइंग' के कारण घरेलू शेयर बाजार आज जबरदस्त प्रदर्शन करने के बाद मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा. आज के कारोबार की शुरुआत सपाट स्तर पर मामूली बढ़त के साथ हुई. शुरुआती कारोबार में बिकवाली के दबाव की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक कुछ देर के लिए लाल निशान में भी गिर गए. हालांकि, पहले आधे घंटे के बाद ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिसकी वजह से बाजार की चाल में तेजी आ गई. पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.93 प्रतिशत और निफ्टी 0.91 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए. आज दिन भर के कारोबार के दौरान बीएसई के ज्यादातर सेक्टोरल इंडेक्स मजबूती के साथ हरे निशान में बंद हुए.





रियल्टी, पीएसयू बैंक और फार्मास्यूटिकल सेक्टर के शेयरों में आज जम कर खरीदारी होती रही. इसी तरह आईटी, इंफ्रास्ट्रक्चर, ऑटोमोबाइल, एफएमसीजी, कैपिटल गुड्स, ऑयल एंड गैस, मेटल, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और टेक इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए. दूसरी ओर, कंज्यूमर ड्यूरेबल सेक्टर में आज बिकवाली का दबाव बना रहा. ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.79 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ. इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.35 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया.

आज शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 3 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक की बढ़ोतरी हो गई. बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 444.02 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया. पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 440.63 लाख करोड़ रुपये था. इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 3.39 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया. आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,337 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई. इनमें 2,248 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,916 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 173 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए. एनएसई में आज 2,752 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई. इनमें से 1,486 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,256 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए. इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 27 शेयर बढ़त के साथ और 3 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए. जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 47 शेयर हरे निशान में और 3 शेयर लाल निशान में बंद हुए. कारोबार की शुरुआत होने के बाद कुछ देर तक लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान चलती रही, जिसके कारण सेंसेक्स 85.33 अंक की कमजोरी के साथ 79,772.46 अंक तक गिर गया.

### कमजोर लिस्टिंग के बाद संभले भदौरा इंडस्ट्रीज के शेयर

**नई दिल्ली।** इंडस्ट्रियल केबल बनाने वाली कंपनी भदौरा इंडस्ट्रीज के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में कमजोर शुरुआत की. हालांकि डिस्काउंट लिस्टिंग के बाद लिवाली के सपोर्ट से कंपनी के शेयरों की स्थिति में सुधार होता हुआ नजर आ रहा है. आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 103 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे. आज एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर 2 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ इसकी लिस्टिंग 101 रुपये के स्तर पर हुई. लिस्टिंग के बाद लिवाली शुरू हो जाने के कारण इसकी स्थिति में सुधार होने लगा.

### आठवां वेतन आयोग... कितनी बढ़ेगी सैलरी?

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने 8वें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दे दी है, जिससे करोड़ों केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को बड़ी राहत मिल सकती है. आयोग का उद्देश्य वेतन ढांचे और पेंशन लाभों की समीक्षा करना है। संसद में सरकार ने स्पष्ट किया है कि वेतन में संशोधन आयोग की सिफारिशों के औपचारिक अनुमोदन के बाद ही होगा. हालांकि अभी कोई तय तारीख घोषित नहीं हुई है, लेकिन माना जा रहा है कि इसकी सिफारिशें 1 जनवरी 2026 या 1 अप्रैल 2026 से लागू हो सकती हैं.

### कार निर्माता कंपनी टेस्ला ने नई दिल्ली के एरोसिटी वर्ल्डमार्क 3 में अपना शोरूम खोला

**नई दिल्ली।** अमेरिकी कारोबारी एलन मस्क की इलेक्ट्रिक कार निर्माता कंपनी टेस्ला ने भारत में अपना दूसरा शोरूम खोल दिया है. कंपनी ने मुंबई के बाद अपने दूसरे शोरूम का सोमवार को नई दिल्ली में शुभारंभ किया है. ये नया टेस्ला एक्सपीरियंस सेंटर, एयरोसिटी वर्ल्डमार्क 3 बिल्डिंग में ग्राउंड फ्लोर पर स्थित है. कंपनी के मुताबिक एयरोसिटी वर्ल्डमार्क कॉम्प्लेक्स में टेस्ला का दूसरा शोरूम 8,200 स्क्वायर फीट में बना है, जो इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास है. टेस्ला का यह एक्सपीरियंस सेंटर एनसीआर के उपभोक्ताओं को सर्विस देगा. नई दिल्ली का यह इलाका हाई-एंड बिजनेस और हॉस्पिटैलिटी हब है, जहां लग्जरी होटल्स, बड़ी कंपनियों के ऑफिस और हाई-प्रोफाइल रिटेल स्टोर्स मौजूद हैं. कंपनी ने इससे पहले 15 जुलाई को मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स स्थित मेकर मैक्सिको मॉल में अपना पहला भारतीय शोरूम खोला था.

### एयर इंडिया की दिल्ली से वाशिंगटन की उड़ानें एक सितंबर से निलंबित करने का ऐलान

**नई दिल्ली।** टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया ने 1 सितंबर से दिल्ली से वाशिंगटन के लिए अपनी सेवाएं निलंबित करने का ऐलान किया है. एयरलाइंस ने कहा कि वह कई परिचालन कारकों के कारण नई दिल्ली से वाशिंगटन के लिए अपनी उड़ानें निलंबित कर रही है. एयलाइंस ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा, ₹एयर इंडिया ने राजधानी नई दिल्ली और वाशिंगटन डीसी के बीच अपनी सेवाओं को 1 सितंबर से निलंबित करने की घोषणा की है. कंपनी ने ये निर्णय परिचालन संबंधी विभिन्न कारकों के कारण लिया है, ताकि एयर इंडिया के समग्र मार्ग नेटवर्क की विश्वसनीयता और अखंडता सुनिश्चित की जा सके. ₹ कंपनी ने बताया कि ये निलंबन मुख्य रूप से एयर इंडिया के बेड़े में नियोजित कमी के कारण है, क्योंकि एयरलाइन ने पिछले माह अपने 26 बोइंग 787-8 विमानों का रेट्रोफिटिंग कार्य शुरू किया था. एयरलाइन ने कहा कि इस व्यापक रेट्रोफिट कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राहक अनुभव को उल्लेखनीय रूप से बेहतर बनाना है. इसके लिए कम से कम 2026 के अंत तक किसी भी समय कई विमानों की अनुपलब्धता आवश्यक है.

## शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में मामूली बढ़त, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

एजेंसी। नई दिल्ली

घरेलू शेयर बाजार आज शुरुआती कारोबार के दौरान उतार-चढ़ाव के बीच बढ़त के साथ ट्रेड करता हुआ नजर आ रहा है. आज के कारोबार की शुरुआत मामूली बढ़त के साथ हुई थी. बाजार खुलते ही लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान शुरू हो जाने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में भी उतार-चढ़ाव होने लगा.

सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स और निफ्टी 0.17 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे. आज सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से ग्रासिम इंडस्ट्रीज, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, ट्रेंट लिमिटेड, अदानी एंटरप्राइजेज और टाटा मोटर्स के शेयर 2.08 प्रतिशत से लेकर 0.65 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे. दूसरी ओर टाइटन कंपनी, अपोलो हॉस्पिटल, हीरो मोटोकॉर्प, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर 1.52 प्रतिशत से लेकर 0.67 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे. अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,470 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी. इनमें से 1,144 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,326 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे. इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 16 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे. दूसरी ओर 14 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे. जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 25 शेयर हरे निशान में और 25 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे. बीएसई का सेंसेक्स आज 27.57 अंक की मामूली बढ़त के साथ 79,885.36 अंक के स्तर पर खुला. कारोबार की शुरुआत होते ही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 80,059.56 अंक के स्तर पर पहुंच गया. इसके बाद बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया, जिसके कारण ये सूचकांक गिर कर लाल निशान में 79,772.46 अंक तक आ गया.

### घरेलू सर्राफा | सोना 760 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया

## सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी में बदलाव नहीं

एजेंसी। नई दिल्ली

घरेलू सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में आज गिरावट का रुख नजर रहा है. हालांकि चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है. सोना आज 700 रुपये से 760 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है. कीमत में गिरावट के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,02,280 रुपये से लेकर 1,02,430 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है. इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 93,750 रुपये से लेकर 93,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है. चांदी के भाव में परिवर्तन नहीं



होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 1,17,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है. दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,02,430 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 93,900 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है. वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,02,280 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 93,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है. इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,02,330 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,800 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है. इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,02,280 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 93,750 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है. कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,02,280 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 93,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है. लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,02,430 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 93,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है. पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,330 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 93,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है. जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,02,430 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 93,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है. देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना सस्ता हुआ है.

# रोहित-कोहली के वनडे भविष्य को लेकर जल्दबाजी नहीं दिखाएगा बीसीसीआई, फिलहाल एशिया कप पर ध्यान

एजेंसियां। नयी दिल्ली



रोहित शर्मा और विराट कोहली ने टी20 अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट प्रारूप से संन्यास ले लिया है और अब इन दोनों बल्लेबाजों के वनडे भविष्य को लेकर अटकलें चल रही है. हालांकि, एक रिपोर्ट अनुसार, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) इन दोनों को लेकर जल्दबाजी दिखाने के मूड में नहीं है. भारत का अगस्त में होने वाला बांग्लादेश दौरा स्थगित हो चुका है और टीम को 19 अक्तूबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज से पहले इस प्रारूप की कोई सीरीज नहीं खेलनी है.

कोहली और रोहित के नाम वनडे में संयुक्त रूप से 83 शतक और 25000 से ज्यादा रन है. भारतीय क्रिकेट में इस बात की चर्चा है कि अक्तूबर 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप तक रोहित 40 और कोहली 39 साल के हो जाएंगे. ऐसे में क्या ये दोनों दिग्गज तब तक टिके रह पाएंगे? बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, जाहिर है कि अगर रोहित और कोहली के दिमाग में कोई बात होगी तो वे बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारियों को बताएंगे जैसे इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट दौरे से पहले किया था. भारतीय टीम के नजरिए से देखें तो अगला बड़ा टूर्नामेंट फरवरी में होने वाला टी20 विश्व कप और उससे जुड़ी तैयारियां हैं. फिलहाल ध्यान एशिया कप टी20 टूर्नामेंट के लिए सर्वश्रेष्ठ टीम भेजने पर होगा, उम्मीद है कि सभी खिलाड़ी फिट और उपलब्ध होंगे.

**चैंपियंस ट्रॉफी में खेला था आखिरी मैच :** बीसीसीआई कभी भी जल्दबाजी में फैसला नहीं लेता है और दो खिलाड़ियों के बड़े प्रशंसक वर्ग को देखते हुए किसी भी संवेदनशील फैसले से पहले वह हमेशा लोगों की भावनाओं को परखने की कोशिश करता है. रोहित और कोहली ने भारत के लिए आखिरी टूर्नामेंट दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी खेला था जहां कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ ग्रुप चरण के मैच में शतक लगाया था, जबकि रोहित ने फाइनल में अर्धशतक जड़ा था. हालांकि, इन दोनों ने चैंपियंस ट्रॉफी के बाद आईपीएल में हिस्सा लिया और तब से वे प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में नहीं खेले हैं.

**सिडनी में विदाई मैच की योजना बना रहा बीसीसीआई :** कोहली अब लंदन में रहते हैं और उन्होंने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की थी जिसमें वो इंडोर नेट सत्र में अभ्यास करते हुए दिख रहे थे. इससे यह संकेत मिलता है कि उन्होंने अभ्यास करना शुरू कर दिया है. रोहित शर्मा आईपीएल के बाद छुट्टी पर इंग्लैंड में थे.

वह हाल ही में मुंबई वापस आ चुके हैं. उम्मीद है कि वो भी कुछ ही दिनों में अभ्यास शुरू कर देंगे. कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया था कि बीसीसीआई इन दोनों खिलाड़ियों को 25 अक्तूबर को सिडनी में एक विदाई मैच खेलने का प्रस्ताव दे रहा है. बीसीसीआई के एक अंदरूनी सूत्र ने हालांकि इन खबरों का खंडन करते हुए कहा है कि अभी तक इस बारे में कोई चर्चा नहीं हुई है. विजय हजारे ट्रॉफी वनडे टूर्नामेंट का आयोजन भी 24 दिसंबर से हो रहा है और उससे पहले भारतीय टीम को छह वनडे मैच खेलने है. ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद 30 नवंबर से घरेलू सरजमीं पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज है.

# ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद वनडे से भी संन्यास लेंगे रोहित और विराट? गांगुली ने दिया जवाब

एजेंसियां। नयी दिल्ली

भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली पहले ही टेस्ट और टी20 क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर चुके हैं. इस बीच खबर आ रही है कि दोनों अक्तूबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर करियर की आखिरी वनडे सीरीज खेल सकते हैं यानी अब दोनों वनडे क्रिकेट को भी अलविदा कह सकते हैं. इस विषय पर अब पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का बयान आया है. उन्होंने कहा कि, दोनों अगर अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो उन्हें इस प्रारूप में खेलना जारी रखना चाहिए.

**वनडे से भी संन्यास लेंगे रोहित और विराट :** दरअसल, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि अक्तूबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद रोहित शर्मा और विराट कोहली टेस्ट और टी20 के बाद वनडे से भी संन्यास ले सकते हैं. अक्तूबर में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज और पांच टी20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी. रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारतीय टीम प्रबंधन 2027 विश्व कप की रणनीति में रोहित और विराट पर विचार नहीं कर रहा है. दोनों को वनडे टीम में बने रहने के लिए घरेलू क्रिकेट खेलना पड़ सकता है.

## गांगुली ने क्या कहा

सौरव गांगुली ने रोहित और विराट के वनडे से संन्यास पर कहा, 'मुझे इसकी जानकारी नहीं है, मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकता.' उन्होंने एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड इवेंट के दौरान कहा, 'यह कहना मुश्किल है. जो भी अच्छा करेगा, वह खेलेगा. अगर वे अच्छा करते हैं, तो उन्हें खेलना जारी रखना चाहिए. कोहली का वनडे रिकॉर्ड शानदार है, यहां तक कि रोहित शर्मा का भी. दोनों ही सीमित ओवरों के क्रिकेट में अद्भुत हैं.' भारत का ऑस्ट्रेलिया का वनडे दौरा 19 अक्तूबर से शुरू होगा, जिसके मैच पर्थ, एडिलेड और सिडनी में खेले जाएंगे. इसके बाद दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन घरेलू वनडे मैच खेले जाएंगे. 2026 कैलेंडर में न्यूजीलैंड, अफगानिस्तान, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज खेली जानी है.

**एशिया कप में भारत जीत का दावेदार:** दुबई में नौ सितंबर से शुरू होने वाले आगामी टी20 एशिया कप के बारे में पूछे जाने पर गांगुली ने भारतीय टीम को जीत का दावेदार बताया. उन्होंने कहा कि इंग्लैंड में पांच कड़े टेस्ट मैचों के बाद मिला आराम टीम के लिए बहुत जरूरी था. गांगुली ने कहा, 'खिलाड़ियों को विश्राम करने का जरूरी समय मिल गया है. उन्होंने आईपीएल के बाद पांच टेस्ट खेले और अब वे नौ सितंबर से एशिया कप खेलेंगे.

**गांगुली ने की गिल की तारीफ :** शुभमन गिल के टेस्ट कप्तान के रूप में भविष्य के बारे में पूछे जाने पर, गांगुली ने युवा कप्तान की बहुत सराहना की और कहा, 'वह भारत के टेस्ट कप्तान हैं, और उनका भविष्य बहुत उज्ज्वल है.

### टिम डेविड ने तोड़ा डेविड वॉर्नर का 16 साल पुराना रिकॉर्ड

# ऑस्ट्रेलिया की दक्षिण अफ्रीका पर 17 रन से जीत दिला दी

एजेंसियां। डार्विन



ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज टिम डेविड ने रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टीम को 17 रन से जीत दिला दी. दोनों टीमों के बीच जारी तीन मैचों की टी20 सीरीज का पहला मुकाबला डार्विन में खेला गया, जिसे ऑस्ट्रेलियाई टीम ने जीत लिया और सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली. अब दोनों टीमों का सामना इसी मैदान पर 12 अगस्त (मंगलवार) को होगा. इस मैच में ऑस्ट्रेलिया के दाएं हाथ के बल्लेबाज टिम डेविड ने 52 गेंदों में 83 रन बनाए.

इस दौरान उनके बल्ले से चार चौके और आठ छक्के निकले. इसी के साथ 29 वर्षीय बल्लेबाज ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली. वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ किसी टी20 मुकाबले में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए. इससे पहले यह उपलब्धि डेविड वॉर्नर के नाम थी जिन्होंने 2009 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 89 रनों की पारी खेली थी और छह छक्के लगाए थे. इसके बाद डेविड हसी ने जोहानिसबर्ग में 88 रनों की पारी खेलकर इसकी बराबरी की. 2023 में मिचेल मार्श ने डरबन के किंग्समीड में 79 रनों की पारी में छह छक्के लगाए और उसके ठीक दो दिन बाद, ट्रैविस हेड ने उसी मैदान पर 91 रनों की पारी खेलकर यही कारनामा किया. दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक टी20 मैच में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज

| बल्लेबाज | चौके | छक्के |
|---|---|---|
| टिम डेविड | 4 | 8 |
| डेविड वॉर्नर | 7 | 6 |
| डेविड हसी | 5 | 6 |
| मिचेल मार्श | 8 | 6 |
| ट्रैविस हेड | 8 | 6 |
| डेमियन मार्टिन | 7 | 5 |
| डेविड वॉर्नर | 6 | 5 |

**ऑस्ट्रेलिया की पहले टी20 मैच में 17 रन से जीत :** तीन मैचों की टी20 सीरीज के पहले मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की टीम ने टिम डेविड की 83 रनों की दमदार पारी के दम पर 178 रन बनाए और दक्षिण अफ्रीका के सामने 179 रनों का लक्ष्य रखा. जवाब में एडेन मार्करम की अगुआई वाली दक्षिण अफ्रीका की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर सिर्फ 161 रन बना पाई.

# सूर्या पूरी तरह ठीक नहीं हुए हार्दिक को भी फिटनेस चाहिए

एजेंसियां। नयी दिल्ली





यूएई की मेजबानी में एशिया कप का आयोजन अगले महीने होना है. जल्द ही इस टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम की घोषणा भी सकती है. उससे पहले टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को फिटनेस टेस्ट देना होगा. हार्दिक पंड्या आखिरी बार आईपीएल 2025 में खेलते हुए नजर आए थे. वह दो महीने से ज्यादा समय से क्रिकेट के मैदान से दूर हैं. 12 अगस्त को बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट एकेडमी में फिटनेस टेस्ट देंगे.

हार्दिक शुरू कर चुके ट्रेनिंग

हार्दिक पांड्या पिछले कुछ समय से टीम इंडिया के लिए बहुत महत्वपूर्ण खिलाड़ी रहे हैं. वह 2024 के टी20 वर्ल्ड कप और 2025 के चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की सफलता में एक अहम हिस्सा थे. एशिया कप से पहले फिटनेस टेस्ट से पता चलेगा कि वह टूर्नामेंट के लिए पूरी तरह तैयार हैं या नहीं. टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक हार्दिक पांड्या मिड जुलाई मुंबई में ट्रेनिंग कर रहे हैं. उनकी फिटनेस टीम इंडिया के लिए बहुत जरूरी है क्योंकि टीम को एशिया कप जीतने के लिए उनकी ऑलराउंड क्षमता पर भरोसा है. हार्दिक पांड्या से पहले मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने 27 से 29 जुलाई के बीच अपना फिटनेस टेस्ट पास कर लिया था. श्रेयस ने आईपीएल 2025 में पंजाब किंग्स को फाइनल तक पहुंचाया था. श्रेयस दिसंबर 2023 से टी20 इंटरनेशनल नहीं खेले हैं। कहा जा रहा है कि उनकी टीम में वापसी हो सकती है.

**हार्दिक पंड्या पास होंगे या फेल :** भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या के लिए अगले 48 घंटे बेहद अहम हैं. उनका फिटनेस टेस्ट 11 और 12 अगस्त को एनसीए, बेंगलुरु में होने वाला है. हार्दिक वहां पहले ही पहुंच चुके हैं और सोशल मीडिया के जरिए फैंस को इसकी जानकारी भी दी थी. अब देखना ये है कि वो फिटनेस टेस्ट में पास होते हैं या नहीं.

श्रेयस अय्यर पहले ही दे चुके हैं टेस्ट

टीम इंडिया के मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज श्रेयस अय्यर के फैंस के लिए राहत की खबर है. उन्होंने अपना फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है, जो 27 से 29 जुलाई के बीच हुआ था. आखिरी बार उन्होंने 2023 में टी20 इंटरनेशनल खेला था, लेकिन आईपीएल और घरेलू क्रिकेट में उनके शानदार प्रदर्शन ने एशिया कप टीम में उनकी वापसी की उम्मीदें बढ़ा दी हैं.

**सूर्यकुमार यादव अभी भी रिकवरी मोड में :** टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव की स्थिति थोड़ी अलग है. वह अभी पूरी तरह फिट नही हैं और उन्हें पूरी तरह रिकवर होने में एक हफ्ता और लग सकता है. फिलहाल वह एनसीए में मेडिकल स्टाफ और फिजियो की निगरानी में हैं. जून की शुरुआत में उनका हार्निया का ऑपरेशन हुआ था, जिसके बाद से वह रिहैब में हैं.


### एशिया कप का शेड्यूल

एशिया कप 2025 की शुरुआत 9 सितंबर से यूएई में होगी, जो 21 दिन तक चलेगा. टीम इंडिया के आधिकारिक स्क्वॉड का ऐलान भी फिटनेस टेस्ट रिपोर्ट आने के बाद तुरंत किया जा सकता है. फिलहाल फैंस की धड़कनें इन फिटनेस टेस्ट के रिजल्ट पर टिकी हुई हैं.

### धौनी ने आईपीएल 2026 खेलने पर फैंस को किया निराश, कहा

# घुटने में जो दर्द होता है उसका ध्यान कौन रखेगा

एजेंसियां। मुंबई



चेन्नई सुपर किंग्स को अपनी कप्तानी में 5 बार चैंपियन बना चुके एमएस धौनी अपने आईपीएल करियर के अंतिम पड़ाव पर हैं. अपनी उम्र (44) और फिटनेस के चलते वह अब अधिक लंबे समय तक नहीं खेल पाएंगे.

उन्होंने 2 बार टीम की कप्तानी भी छोड़ी, लेकिन फिर कमान संभालनी पड़ी. अब एक इवेंट में धौनी से आईपीएल के अगले सीजन में खेलने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वह दिसंबर में फैसला लेंगे. इस पर उनसे खेलने का आग्रह किया गया तो धौनी ने जो जवाब दिया, वो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. माही और चेन्नई सुपर किंग्स के फैंस चाहते हैं कि धौनी आईपीएल 2026 में खेलें. दिसंबर में एक मिनी आईपीएल ऑक्शन होगा, इसमें सीएसके टीम कई बदलाव कर सकती है. टीम पिछले सीजन सबसे नीचे पायदान पर रही थी. हाल ही में एक इवेंट में धौनी से आईपीएल 2026 में खेलने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, मैं नहीं जानता कि खेलूंगा या नहीं, मेरे पास अभी इसका फैसला करने के लिए समय है. दिसंबर तक का समय है मेरे पास, मैं कुछ महीनों बाद अपना अंतिम फैसला कर सकता हूं.

**आईपीएल 2026 में खेलने का आग्रह किया तो माही ने दिया ये जवाब :** एक फैन ने एमएस धौनी से खेलने का आग्रह किया तो उन्होंने कहा, अरे घुटने में जो दर्द होता है, उसका ध्यान कौन रखेगा? धौनी का ये जवाब सुनकर सभी हंसने लगे, ये सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है. एमएस धौनी ने 15 अगस्त 2020 को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था, इसके बाद से ही कयास लगाए जाने लगे कि वह आईपीएल से भी जल्द रिटायर हो जाएंगे लेकिन अंतर्राष्ट्रीय रिटायरमेंट के बाद वह 6 आईपीएल सीजन खेल चुके हैं. एमएस धौनी ने आईपीएल में 248 मैच चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेले हैं और 2 सीजन में राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स के लिए 30 मैच खेले हैं. कुल 278 मैचों में उन्होंने 5439 रन बनाए हैं, जिसमें 24 अर्धशतकीय पारियां शामिल हैं.

# क्या सिराज पर बहुत ज्यादा निर्भर है भारत? उनके अच्छे प्रदर्शन से मिलती है जीत, फेल हुए तो होता है नुकसान

एजेंसियां। नयी दिल्ली



भारतीय टेस्ट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज पर हाल के वर्षों में गेंदबाजी आक्रमण का बड़ा दारोमदार रहा है. आंकड़े इस बात को साफ तौर पर दिखाते हैं कि जब सिराज ने अच्छा प्रदर्शन किया है, टीम इंडिया को जीत मिली है, लेकिन जब उनका असर फीका रहा, नतीजे अक्सर निराशाजनक रहे.

**जीते हुए टेस्ट में सिराज का जबरदस्त योगदान :** सिराज ने अब तक 41 टेस्ट खेले हैं, जिनमें 22 मुकाबले भारत ने जीते, 14 हारे और 5 ड्रॉ रहे. जीत वाले मैचों में सिराज ने 76 विकेट अपने नाम किए हैं, वह भी सिर्फ 22.3 की औसत से, जो किसी भी तेज गेंदबाज के लिए शानदार आंकड़ा है. इन जीतों में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन छह विकेट पर 15 रन रहा है और चार बार उन्होंने पारी में पांच विकेट झटके हैं.इसके उलट, हार वाले मैचों में उनका औसत 46.2 तक पहुंच जाता है और 14 टेस्ट में उन्हें सिर्फ 32 विकेट मिलते हैं. इस दौरान उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4/66 रहा है और कोई भी पांच विकेट का कारनामा नहीं आया. ड्रॉ हुए मैचों में भी उनका औसत (43.1) जीत की तुलना में काफी ऊंचा है, हालांकि यहां उन्होंने 5/60 का बेस्ट दिया है और एक बार पारी में पांच विकेट लिए हैं.

**इंग्लैंड दौरे पर सिराज ने 23 विकेट लिए और चमके :** इंग्लैंड के खिलाफ हालिया सीरीज ने भी यह पैटर्न दोहराया. इंग्लैंड दौरे पर सिराज ने कई मौकों पर भारतीय टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई. खासतौर पर एजबेस्टन और ओवल टेस्ट में उनकी गेंदबाजी ने मेजबानों की पारी को जल्दी समेटने में अहम भूमिका निभाई. सीरीज के दौरान उन्होंने कुल मिलाकर 23 विकेट हासिल किए, जो इस बात का सबूत है कि टीम की जीत की संभावनाओं में उनका योगदान कितना अहम है. इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में वह दोनों टीमों में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने. उन्होंने कुल 185.3 ओवर (1113 गेंदें) फेंकी, औसतन 32.43 की दर से विकेट लिए. खास तौर पर ओवल में अंतिम टेस्ट में उनका प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा. उन्होंने उस मैच में नौ विकेट लिए, जिससे भारत ने सिर्फ छह रन से जीत दर्ज करते हुए सीरीज ड्रॉ कर ली. इसी अद्भुत खेल के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया और आईसीसी टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में अब वह 15वें स्थान पर आ गए हैं. विशेषज्ञ मानते हैं कि सिराज की गेंदबाजी में आक्रामकता और नई गेंद से स्विंग कराने की क्षमता भारत के लिए बड़ा हथियार है, लेकिन इसी के साथ यह चिंता भी बढ़ रही है कि टीम कहीं उन पर जरूरत से ज्यादा निर्भर तो नहीं हो गई. जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी जैसे सीनियर गेंदबाजों की गैरमौजूदगी या चोट के कारण बाहर रहने की स्थिति में, सिराज को मुख्य आक्रमण की जिम्मेदारी निभानी पड़ती है.अगर भारत को लगातार सफलता चाहिए, तो गेंदबाजी में संतुलन लाना जरूरी है, ताकि एक खिलाड़ी के ऑफ-डे पर भी टीम का प्रदर्शन प्रभावित न हो.

## बार्सिलोना ने जीती जोआन गैम्पर ट्रॉफी

**बार्सिलोना।** मौजूदा स्पेनिश चैंपियन बार्सिलोना ने रविवार (स्थानीय समयानुसार) इटली की टीम कोमो को 5-0 से मात देकर अपने प्री-सीज़न की तैयारी पूरी की और जोआन गैम्पर ट्रॉफी अपने नाम की. इस मैच ने गोलकीपर मार्क-आंद्रे टेर स्टेगन और क्लब के बीच रिश्तों में आई तल्खी को भी कम करने का संकेत दिया. मैच में फ़रमिन लोपेज़ और लामिन यामाल ने दो-दो गोल दागे, जबकि ब्राज़ीली राफिन्हा ने पहला गोल किया. यह मुकाबला जोहान क्रूइफ़ स्टेडियम में खेला गया, क्योंकि कैम्प नोउ के आधुनिकीकरण का काम अभी जारी है. मैच से पहले टेर स्टेगन ने पारंपरिक कप्तानी संबोधन किया. हाल ही में उनकी पीठ की चोट को लेकर क्लब से विवाद सामने आया था, लेकिन 33 वर्षीय जर्मन गोलकीपर ने कहा, “क्लब और मेरे बीच मुद्दा सुलझाना ज़रूरी था, अब आगे देखने का समय है.

# रोनाल्डो के दो गोल बेकार, प्री-सीजन फ्रेंडली में अलमेरिया ने अल नास्र को 3-2 से हराया

एजेंसियां। नयी दिल्ली



क्रिस्टियानो रोनाल्डो के शानदार दो गोल भी अल नास्र को हार से नहीं बचा सके. सऊदी प्रो लीग क्लब अल नास्र को रविवार को ला लीगा 2 की टीम यूडी अलमेरिया के खिलाफ प्री-सीजन फ्रेंडली मुकाबले में 2-3 से शिकस्त झेलनी पड़ी.

मैच की शुरुआत में ही 6वें मिनट में सर्जियो अरीबास ने लियो बैप्टिस्टाओ के पास पर गोल कर अलमेरिया को बढ़त दिला दी. हालांकि, 11वें मिनट में आयमन यह्या और सादियो माने के बेहतरीन वन-टच पासिंग मूव पर रोनाल्डो ने पेनल्टी बॉक्स के भीतर से गोल दागकर स्कोर बराबर कर दिया.पहले हाफ में ही रोनाल्डो ने अपना दूसरा गोल भी किया. गोलकीपर अल्वारो फर्नांडीज द्वारा बॉक्स में फाउल करने पर मिली पेनल्टी को उन्होंने आसानी से गोल में बदल दिया. इस तरह रोनाल्डो ने दो मैचों में कुल पांच गोल पूरे किए. लेकिन अल नास्र के गोलकीपर नवाफ अल-अकीदी की एक बड़ी गलती ने टीम को मुश्किल में डाल दिया. बॉक्स से बाहर निकलकर पास काटने के प्रयास में उन्होंने गेंद सीधे एड्रियन एम्बार्बा को दे दी, जिसने खाली गोल में गेंद डालकर स्कोर बराबर कर दिया. दूसरे हाफ में रोनाल्डो को सब्स्टीट्यूट करने के बाद अल नास्र का आक्रमण कमजोर पड़ गया. अलमेरिया के एम्बार्बा ने अरीबास के पास पर शानदार शॉट लगाकर टीम को निर्णायक बढ़त दिलाई. मैच के अंतिम मिनटों में जोआओ फेलिक्स को बराबरी का मौका मिला, लेकिन वह दाईं ओर से आए लो क्रॉस पर अंतिम टच नहीं दे सके और अल नास्र को हार का सामना करना पड़ा

### दिल्ली प्रीमियर लीग | दिल्ली टीम के लिए खेलनेवाले सार्थक का बल्ला जमकर बोल रहा है

# सांसद पप्पू यादव के बेटे ने डीपीएल में मचाया धमाल

एजेंसियां। नयी दिल्ली





दिल्ली प्रीमियर लीग 2025 का एक्शन जारी है. इस लीग में बिहार के पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव के बेटे सार्थक रंजन भी खेल रहे हैं. वह नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स की टीम का हिस्सा हैं. फ्रेंचाइजी ने उन्हें साढ़े 12 लाख रुपये में खरीदा था. दिल्ली की टीम के लिए खेलने वाले सार्थक का बल्ला लीग में जमकर बोल रहा है. अभी तक उन्होंने तीन मुकाबले खेले हैं और सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में चौथे नंबर पर हैं.

**तीन मैचों में सार्थक की तीन फिफ्टी :** सार्थक रंजन ने अभी तक सभी तीन मैचों में फिफ्टी ठोकी है. टीम के पहले मैच में उन्होंने 60 गेंदों पर 82 रनों की पारी खेली थी. सेंट्रल दिल्ली किंग्स के खिलाफ उन्होंने 8 चौके और 2 छक्के मारे थे. फिर आउटर दिल्ली वॉरियर्स के खिलाफ मुश्किल विकेट पर 50 गेंद पर 77 रन बनाए. उस मुकाबले में और कोई बल्लेबाज 40 का आंकड़ा पार नहीं कर पाया था. पुरानी दिल्ली 6 के खिलाफ हुए मैच में सार्थक ने 33 गेंद पर 51 रन बनाए. तीन मैचों में सलामी बल्लेबाज सार्थक अभी तक 210 रन बना चुके हैं. उनका औसत 70 और स्ट्राइक रेट 147 का है. उनके बल्ले से 22 चौकों के साथ ही 9 छक्के निकले हैं. आउटर दिल्ली वॉरियर्स के खिलाफ मुकाबले में उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड भी दिया गया था.

**सार्थक रंजन का करियर :** 28 साल के सार्थक रंजन की बात करें तो उन्होंने अभी तक दिल्ली के लिए दो फर्स्ट क्लास मैच के साथ 4 लिस्ट एक मैच और 5 टी20 मैच खेले हैं. 2016 में दिल्ली के लिए उनका डेब्यू हुआ था. 2018 के बाद सीधे 2024 में खेलने का मौका मिला. उनके नाम फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 28, लिस्ट ए में 105 और टी20 में 66 रन हैं. 2018 में जब सार्थक को दिल्ली की टी20 टीम में जगह मिली थी, तो काफी विवाद हुआ था. उन्हें बिना मैच खेले टीम में शामिल कर लिया गया था, जबकि अंडर-23 के टॉप स्कोरर हितेन दलाल को रिजर्व में बैठा दिया गया था.

### जसप्रीत बुमराह पर संदीप पाटिल का बड़ा हमला, कहा-

# हम चोट लगने के बाद भी खेलते थे

एजेंसियां। मुंबई



भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत इंग्लैंड दौरे पर सिर्फ 3 टेस्ट खेल पाए थे, वह एजबेस्टन और द ओवल में नहीं खेले थे. हालांकि भारत ने इन्ही 2 मैचों में जीत दर्ज की थी, जिसमें बुमराह नहीं खेल पाए थे. टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर और चयन समिति के पूर्व अध्यक्ष रह चुके संदीप पाटिल ने वर्कलोड निति को लेकर बीसीसीआई पर निशाना साधा है.1983 वर्ल्ड कप विजेता टीम का हिस्सा रहे संदीप पाटिल ने कहा कि जब वह खेलते थे और बीसीसीआई के सिलेक्टर रहने के दौरान इसके बारे में कभी विचार नहीं किया गया होगा. बुमराह के प्रति भी भी नाराजगी नजर आई. इंग्लैंड दौरे से पहले बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में जसप्रीत बुमराह ने सभी मैच खेले थे, लेकिन 5वें टेस्ट में चोटिल हो गए थे. कुछ लोगों का मानना था कि बुमराह पर ज्यादा वर्कलोड है. संदीप पाटिल के अनुसार बड़ी सीरीज में टीम के मुख्य प्लेयर्स को आराम देना सही नहीं है.

**संदीप पाटिल ने क्या कहा :** मिड-डे से बात करते हुए संदीप पाटिल ने कहा, हैरानी ये हैं कि बीसीसीआई इन चीजों के लिए सहमत कैसे हो रहा है. कोच या कप्तान से ज्यादा एक फिजियो महत्वपूर्ण है. सिलेक्टर्स का क्या? अब हम ये उम्मीद करें कि फिजियो चयन समिति बैठक में हिस्सा लेगा? क्या वही फैसला करेगा. उन्होंने आगे कहा, देश के लिए जब आप चुने जाते हो तो आप अपने वतन के लिए मर मिटते हो, आप एक योद्धा की तरह होते हो. मैंने सुनील गावस्कर को पांचों दिन बैटिंग करते देखा, कपिल देव को टेस्ट मैच के अधिकतर दिन गेंदबाजी करते देखा. कपिल नेट्स पर भी काफी गेंदबाजी करते थे, उन्होंने कभी ब्रेक की मांग नहीं की और न ही शिकायत की. 16 साल से ज्यादा उनका करियर चला. 1981 में ऑस्ट्रेलिया में मेरे सिर पर चोट लगी थी, इसके बाद मई टेस्ट मैच में खेलने उतरा था. पाटिल ने कहा, ₹हमारे जमाने में कोई रिहैब प्रोग्राम नहीं होता था, हम चोट लगने के बावजूद भी खेलते थे.

## ब्रीफ न्यूज

### रेलवे लाइन निर्माण का ग्रामीणों ने किया विरोध

**चतरा।** टंडवा प्रखंड अंतर्गत काढमदिरी गांव में प्रस्तावित रेलवे लाइन निर्माण के लिए आयोजित ग्रामसभा में ग्रामीणों ने जोरदार विरोध दर्ज कराया. शिवपुर-कठौतिया मेन लाइन से उरदा-धनगड़ा को जोड़ने वाली इस प्रस्तावित रेलवे परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण को लेकर काढमदिरी गांव में 14.460 हेक्टेयर जमीन चिन्हित की गई है. ग्रामसभा में पहुंचे अधिकारियों को ग्रामीणों ने बगैर कोई चर्चा किए वापस भेज दिया. स्थानीय रैयत दिलीप पांडेय ने बताया कि भूमि अधिग्रहण में कई विसंगतियां हैं जिन्हें दूर किए बिना जबरन प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है.

### खाद की मनमानी बिक्री पर माले ने जताया विरोध

**जयनगर (कोडरमा)।** कोडरमा जिले में डीएपी और यूरिया खाद की मनमानी दरों पर बिक्री को लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) ने कड़ा विरोध जताया है. पार्टी के जिला सचिव राजेंद्र मेहता और जिला कमिटी सदस्य मुन्ना यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि वर्तमान समय में किसानों को डीएपी और यूरिया की सख्त जरूरत है, लेकिन जिले के कई दुकानदार इन खादों को सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य से कहीं अधिक कीमत पर बेच रहे हैं. भाकपा माले ने आरोप लगाया कि डीएपी खाद 1,600 से 1,700 रुपये तथा यूरिया 400 रुपये प्रति बोरी बेची जा रही है, जबकि इनकी सरकारी दर इससे काफी कम है.

### 91 किलो डोडा के साथ तस्कर हुआ गिरफ्तार

**चौपारण (हजारीबाग)।** पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ डोडा की भारी खेप के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है. सोमवार सुबह पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली कि चतरा की ओर से आ रही एक सफेद स्विफ्ट डिज़ायर में भारी मात्रा में डोडा लदा हुआ है. सूचना के आधार पर एसडीपीओ बरही अजीत कुमार विमल के नेतृत्व में चौपारण थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी, सअनि बादल कुमार महतो और सशस्त्र बल के जवानों ने चतरा मोड़ के पास नाकेबंदी की. पुलिस को देखकर वाहन चालक भागने लगा, जिसे पीछा कर सियरकोनी स्थित जयराम होटल के पास पकड़ा गया. गिरफ्तार आरोपी की पहचान गोविन्द राणा (36 वर्ष), निवासी एदला, थाना सिमरिया, चतरा के रूप में हुई.

### फाइलेरिया मुक्ति अभियान का शुभारंभ

**चतरा।** सदर अस्पताल के सभागार में रविवार को फाइलेरिया मुक्ति अभियान की शुरुआत समारोहपूर्वक की गई. मुख्य अतिथि सदर विधायक जनार्दन पासवान ने कृमि नाशक दवा खाकर अभियान का उद्घाटन किया. मौके पर सिविल सर्जन डा. जगदीश प्रसाद, उपाधीक्षक डा. पंकज कुमार समेत कई अधिकारी उपस्थित थे. विधायक ने स्वास्थ्यकर्मियों को घर-घर जाकर दवा सेवन कराने के निर्देश दिए और आमजन से दवा का सेवन स्वास्थ्यकर्मी की उपस्थिति में करने की अपील की. सिविल सर्जन ने बताया कि अभियान में स्वास्थ्य विभाग, आंगनबाड़ी, आशा कार्यकर्ता, पंचायत प्रतिनिधि और स्वयंसेवी संस्थाएं मिलकर काम करेंगी. दवा में अल्बेंडाजोल, डीईसी और आइवरमेक्टिन शामिल हैं.

### शिक्षा व्यवस्था की बदहाली के विरोध में अभियान शुरू, 1 लाख छात्रों से हस्ताक्षर कराने का लक्ष्य

# 19 सितंबर को रांची में छात्रों का विशाल प्रदर्शन

**शुभम संदेश। हजारीबाग**



झारखंड की बिगड़ती शिक्षा व्यवस्था के खिलाफ ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट ऑर्गनाइजेशन (एआईडीएसओ) की राज्य इकाई ने एक बड़ा कदम उठाया है. शनिवार को संगठन ने ऑनलाइन माध्यम से एक विशाल हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की, जो 11 अगस्त से 19 सितंबर तक चलेगा. इस अभियान का उद्देश्य राज्य की शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के समक्ष लाखों छात्रों की आवाज को पहुंचाना है. एआईडीएसओ के प्रदेश अध्यक्ष समर महतो ने बताया कि यह हस्ताक्षर अभियान क्रांतिकारी शहीद खुदीराम बोस की शहादत दिवस से शुरू होकर 19 सितंबर तक पूरे झारखंड में चलाया जाएगा. इस दौरान एक लाख से अधिक छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों के हस्ताक्षर जुटाए जाएंगे. 19 सितंबर को राजधानी रांची में एक विशाल छात्र प्रदर्शन का आयोजन कर इन हस्ताक्षरों को मुख्यमंत्री को सौंपा जाएगा. संगठन के जिला अध्यक्ष जीवन यादव ने कहा कि झारखंड में शिक्षा और रोजगार के अवसर नगण्य होते जा रहे हैं. पिछले नौ वर्षों से झारखंड शिक्षण पात्रता परीक्षा (जेटेट) का आयोजन नहीं हुआ है. विश्वविद्यालयों में पाठ्यक्रम सत्र वर्षों से विलंबित हैं और स्कूल-कॉलेजों में शिक्षकों की भारी कमी है. इसके साथ ही छात्रवृत्ति वितरण में भी सरकार की उदासीनता सामने आई है.

छात्र संगठन की मांग है कि झारखंड में बंद किए गए सभी सरकारी स्कूलों को पुनः खोला जाए. स्कूलों और महाविद्यालयों में पर्याप्त शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की नियुक्ति हो. पूर्व की भांति महाविद्यालयों में इंटरमीडिएट की पढ़ाई को बहाल किया जाए. विश्वविद्यालयों में सत्र अनियमितता को समाप्त किया जाए. झारखंड पात्रता परीक्षा और शिक्षण पात्रता परीक्षा का शीघ्र आयोजन हो. वहीं छात्राओं और महिलाओं की सुरक्षा की गारंटी सुनिश्चित की जाए. राज्य के बजट का 30% शिक्षा पर खर्च किया जाए और नई शिक्षा नीति 2020 को रद्द किया जाए. इसके साथ ही सभी छात्रों को समय पर नियमित छात्रवृत्ति दी जाए. इस अभियान की शुरुआत के मौके पर प्रदेश सचिव सोहन महतो, सचिवमंडल सदस्य प्रदीप कुमार यादव, जूलियस और शुभम कुमार झा भी उपस्थित थे. संगठन ने राज्य के सभी छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों से इस जन अभियान में भाग लेने की अपील की है, ताकि झारखंड की शिक्षा व्यवस्था को फिर से सशक्त बनाया जा सके.

### 11वें साल जयनगर में होगा भव्य गणपति महोत्सव

# अक्षरधाम मंदिर का 60 फीट ऊंचा प्रारूप बनेगा

**अर्चित सेठ। जयनगर (कोडरमा)**



प्रखंड क्षेत्र में आस्था और भक्ति का सबसे बड़ा उत्सव गणेश महोत्सव इस वर्ष अपनी 11वीं वर्षगांठ पर नए और भव्य स्वरूप में मनाया जाएगा. जयनगर दुर्गा मंदिर परिसर में 27 अगस्त से 31 अगस्त तक चलने वाले इस महोत्सव के लिए गणेश पूजा समिति ने खास तैयारी की है. इस बार गणपति बप्पा के स्वागत के लिए दिल्ली के प्रसिद्ध अक्षरधाम मंदिर के स्वरूप में 60 फीट ऊंचा पंडाल तैयार किया जाएगा, जो श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र बनेगा. गणेश पूजा समिति, जो तूफान क्लब पुस्तकालय के तहत पिछले 11 वर्षों से धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यम से भक्ति और एकता का संदेश देती आ रही है, ने इस बार की तैयारियों को भव्यता और आधुनिकता से सजाया है. समिति के अध्यक्ष सुनील सिंह, महासचिव एवं लोकप्रिय गायक सरोज सोनी, कोषाध्यक्ष सूरज सोनी सहित सभी सक्रिय सदस्य पूजा के सफल आयोजन में जुटे हैं. उनके साथ सूरज सिंह, राजा सिंह, धर्मेंद्र सिंह, पप्पू राम, राजेश सिंह, मनीष सिंह, बबलू सिंह, बिट्टू सोनी, राजन गुप्ता, रोहित सोनी जैसे सदस्यों ने भी महोत्सव की पूरी तैयारी में हाथ बंटाया है.

पूजा-अनुष्ठान वैष्णवी आश्रम, गोहाल के आचार्य बसंत शास्त्री जी और वैदिक मिथिला कुंज आश्रम के उपाचार्य पंडित विष्णु कांत पांडे जी द्वारा वैदिक विधि-विधान से संपन्न किए जाएंगे. इस महोत्सव की शुरुआत 11 साल पहले सरोज सोनी ने की थी, जो उस समय एक साधारण आयोजन था, लेकिन अब यह न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बन चुका है, बल्कि सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए भी एक प्रमुख मंच बन गया है. इस वर्ष के आयोजन में धार्मिक अनुष्ठान, भंडारा, सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रवचन शामिल होंगे, जिनमें श्रद्धालुओं को भक्ति और ज्ञान दोनों का अनुभव मिलेगा. समिति ने सुरक्षा व्यवस्था और ध्वनि प्रबंध पर विशेष ध्यान दिया है ताकि भक्तजन निश्चिंत होकर पूजा-अर्चना कर सकें. पंडाल की सजावट में अत्याधुनिक लाइटिंग और कलात्मक डिजाइन का प्रयोग किया जाएगा ताकि श्रद्धालुओं को अक्षरधाम मंदिर जैसा दिव्य अनुभव प्राप्त हो सके. जयनगर में इस गणेश महोत्सव का आयोजन स्थानीय लोगों के लिए सामाजिक समरसता और धार्मिक भावना का प्रतीक बन चुका है. 11वें वर्ष में भव्यता के साथ मनाए जाने वाले इस उत्सव के माध्यम से क्षेत्र की सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर को नयी ऊंचाइयां मिलेंगी. भक्तजन उत्साह से इस आयोजन का इंतजार कर रहे हैं, जहां गणपति बप्पा की विशेष पूजा और विविध कार्यक्रमों का आनंद लिया जाएगा. इस भव्य आयोजन से न केवल जयनगर बल्कि कोडरमा प्रखंड के आस-पास के इलाकों में भी उत्सव की रौनक बढ़ेगी और सभी को एक साथ जुड़ने का अवसर मिलेगा.

# कोडरमा : मलेरिया-डेंगू रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

**शुभम संदेश। कोडरमा**


जिले में मलेरिया व डेंगू जैसे वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम और नियंत्रण को लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क है. विगत सात माह में मलेरिया विभाग द्वारा 72,441 मरीजों के रक्त पट्ट की जांच की गई, जिनमें से केवल 23 मरीज मलेरिया संक्रमित पाए गए, जिनका उपचार किया जा चुका है. 2024 की तुलना में इस वर्ष मरीजों की संख्या में गिरावट दर्ज की गई है. जुलाई माह में 7,540 मरीजों की जांच के बाद केवल 4 मलेरिया संक्रमित पाए गए. मानसून में बदलाव को देखते हुए जिले में डेंगू सर्विलांस को तेज कर दिया गया है. अब तक 1,193 घरों की जांच में 96 घरों में डेंगू के लार्वा मिले, जबकि 9,910 जलपात्रों की जांच में 104 जलपात्रों में लार्वा पाए गए, जिन्हें नष्ट कर दिया गया. डेंगू के 72 संदिग्ध मरीजों की जांच के बाद सभी रिपोर्ट निगेटिव आई हैं.

जिला वेक्टर जनित रोग पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार के निर्देश पर कोडरमा नगर परिषद एवं नगर पंचायत क्षेत्रों में फॉगिंग और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है. आने वाले दिनों में सभी प्रखंडों में आईआरएस (इनडोर रेसिडुअल स्प्रे) कार्यक्रम चलाया जाएगा, जिसमें डेल्टामेथ्रिन कीटनाशक का प्रयोग किया जाएगा. फाइलेरिया नियंत्रण के लिए एमडीए-आईडीए कार्यक्रम के तहत डेक, एल्बेंडाजोल और इवरमेक्टिन की मुफ्त दवाएं दी जाती हैं. जिले में अब तक 994 लिंफोडेमा मरीज चिन्हित किए जा चुके हैं. मलेरिया, डेंगू और फाइलेरिया से बचाव के लिए मच्छरदानी का उपयोग, शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनना, जलजमाव से बचना और कीट विकर्षक का प्रयोग जरूरी बताया गया है. मलेरिया जांच की सुविधा पूरी तरह मुफ्त है, इसलिए बुखार जैसे लक्षण दिखने पर तुरंत स्वास्थ्य केंद्र जाकर जांच कराने की अपील की गई है.

### पिपचो में दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन को दी श्रद्धांजलि

**जयनगर (कोडरमा)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की ओर से सोमवार को पिपचो में पार्टी के संस्थापक और झारखंड आंदोलन के पुरोधा दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का नेतृत्व झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अशोक सिंह ने किया. इस अवसर पर अशोक सिंह सहित अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गुरुजी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की. अशोक सिंह ने कहा कि गुरुजी ने आदिवासी, मूलवासी एवं वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए अपना समर्पित जीवन दिया. वे झारखंड की आत्मा थे और उनका निधन सभी के लिए अपूरणीय क्षति है.

# दनुआ घाटी में पलटा पेट्रोल टैंकर पुलिस की मुस्तैदी से टला हादसा



**शुभम संदेश। चौपारण (हजारीबाग)**

प्रखंड के दनुआ घाटी में रविवार देर रात एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया. पेट्रोल से भरा एक टैंकर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया. टैंकर चालक घायल हो गया, जिसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया. घटना की सूचना मिलते ही चौपारण थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे. पेट्रोल जैसी ज्वलनशील सामग्री के रिसाव को देखते हुए घटनास्थल को चारों ओर से घेर लिया गया और लोगों को पास जाने से रोका गया. दमकल की गाड़ी को तुरंत बुलाया गया. दमकल कर्मियों ने आगजनी की किसी भी संभावना से निपटने के लिए पूरी तैयारी कर ली, वहीं पुलिस ने क्षेत्र में कड़ी निगरानी रखी. यातायात को वैकल्पिक मार्ग से संचालित किया गया ताकि जाम की स्थिति न बने.

थाना प्रभारी ने बताया कि टैंकर बिहार की ओर जा रहा था, लेकिन घाटी में संतुलन बिगड़ने के कारण हादसा हुआ. पुलिस और दमकल विभाग की सतर्कता से एक बड़ी दुर्घटना टल गई.

# अधिकारी लंबित राजस्व मामलों के निष्पादन में तेजी लाएं: डीसी

**शुभम संदेश। चतरा**



उपायुक्त कीर्तिश्री की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में राजस्व संबंधी महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में भूमि-अर्जन, परिवहन, राजस्व, खनन, निबंधन, अभिलेख एवं उत्पादन सहित विभिन्न विभागों के कार्यों की गहन समीक्षा की गई. बैठक का मुख्य उद्देश्य लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाना और निर्धारित समय-सीमा में कार्यों को पूरा करना था. उपायुक्त ने विशेष रूप से भूमि हस्तांतरण, भूमि चिन्हांकन, सीए लैंड, एफआरए, एनओसी, एनजीडीआरएस, दाखिल-खारिज, अस्वीकृत आवेदनों, उत्तराधिकार एवं आपसी बंटवारे के आवेदन जैसे जनहित से जुड़े मामलों को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया. उन्होंने परिसमापन पोर्टल पर लंबित मामलों, ई-कोर्ट के माध्यम से राजस्व न्यायालयों में लंबित व निष्पादित मामलों की स्थिति तथा आयोजित राजस्व न्यायालय दिवस की समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को पारदर्शी और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा.

उपायुक्त ने भू-सर्वेक्षण से संबंधित लंबित प्रकरणों, जीएम भूमि की जीआईएस मैपिंग, और जाति, आय, आवासीय तथा ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्रों की स्थिति की भी समीक्षा की. उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आम जनता से जुड़े इन कार्यों में अनावश्यक विलंब न हो, यह सुनिश्चित करें. बैठक में संबंधित अधिकारियों ने अपने विभागों की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और समस्याओं से अवगत कराया. उपायुक्त ने समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए. बैठक में अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी जहूर आलम, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी वैभव कुमार सिंह, जिला खनन पदाधिकारी मनोज टोप्पो सहित सभी अंचलाधिकारी एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे.

**बैठक**

### जलापूर्ति व्यवस्था पर ध्यान देते हुए डीसी ने खराब चापानलों की मरम्मत का दिया निर्देश

# शहरी योजनाओं की प्रगति पर उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक

**शुभम संदेश। कोडरमा**



समाहरणालय सभागार में उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में नगर पंचायत कोडरमा एवं डोमचांच की शहरी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई. बैठक में पूर्व बैठक के निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गई तथा आगामी कार्ययोजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई. उपायुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत आवास निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि आवास योजना का लाभ जरूरतमंदों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुँचना चाहिए. स्ट्रीट लाइटों की गुणवत्ता पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिला स्तरीय समिति द्वारा लाइटों की जांच कर उनकी उपयोगिता सुनिश्चित की जाए. इसके साथ ही शहरी परिवहन व्यवस्था, ऑटो व बस स्टैंड और स्ट्रीट वेंडर के लिए समुचित व्यवस्था बनाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए.

स्वच्छता और जलापूर्ति व्यवस्था पर विशेष ध्यान देते हुए उपायुक्त ने सभी खराब चापानलों की मरम्मत कर उन्हें शीघ्र चालू करने का निर्देश दिया. साथ ही शहरी क्षेत्रों में डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए नियमित फॉगिंग एवं ब्लीचिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा. राजस्व संग्रहण की समीक्षा करते हुए उन्होंने नगर निकायों को डिफॉल्टरों को नोटिस जारी कर वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण और तय समयसीमा में पूरा करने का निर्देश दिया. बैठक में नगर पंचायत प्रशासक शंभू प्रसाद कुशवाहा समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे.

### झुमरीतिलैया नगर परिषद की समीक्षा बैठक

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में नगर परिषद झुमरी तिलैया की शहरी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में पूर्व निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा के साथ आगामी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई. उपायुक्त ने राजस्व संग्रहण में तेजी लाने, स्वच्छता, सौंदर्यीकरण और बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए. फ्लाईओवर निर्माण, विज्ञापन नीति, पार्किंग व्यवस्था, जलापूर्ति मीटर, और गुमो स्थित पार्क के निर्माण में तेजी लाने पर बल दिया गया. दुकानदारों को डस्टबिन लगाने तथा नगर प्रबंधकों को नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए गए. 'ग्रीन तिलैया, क्लीन तिलैया' अभियान के तहत पौधारोपण, सड़क सौंदर्यीकरण, और कचरा प्रबंधन को प्राथमिकता देने को कहा गया. सब्जी बाजार, गांधी मैदान, बस स्टैंड और चौपाटी के विकास हेतु कार्य योजनाएं बनाई गईं.

## एक नजर

### दिशोम गुरु को बंगाली एसोसिएशन ने दी श्रद्धांजलि



**हजारीबाग।** अलग झारखंड राज्य के स्थापक और जननेता दिशोम गुरु शिबू सोरेन को बंगाली एसोसिएशन हजारीबाग ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की. यूनियन क्लब के केशव हॉल में आयोजित एसोसिएशन की वार्षिक आमसभा के दूसरे सत्र में यह निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया कि गुरुजी की पहली प्रतिमा हजारीबाग जिला मुख्यालय में स्थापित की जानी चाहिए. सदस्यों ने तर्क दिया कि गुरुजी का पैतृक गांव नेमरा वर्षों तक हजारीबाग जिला का हिस्सा रहा, जिसे हाल में रामगढ़ में शामिल किया गया है. ऐसे में हजारीबाग को उनका ऐतिहासिक योगदान सम्मानित करने का अवसर मिलना चाहिए. भीषण बारिश के बावजूद लगभग 25 बंगाली संस्थानों और संगठनों के प्रतिनिधियों ने बैठक में भाग लिया. वक्ताओं ने गुरुजी को शोषण और अन्याय के खिलाफ संघर्ष का प्रतीक बताया. बैठक की अध्यक्षता नीलांजन चटर्जी ने की, संचालन आशीष चौधरी ने किया. अध्यक्ष डॉ. सुकल्याण मोइत्रा ने स्वागत भाषण दिया और सचिव सोमनाथ कुनार ने धन्यवाद ज्ञापित किया.

### डोमचांच में बच्चों ने निकाली मनमोहक झांकी



**मरकच्चो (कोडरमा)।** डोमचांच प्रक्षेत्र के शहिदों और वीर स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृति में आयोजित युवा शक्ति की भव्य तिरंगा यात्रा में विवेकानंद आइडियल पब्लिक स्कूल, धरगांव के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. नवादा चौक से शुरू हुई इस तिरंगा यात्रा में स्कूल के बच्चे विवेक वाहिनी टोपी, तिरंगा झंडा और तिरंगा पट्टी पहनकर, ड्रम की थाप पर जोश से नारे लगाते हुए समूह के साथ शामिल हुए, जो उपस्थित जनसमूह का आकर्षण का केंद्र बने. तिरंगा यात्रा चंद्रावती स्मारक उच्च विद्यालय मैदान से आरंभ हुई, जहां विवेकानंद आइडियल पब्लिक स्कूल के बच्चों ने मनमोहक झांकी प्रस्तुत की. झांकी में भारत माता की भूमिका में कुसुम कुमारी (वर्ग सप्तम), झांसी की रानी का रूप में सपना कुमारी, कमांडो के रूप में मनीषा कुमारी, ज्योति कुमारी और शीतल कुमारी ने भाग लिया, जिन्होंने अपनी प्रस्तुति से सभी का दिल जीत लिया.

### विभावि में स्नातक पाठ्यक्रम पर उच्चस्तरीय बैठक शुरू

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय (विभावि) में नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत प्रस्तावित चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम को लेकर तीन दिवसीय उच्च स्तरीय बैठक सोमवार को प्रारंभ हुई. विवेकानंद सभागार के संगोष्ठी कक्ष में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रो. चंद्र भूषण शर्मा ने की, जबकि संचालन नोडल पदाधिकारी डॉ. इंद्रजीत कुमार ने किया. बैठक में देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों से आए 10 विषय विशेषज्ञों ने भाग लिया. इनमें योगसरिता लिमिटेड, नई दिल्ली की निदेशक सरिता शर्मा, दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. नवीन कुमार, इग्नू के डॉ. वेंकटेश्वरलू व प्रो. निराधार दे, तेजपुर विश्वविद्यालय से डॉ. सशापरा चक्रवर्ती व डॉ. मोहम्मद आसिफ, साउथ बिहार सेंट्रल यूनिवर्सिटी के डॉ. तरुण कुमार त्यागी, केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड की डॉ. अपर्णा, कृषि विशेषज्ञ डॉ. ललन शर्मा और योग एसोसिएशन झारखंड के सचिव अमित कुमार शामिल रहे.

### हजारीबाग डेंटल कॉलेज का नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**हजारीबाग।** सिमारिया पंचायत भवन में हजारीबाग डेंटल कॉलेज द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर, 105 मरीजों का हुआ इलाज हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल एवं मिशन हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को सिमारिया पंचायत भवन में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में दंत, सामान्य, नेत्र, शुगर, कोलेस्ट्रॉल और रक्त जांच सहित विभिन्न सेवाएं जरूरतमंदों को मुफ्त प्रदान की गईं. शिविर में कुल 105 लोगों का जांच व उपचार हुआ, जिसमें 45 मरीजों की डेंटल जांच और 60 सामान्य मरीजों का उपचार किया गया. चिकित्सकों ने मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श भी दिए. ग्रामीणों ने इस शिविर की सराहना करते हुए चिकित्सा टीम के प्रति आभार व्यक्त किया.

## पेज तीन का शेष

### रिनपास से रिहा हुए संजीव....

जमानतदार के रूप में संजीव के मामा शिव शंकर सिंह एवं मित्र तुकेश कुमार सिंह जमानतदार बने.

बता दें कि संजीव सिंह 11 अप्रैल 2017 से न्यायिक हिरासत में जेल में हैं, पूर्व मे संजीव सिंह की जमानत अर्जी तीन बार निचली अदालत से व तीन बार उच्च न्यायालय से खारिज हो चुकी थी. अधिवक्ता मो. जावेद ने बताया कि उनकी ओर से यह तर्क दिया गया था कि इस मामले के आरोपित पिंटू सिंह, संजय सिंह, धनजी सिंह, चंदन सिंह और कुर्बान की जमानत सर्वोच्च न्यायालय से एवं रिंकू सिंह तथा डबलू मिश्रा की जमानत उच्च न्यायालय से हो चुकी है.

बीमारियों से ग्रसित हैं संजीव : अधिवक्ता की दलील थी कि संजीव सिंह सात विभिन्न प्रकार की बीमारियों से गसित हैं. अभी तक मामले की सुनवाई पूरी नहीं हो पाई है, यह उनके संवैधानिक अधिकार का उल्लंघन है. वहीं मामले के सूचक अभिषेक सिंह की ओर से अधिवक्ता पीएस सुधीर ने जमानत अर्जी का विरोध करते हुए कहा था कि आवेदक इस मामले के मुख्य अभियुक्त हैं जो पूर्व में विधायक भी रह चुके हैं. इन्हें जमानत मिलने पर यह गवाहों को धमका सकते हैं, उन्हें प्रभावित कर सकते हैं. जिस पर अदालत ने कहा था कि चुकी इस मामले में सभी गवाहों की गवाही हो चुकी है, इसलिए उसे किसी भी से तरह प्रभावित करने का कोई प्रश्न नहीं उठता . संजीव के विरुद्ध पुलिस ने 28 जून 2017 को आरोपपत्र दायर किया था. तीन जनवरी 19 को अदालत ने संजीव समेत छह के विरुद्ध आरोप का गठन कर दिया था. अभियोजन ने इस मामले में 37 गवाहों की गवाही कराई है. वर्तमान समय में मुकदमे में रोजाना सुनवाई चल रही है, जिसमें बचाव पक्ष की ओर से लगातार बहस की जा रही है. स्टीलगेट में ताबड़तोड़ फायरिंग कर की गई थी. 21 मार्च 2017 की शाम करीब सात बजे नीरज सिंह, अशोक यादव, निजी अंगरक्षक मुन्ना तिवारी एवं ड्राइवर घोल्टू की हत्या अंधाधुंध गोलियां चलाकर स्टील गेट में की गई थी. नीरज के भाई अभिषेक सिंह उर्फ गुड्डू सिंह की शिकायत पर प्राथमिकी सरायढेला थाना में विधायक संजीव सिंह, भाई मनीष सिंह, पिंटू सिंह, गया सिंह, महंत पांडेय के विरुद्ध की गई थी. पुलिस ने संजय सिंह, डबलू मिश्रा, धनजी सिंह, पिन्टू सिंह, संजीव सिंह, अमन सिंह, सोनू उर्फ कुर्बान, सागर उर्फ शिबू, चंदन उर्फ सतीश एवं विनोद कुमार सिंह को इस मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा था. वर्तमान में संजीव सिंह की पत्नी रागिनी सिंह झरिया से विधायक हैं. संजीव के पिता स्व. सूर्यदेव सिंह भी झरिया के विधायक रहे हैं, मां कुंती सिंह भी झरिया से विधायक रही हैं.

### आदित्य राज का बिना इलाज के ही जारी हुआ.....

बिना इलाज के ही आदित्य राज का इंजरी रिपोर्ट अस्पताल द्वारा जारी कर दिया गया है और आदित्य राज उसके बाद अस्पताल से फरार हो गया. बचाव पक्ष ने कुर्बान अली के संबंध में अनुसंधान करता द्वारा किए गए छेड़छाड़ का हवाला देते हुए कहा कि पुलिस का अनुसंधान सोनू नामक व्यक्ति के ऊपर चल रहा था और कुर्बान अली की गिरफ्तारी से पूर्व ही 26 जून 2017 को पुलिस उसके खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया. यह कैसे संभव हो सकता है पुलिस के अनुसार यूपी एसटीएफ ने कुर्बान अली को गिरफ्तार किया परंतु यूपी एसटीएफ से पुलिस ना तो पूछताछ की और कुर्बान अली को इस मामले में कैसे लाया गया, इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई है. कुर्बान अली के पास से जो मोबाइल फोन बरामद किया गया है, उस मोबाइल फोन से किसी से बातचीत नहीं हुई है. ऐसा अनुसंधानकर्ता ने अपनी गवाही में स्वीकार भी किया है. बचाव पक्ष की ओर से आज सभी आरोपियों की ओर से बहस पूरा कर लिया गया, सिर्फ जैनेंद्र कुमार उर्फ पिंटू सिंह की ओर से बहस होनी बाकी है. बताया जाता है कि 13 अगस्त तक अभियोजन पक्ष की ओर से बहस की जाएगी.

## न्यूज अपडेट

### यूपी के श्रावस्ती जिले में सड़क हादसे में पांच लोगों की हुई मौत

**श्रावस्ती ।** उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती जिले में हरदत्त नगर गिरंट थाना क्षेत्र के हरबंसपुर के पास सोमवार को ट्रैक्टर-ट्रॉली और बाइक की भिड़ंत में एक ही परिवार के चार लोगों सहित पांच की मौत हो गई. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है. घटना पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक जताया है. बताया गया कि मंगलपुर गांव का एक युवक बाइक से अपनी बहन और उसके बच्चों को छोड़ने उसकी ससुराल जा रहा था. हरबंसपुर गांव के पास उसकी बाइक को एक ट्रैक्टर ट्रॉली से टकरा गई. जिससे चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक बच्ची ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया.

### सांसदों के लिए 184 नए फ्लैटों का उद्घाटन, आवास की कमी होगी दूर

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यहां के बाबा खड़क सिंह मार्ग पर सांसदों के लिए बनाए गए 184 नए टाइप-7 बहुमंजिला फ्लैटों का उद्घाटन किया. उन्होंने इसे सांसदों के ईज ऑफ लिविंग में सुधार और सरकारी खर्च में कमी की दिशा में अहम कदम बताया. इस परिसर के चार टावर हैं. इसके नाम देश की प्रमुख नदियों कृष्णा, गोदावरी, कोसी और हुगली पर रखे गए हैं. प्रधानमंत्री ने इसके लिए आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि हाल ही में कर्तव्य पथ पर केंद्रीय सचिवालय 'कर्तव्य भवन' का लोकार्पण हुआ था और अब सांसदों के लिए यह नया आवास परिसर तैयार हुआ है. प्रधानमंत्री ने कहा कि टॉवर के नाम नदियों के नाम रखने की परंपरा देश की एकता को मजबूत करती है.

### प्रधानमंत्री ओली से भारत के साथ हवाई संपर्क बढ़ाने की मांग उठाई

**काठमांडू ।** नेपाल के विभिन्न व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री ओली से सोमवार को मुलाकात करके प्रस्तावित भारत भ्रमण के दौरान नए हवाई रूट उपलब्ध कराने का एजेंडा प्राथमिकता में रखने का आग्रह किया है. नेपाल उद्योग वाणिज्य महासंघ, नेपाल चैंबर्स ऑफ कॉमर्स, नेपाल उद्योग परिसंघ के प्रतिनिधियों ने सामूहिक रूप से नेपाल और भारत के बीच हवाई संपर्क को बढ़ाने की मांग की है. इस समय काठमांडू से भारत के नई दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और बेंगलुरु के लिए सीधी उड़ान है. इन संगठनों ने प्रधानमंत्री से भारत भ्रमण के दौरान नेपाल के पोखरा और भैरहवा अंतराष्ट्रीय विमानस्थल से भारत के अलग-अलग शहरों में उड़ान के लिए आग्रह करने की मांग की है.

### शेख हसीना सहित 47 लोगों के खिलाफ दर्ज मामलों में बयान दर्ज

**ढाका ।** बांग्लादेश के तीन अधिकारियों ने राजुक पुर्बाचल न्यू टाउन परियोजना के भूखंडों के आवंटन में धांधली को लेकर अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना सहित 47 लोगों के खिलाफ दायर तीन मामलों में आज अदालत के समक्ष अपने बयान दर्ज कराए. इसके बाद कोर्ट ने तीनों मामलों की सुनवाई 26 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी. ढाका ट्रिब्यून की खबर के अनुसार भ्रष्टाचार निरोधक आयोग (एसीसी) के उप निदेशक सलाहुद्दीन, सहायक निदेशक अफनान जन्नत केया और एसएम रशीदुल हसन के बयान ढाका विशेष न्यायाधीश कोर्ट-5 में दर्ज किए गए. न्यायाधीश मोहम्मद अब्दुल्ला अल मामून ने इसके बाद तीनों मामलों की सुनवाई 26 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी.

### पाक से एक दिन में 300 परिवार व 350 कैदी अफगानिस्तान भेजे गए

**काबुल ।** पाकिस्तान से एक दिन में 300 परिवारों और 350 कैदियों को अफगानिस्तान भेजा गया है. पाकिस्तान से निर्वासित किए गए इन लोगों की पीड़ा यह है कि उनका सारा सामान वहीं छूट गया है. अफगानिस्तान पहुंचे इन लोगों को उनके संबंधित क्षेत्रों में स्थानांतरित किया गया है. अफगानिस्तान के तुलूअ न्यूज के अनुसार, नांगरहार के अधिकारियों का कहना है कि आवश्यक सहायता प्रदान करने के बाद निर्वासित लोगों को उनके गृह क्षेत्रों में स्थानांतरित कर दिया गया है. तोरखम में प्रवासी परिवहन प्रमुख बख्त जमाल गोहर ने कहा, पिछले 24 घंटों में 300 परिवारों को वापस भेजा गया है. इसके अलावा पाकिस्तान ने 350 कैदियों को हमें सौंपा है.

### काबुल में पानी का संकट गहराया राजधानी का जिला 13 अधिक प्रभावित

**काबुल ।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में पानी का संकट गहरा गया है. राजधानी का जिला 13 सबसे अधिक प्रभावित है. यहां सुबह से शाम तक लोग पानी की तलाश में इधर-उधर भटकते हैं. बचे-खुचे जल स्रोतों पर बच्चे-बूढ़े-जवानों की लंबी कतार लगी रहती है. तुलूअ न्यूज के अनुसार जिला 13 के निवासियों के लिए जिंदगी एक चुनौती बन गई है. हर किसी को पीने के पानी की एक घूंट की तलाश में सड़कों पर निकलना पड़ रहा है. सुबह से ही कतारें लग जाती हैं. हर कोई पानी खत्म होने से पहले अपने परिवार के लिए थोड़ा-बहुत पेयजल घर ले जाने की उम्मीद करता है. जिला 13 के निवासी यार मोहम्मद ने कहा, मैं हर रोज पांच बैरल पानी खरीदता हूं. पानी की खपत बहुत अधिक है.



# पीओके के गिलगित में बाढ़ से क्षतिग्रस्त रास्ते पर भूस्खलन
# आठ लोगों की मौत

एजेंसी । इस्लामाबाद

पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगित में बाढ़ से क्षतिग्रस्त दान्योर नाले और रास्ते की मरम्मत के दौरान हुए भूस्खलन में आठ लोगों की मौत हो गई. राहत और बचाव अधिकारियों को आशंका है कि मलबे में और भी मजदूर और स्वयंसेवक फंसे हुए हैं. द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार, एआरवाई न्यूज चैनल और जियो चैनल की खबर के अनुसार, पुलिस ने सोमवार को बताया कि स्वयंसेवक और मजदूर रास्ते की मरम्मत कर रहे थे. तभी पहाड़ी से हुए



भूस्खलन के मलबे में यह लोग दब गए. अस्पताल के सूत्रों ने पुष्टि की है कि सभी मृतक स्थानीय स्वयंसेवक हैं. बचाव अधिकारियों ने बताया कि मलबे में दबे लोगों की तलाश की जा रही है. सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण ग्लेशियरों के तेजी से पिघलने से कई नदियों में जल प्रवाह बढ़ गया है. शीशपर ग्लेशियर में आए पानी के सैलाब से कृषि भूमि को नुकसान पहुंचा है और हुंजा की ओर जाने वाले काराकोरम राजमार्ग का एक हिस्सा बंद हो गया. यातायात को नगर रोड से डायवर्ट किया जा रहा है. इससे पाकिस्तान और चीन के बीच जमीनी संपर्क टूट गया. इस बीच अधिकारियों ने क्षेत्र में और बारिश और भूस्खलन की चेतावनी दी है. मुख्यमंत्री हाजी गुलबर खान ने राजमार्ग को तुरंत बहाल करने का निर्देश दिया है.

## उत्तरकाशी : आपदाग्रस्त इलाकों से अब तक 1278 लोग निकाले गए

# 42 लापता लोगों में सेना के नौ जवान

एजेंसी । उत्तरकाशी

उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में धराली त्रासदी के सातवें दिन आयुक्त गढ़वाल मंडल विनय शंकर पाण्डेय ने बताया कि धराली आपदा के बाद 43 लोग लापता होने की सूचना दर्ज की गई है, जिनमें से एक युवक का शव बरामद हो गया है. शेष 42 लोगों में सेना के नौ, बिहार के 13 और उत्तर प्रदेश के छह व्यक्ति शामिल हैं. रेस्क्यू अभियान में अब तक 1278 लोगों को सुरक्षित निकाला जा चुका है.

सोमवार को यहां आपदा नियंत्रण कक्ष में एक मीडिया ब्रीफिंग में गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडे ने बताया कि आपदाग्रस्त धराली में राहत एवं बचाव अभियान तेजी से चलाया जा रहा है. अभियान में लापता लोगों की खोजबीन का प्रयास भी तेजी से हो रहे हैं. मंडलायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार धराली गांव के आपदा पीड़ितों को तत्कालिक तौर पर पांच लाख रूपये की अनुग्रह राशि का वितरण कार्य शुरू कर दिया गया है. मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप पीड़ितों को राहत एवं पुनर्वास का बेहतर पैकेज तैयार कराया जा रहा है. जिसके लिए सचिव राजस्व की अध्यक्षता में तीन सदस्यों की एक उच्चस्तरीय समिति बनाई गई है. आपदा से हुई क्षति का आकलन और प्रभावितों से वार्ता के लिए समिति के सदस्य आज उत्तरकाशी पहुंचेंगे.

मंडलायुक्त ने बताया कि आपदा प्रभावित क्षेत्र में युद्धस्तर पर रेस्क्यू अभियान चलाकर 1278 लोगों को सुरक्षित निकाला जा चुका है. प्रभावित क्षेत्र में फंसे सभी बाहरी लोगों एवं जरूरतमंद स्थानीय लोगों को वहां से निकाल लिया गया है. मलबे के भीतर दबे लोगों की खोज करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है. जिसके लिए एनडीआरएफ की टीम सहित अलग से एक विशेष अधिकारी मौके पर तैनात है. एसडीआरएफ के आईजी भी मौके पर कैम्प कर रहे हैं.

उन्होंने बताया कि देहरादून से 10 विशेषज्ञ भूवैज्ञानिकों की एक विशेष टीम भी भेजी गई है. राहत एवं बचाव कार्यों तथा सर्च ऑपरेशन को तत्परता से संचालित करने के लिए जिलाधिकारी लगातार प्रभावित क्षेत्र में ही कैम्प कर रहे हैं. प्रभावित लोगों को पर्याप्त मात्रा में खाद्यान्न, कपड़े व दैनिक उपयोग की सामग्री उपलब्ध कराई जा चुकी है. मंडलायुक्त ने बताया कि अभी तक प्राप्त विवरण के अनुसार इस आपदा में 43 लोगों के लापता होने की सूचना मिली थी. जिनमें से धराली गांव के एक युवक आकाश पंवार का शव बरामद हुआ है. मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता दी जा चुकी है. इन लापता 42 लोगों में नौ सेना के कार्मिकों के साथ ही धराली गांव के आठ तथा निकटवर्ती क्षेत्रों के पांच लोग शामिल हैं. टिहरी जिले का एक, बिहार के 13 और उत्तर प्रदेश के छह व्यक्ति भी लापता बताए गए हैं.

उन्होंने बताया कि इनके अतिरिक्त 29 नेपाली मजदूरों के लापता होने की भी सूचना मिली थी, जिनमें से मोबाइल नेटवर्क बहाल होने के बाद पांच व्यक्तियों से संपर्क हो चुका है. शेष 24 मजदूरों के संबंध में उनके ठेकेदारों से अधिक विवरण नहीं मिल पाया है. संबंधित ठेकेदारों को कहा गया है कि इन मजदूरों को जहां से लाया गया है, वहां से उनके मोबाइल नंबर तथा अन्य जानकारी प्राप्त की जाय. ऐसा माना जा रहा है कि अभी तक सकुशल मिले पांच मजदूरों की तरह शेष अन्य मजदूर भी अन्यत्र जा सकते हैं. केदारनाथ आपदा के दौरान भी लापता बताए गए कई लोग प्रभावित क्षेत्र से वापस अपने घर पहुंच चुके थे. अन्य राज्यों के लापता लोगों के घरों का पता जुटाकर भी उनकी खोज-खबर का प्रयास किया जा रहा है. इन लोगों के बारे में अंतिम वस्तुस्थिति एक-दो दिन में साफ होने की उम्मीद है. मीडिया ब्रीफिंग के दौरान पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र राजीव स्वरूप भी उपस्थित रहे.

### बिहार के 13 और उत्तर प्रदेश के छह व्यक्ति शामिल हैं



### डबरानी व सोनगाड क्षेत्र में क्षतिग्रस्त सड़कें बहाल करने के प्रयास तेज

मंडलायुक्त ने बताया कि हर्षिल में भागरथी नदी पर बनी झील से पानी निकासी के लिए सिंचाई विभाग और उत्तराखंड जल विद्युत निगम ने काम शुरू कर दिया गया हैं. डबरानी–सोनगाड क्षेत्र में सड़क मरम्मत के लिए मशीनें पहुंची है. इसके अलावा पैदल मार्ग पर सुरक्षा व सहायता के अनेक इंतजाम किये जा रहे हैं. मंडलायुक्त ने बताया कि आपदा प्रभावित क्षेत्र में सड़क संपर्क बहाल करने का काम तेजी से जारी है. गत रात्रि को लिमच्यागाड में वैली ब्रिज का निर्माण पूरा हो चुका हैं. अब डबरानी और सोनगाड क्षेत्र में क्षतिग्रस्त सड़क बहाल करने का काम चल रहा है. मंगलवार सायं तक इस क्षेत्र में सड़क संपर्क बहाल हो जाने की उम्मीद है. लिमच्यागाड में वैली ब्रिज बनने के बाद भारी मशीनों को डबरानी क्षेत्र में पहुंचा दिया गया है.

### वजीरिस्तान में सैनिकों पर हमला, एक जवान और दो आतंकी मारे गए

एजेंसी । इस्लामाबाद

पाकिस्तान के वजीरिस्तान में सैनिकों की टुकड़ी पर घात लगाकर किए गए हमले में एक जवान की मौत हो गई. इस दौरान सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई में दो आतंकवादी मारे गए. डान अखबार की वेबसाइट में सुरक्षा सूत्रों के हवाले से यह खबर आज सुबह प्रसारित की गई. सुरक्षा सूत्रों के अनुसार, सैनिकों की टुकड़ी उत्तरी वजीरिस्तान के शावल मर्राह इलाके से ऊपरी दक्षिणी वजीरिस्तान के सिरनाराई इलाके में आगे बढ़ रही थी. तभी घात लगाकर बैठे आतंकवादियों ने अचानक गोलियां बरसानी शुरू कर दी. इसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई. इस गोलीबारी में जवान नवीद की मौत हो गई. नायक अमजद, सिपाही अबू बकर, सिपाही सियाम, सिपाही नासिर और सिपाही शौकत घायल हो गए. सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई में दो आतंकवादियों को मार गिराया. पाकिस्तान की सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने अभी तक इस घटना पर कोई बयान जारी नहीं किया है. घायल जवानों को इलाज के लिए रजमाक स्थित एक सैन्य केंद्र में पहुंचाया गया. अधिकारियों के अनुसार, इलाके में सक्रिय आतंकवादियों के खिलाफ अभियान जारी है.

## चेन्नई में बड़े हादसे से बाल-बाल बची एयर इंडिया की फ्लाइट

# कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल थे विमान में

एजेंसी । नई दिल्ली

त्रिवेंद्रम से दिल्ली जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 2455 रविवार शाम को एक



बड़े हादसे से बाल-बाल बची. विमान में कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल, कई सांसद और सैकड़ों यात्री सवार थे. यह जानकारी वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट के माध्यम से दी.

उन्होंने बताया कि फ्लाइट की शुरुआत ही देरी से हुई थी, लेकिन उड़ान भरने के करीब एक घंटे बाद अचानक तेज और अप्रत्याशित झटके (तूफ़ानी हवाओं के कारण) महसूस हुए. इसके बाद विमान के कप्तान ने उड़ान सिग्नल में खराबी की सूचना दी और विमान को चेन्नई की ओर मोड़ दिया. उन्होंने एक पर बताया कि करीब दो घंटे तक विमान




चेन्नई हवाई अड्डे के ऊपर मंडराता रहा और लैंडिंग की अनुमति का इंतजार करता रहा. पहली बार लैंडिंग की कोशिश के दौरान एक बेहद खतरनाक स्थिति पैदा हो गई, जब उसी रनवे पर एक और विमान मौजूद था. कप्तान ने तुरंत निर्णय लेते हुए विमान को फिर से ऊपर उड़ा दिया और सभी की जान बचा ली. दूसरी कोशिश में विमान सुरक्षित उतरा. वेणुगोपाल ने कहा कि इस घटना में सभी यात्री कप्तान के कौशल और किस्मत की वजह से बचे हैं. उन्होंने जोर देकर कहा कि यात्रियों की सुरक्षा कभी भी किस्मत पर निर्भर नहीं होनी चाहिए. कांग्रेस नेता ने नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) और नागरिक उड्डयन मंत्रालय से इस मामले की तत्काल जांच करने, जिम्मेदारी तय करने और भविष्य में ऐसी लापरवाही को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है.

### तेज रफ्तार कार बाइक से टकरा कर घर में घुस गई, पांच लोगों की मौत


**अनूपपुर ।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के रामनगर थाना क्षेत्र में भीषण सड़क हादसा हो गया. यहां एक तेज रफ्तार कार बाइक को टक्कर मारने के बाद एक घर में जाकर पलट गई. इस हादसे में कार सवार चार और बाइक चालक सहित कुल पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुए हैं. सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में भर्ती कराया गया है. सोमवार सुबह करीब 10 बजे रामनगर थाना क्षेत्र के रेऊंदा गांव में कोतमा से बेलिया जा रही तेज रफ्तार में कार (स्कॉर्पियो) ने सामने से आ रहे बाइक सवार को कुचला दिया. हादसा इतना भीषण था कि बाइक चालक का चेहरा पहचानना मुश्किल था. इसके बाद अनियंत्रित कार पलटते हुए एक निर्माणाधीन मकान में जा घुसी. कार में सवार नौ लोग सवार थे, जिसमें 3 लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई.

## अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चेतावनी

# बेघर लोगों को जल्द से जल्द वाशिंगटन डीसी छोड़ देना चाहिए

एजेंसी । वाशिंगटन

राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप ने कहा कि बेघर लोगों को फौरन वाशिंगटन, डीसी (वाशिंगटन, डिस्ट्रिक्ट ऑफ



कोलंबिया) को छोड़ देना चाहिए. उन्होंने इस मसले पर संघीय पुलिस कार्रवाई का संकेत भी दिया है. ट्रंप ने कहा कि वह आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में 'अपराध और हत्या' की रोकथाम पर अपनी योजना का खुलासा करेंगे. सीबीएस न्यूज के अनुसार राष्ट्रपति ट्रंप ने रविवार को अपने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि बेघर लोगों को वाशिंगटन, डीसी से तुरंत हटाकर दूर बसाया जाना चाहिए. उन्होंने कहा कि राजधानी में अब ऐसे लोगों के खिलाफ संघीय पुलिस आक्रामक कार्रवाई करेगी. उन्होंने वाशिंगटन शहर को संघीय नियंत्रण के दायरे में लाने का सुझाव दिया है. ट्रंप प्रशासन ने पिछले सप्ताह घोषणा की थी कि सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) के एक पूर्व कर्मचारी पर कथित हमले के बाद डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया में संघीय कानून प्रवर्तन की उपस्थिति बढ़ा दी है. उन्होंने कहा कि बेघरों को राजधानी से काफी दूर रहने को जगह दी जाएगी. ट्रंप ने कहा कि अपराधियों को बाहर जाने की जरूरत नहीं है. इन लोगों को जेल भेजा जाएगा. ट्रंप ने रविवार सुबह ट्रुथ सोशल पोस्ट में सड़क किनारे बने शिविरों और कूड़े की तस्वीरों के साथ ऐसी टिप्पणियां की हैं.

**हमला** | कोलंबिया में दो माह पहले जून में चुनावी रैली के दौरान गोली लगने से घायल हो गए थे

# राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार मिगुएल उरीबे टर्बे का निधन

एजेंसी । बोगोटा (कोलंबिया)

कोलंबिया में दो माह पहले जून में चुनाव रैली के दौरान गोली लगने से घायल रूढ़िवादी सीनेटर और राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार मिगुएल उरीबे टर्बे का सोमवार को निधन हो गया. पश्चिमी बोगोटा में सात जून को चुनावी रैली को संबोधित करने के दौरान एक बंदूकधारी ने उन्हें निशाना बनाया था. सीबीएस न्यूज के अनुसार उनकी पत्नी मारिया क्लाउडिया तराजोना ने सोमवार तड़के 39 वर्षीय टर्बे की मृत्यु की पुष्टि की. उन्होंने कहा कि कोलंबिया की राजधानी में एक चुनावी रैली के दौरान सिर और पैर में गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे. उनकी



आपातकालीन सर्जरी हुई और वे अंतिम क्षण तक गहन चिकित्सा कक्ष में भर्ती रहे. मारिया क्लाउडिया तराजोना ने सोमवार तड़के इंस्टाग्राम पर कहा, आप हमेशा मेरे जीवन का प्यार रहेंगे. प्यार से भरी जिंदगी के लिए शुक्रिया. लड़कियों के पिता होने के लिए शुक्रिया. एलेजांद्रो के सबसे अच्छे पिता होने के लिए शुक्रिया. घटनास्थल पर एक संदिग्ध किशोर को गिरफ्तार किया गया था और अधिकारियों ने तब से कई अन्य लोगों को हिरासत में लिया. पिछले महीने पुलिस ने हमले के कथित मास्टरमाइंड एल्डर जोस आर्टेगा हर्नांडेज को गिरफ्तार किया था. गोलीबारी के मकसद की अभी भी जांच की जा रही है. रूढ़िवादी सीनेटर उरीबे ने पिछले साल अक्टूबर में कोलंबिया के 2026 के राष्ट्रपति चुनाव में भाग लेने की घोषणा की थी. अपनी सीनेट सीट से वह राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो के सबसे मुखर आलोचकों में से एक बन गए थे. उन्हें चुनाव रैली में गोली मारने की चौतरफा निंदा हुई. कोलंबिया का अतीत काला है. इससे पहले भी ड्रग कार्टेल और विद्रोही समूह राजनेताओं का अपहरण कर हत्या कर चुके हैं. उरीबे के पिता पत्रकार रहे हैं. 1991 में देश के सबसे हिंसक दौर में उनके पिता की अपहरण कर हत्या कर दी गई थी.

### कुलगाम में 11 वें दिन भी मुठभेड़ जारी, आतंकियों की घेराबंदी सख्त हुई

**कुलगाम ।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम ज़िले के अखल के जंगल में सोमवार को 11वें दिन भी आतंकियों को मार गिराने के लिए सुरक्षाबलों का अभियान जारी है. सुरक्षाबल घेराबंदी को और कड़ा कर रहे हैं, ताकि आतंकी घने जंगल व तेज गोलीबारी कर मौके से भाग न सकें. अधिकारियों ने बताया कि यह घाटी में सबसे लंबे आतंकवाद-रोधी अभियानों में से एक है. अभी तक इस अभियान में दो सेना के जवान बलिदान और 9 जवान घायल हो चुके हैं. जबकि अभियान की शुरूआत में ही दो आतंकवादी मारे गए थे. अधिकारियों ने बताया कि इस जंगली क्षेत्र में तीन स्थानों पर 8 आतंकवादी छिपे हुए हैं जो दिन के समय गोलीबारी करने से बच रहे हैं लेकिन रात को भागने के लिए तेज गोलाबारी कर रहे हैं.

## संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा

# विपक्ष सरकार के आग्रह के बावजूद विधायी कार्यों में बाधा डालता है

एजेंसी । नई दिल्ली

संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने सोमवार को आरोप लगाया कि विपक्ष



संसद चलने नहीं देना चाहता और सरकार के आग्रह के बावजूद महत्वपूर्ण विधायी कार्यों में बाधा डाल रहा है. उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति की नासमझी और एक परिवार के कारण देश का नुकसान नहीं किया जा सकता. इस कारण सरकार हंगामे के बीच महत्वपूर्ण विधेयक पारित कराएगी. संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत में मंत्रालय में अपने सहयोगी मंत्रियों के साथ केन्द्रीय मंत्री ने सरकार की मंशा को रखा.

उन्होंने कहा कि सरकार महत्वपूर्ण विधेयकों पर लंबी एवं सार्थक चर्चा कराना चाहती है. हमने खेल प्रशासन और एंटी डोपिंग जैसे महत्वपूर्ण विधेयकों पर लोकसभा और राज्यसभा में चर्चा के लिए दो-दो दिन का समय तय किया था. इसके बावजूद विपक्ष हंगामा कर रहा है. रिजिजू ने कहा, "एक आदमी की मूर्खता और एक परिवार की वजह से देश इतना नुकसान नहीं झेल सकता. कई विपक्षी सांसदों ने भी आकर कहा कि वे लाचार हैं. उनके नेता उन्हें ज़बरदस्ती हंगामा करने के लिए कहते हैं. हम हर दिन एक मुद्दे पर देश और संसद का समय बर्बाद नहीं होने देंगे.

स्वत्वाधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप कुमार सिंह, क्वार्टर नंबर सी-90, पोस्ट-नावागढ़, थाना-बरोरा, हरिणा कॉलोनी, धनबाद-828306, झारखंड द्वारा फ्लैट नंबर 2ए, सेकेंड फ्लोर, सिंगारो मेनन अपार्टमेंट,चूना भट्ठा, एचबी रोड कोकर, नियर डिस्टिलरी पुल, बिरसा समाधि स्थल) रांची-834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. **संपादक : संजय कुमार सिंह.*** फोन नंबर 0651-2913385, 9142897989 (***पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार**).
आरएनआई नं : JHAHIN/2023/84487, ई-मेलः shubhamsandeshnews@gmail.com धनबाद ब्यूरो : ओजोन सेंटर,थर्ड फ्लोर, कमरा नं-306 अशोकनगर, बैंक मोड़, धनबाद-828106. फोन नं – 9431145133.ई मेल-sandeshsubham23@gmail.com.